फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -196, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

शनि व बृहस्पति के उपग्रहों पर मिल सकता है जीवन 14
देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक 13





# रात में उखाड़े बोर्ड, सुबह थमा दी रेट लिस्ट

## बिरहाना रोड के सुंदरीकरण कराने के नाम पर हो रही वसूली, सभी व्यापारी हुए लामबंद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिरहाना रोड के सौंदर्यीकरण के नाम पर हो रही वसूली के खिलाफ कई व्यापारी संगठन लामबंद हो गये हैं। बिना बताए रात में दुकानों के बोर्ड उखाड़ने और उसके बाद रंगाई-पुताई व नये बोर्ड लगाने के नाम पर थमाई गई रेट लिस्ट को अवैध बताया है। व्यापारियों ने नगर निगम और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि सरकार को बदनाम करने की साजिश हो रही है। जब पैसा सरकार की ओर से दिया गया है तो नगर निगम किस बात के व्यापारियों से पैसे वसूल रहा है। अवैध वसूली पर रोक नहीं लगी तो सड़क पर प्रदर्शन किया जायेगा।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री अतुल द्विवेदी ने कहा कि बिरहाना रोड के सौंदर्यीकरण के नाम पर व्यापारियों का आर्थिक उत्पीड़न हो रहा है। नगर निगम अधिकारियों ने ज्वैलर्स एसोसिएशन के साथ बैठक कर सारी चीजें तय कर लीं और कार्य शुरू कर दिये गये। दूसरे व्यापारी संगठनों को बुलाया तक नहीं। एक प्राइवेट संस्था ने रातों-रात बिना बताये कई प्रतिष्ठानों के बोर्ड उतार दिये, इसके बाद नये बोर्ड और पेंटिंग कराने के नाम पर वसूली शुरू कर दी गई। उन्होंने बताया कि करीब 80 लोगों की सूची नगर निगम ने तैयार की है जिनकी दुकानों के स्पेस और पिलरों के हिसाब से पैसे तय कर दिये। उन्होंने बताया कि जब बिरहाना रोड के विकास के लिये अलग से बजट आवंटित किया गया तो व्यापारियों से किस बात का पैसा लिया जा रहा है।

यह पूरी तरह से अवैध वसूली है। उन्होंने कहा कि यहां पर ज्वैलर्स के साथ ही पान वाले भी हैं, सब पैसे नहीं दे सकते हैं।



बिरहाना रोड पर दुकानों के पिलरों की हुई पुताई। अमृत विचार

### बाजार में ये काम हो रहे हैं

बिरहाना रोड बाजार को लखनऊ के हजरतगंज बाजार की तर्ज पर डेवलप किया जा रहा है। यहां मार्केट की दुकानें एक रूप में की जानी हैं व एक रूप में साइन बोर्ड लगने हैं। साइन बोर्ड का बैक ग्राउंड ब्लैक या फिर रेड के साथ व्हाइट रंग के होंगे। अधिकारियों के अनुसार इससे बिरहाना रोड की सुंदरता में चार चांद लगेंगे। इसके साथ ही यहां बिजली के तारों को अंडरग्राउंड करने के साथ फसाड पेंटिंग का काम भी शुरू कर दिया गया है। बाजार के दोनों ओर पाथवे को अतिक्रमण मुक्त किया जाना है। क्षेत्रीय पार्षद विकास जायसवाल ने बताया कि क्षेत्र में 10 ऐसी गलियां हैं जो ऊपर नीचे हैं। इन्हें एक समान करना है। ज्वैलर्स की दुकानों को देखते हुये सड़क पर लाइटिंग बढ़ाई जानी है। खंभे बदले जाएंगे।

### ये संगठन विरोध में

- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल
- बिरहाना रोड व्यवसायिक संघ
- कानपुर तिरपाल व्यापार मंडल
- इलेक्ट्रानिक व फुटकर व्यापारी

**200** दुकानें बिरहाना रोड मार्केट में हैं

**80** दुकानदारों को भेजा गया पेंटिंग का बिल

**09** लाख से ज्यादा का खर्च वसूल रहे

**2.35** करोड़ से होना है सौंदर्यीकरण

- **तिरपाल व फुटकर व्यापारी बोले- हर व्यापारी ज्वैलर्स नहीं पान वाला भी काम कर रहा**
- **नगर निगम और स्मार्ट सिटी कानपुर पर फूटा गुस्सा, ज्ञापन देने के बाद भी नहीं हुई सुनवाई**

### 80 प्रतिष्ठानों को थमाया 9 लाख से ज्यादा का बिल

नगर निगम ने बिरहाना रोड के 80 प्रतिष्ठानों को नौ लाख 11 हजार तीन सौ रुपये के बिल की सूची थमाई है। सूची में पिलरों की संख्या व दुकान की स्पेस के अनुसार बोर्ड लगाने के एवज में पैसे की डिमांड की जा रही है। इनमें ज्वैलर्स के साथ ही तिरपाल उद्योग, इलेक्ट्रानिक्स, फुटकर व अन्य व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों से पैसे मांगे जा रहे हैं।

बिरहाना रोड के सौंदर्यीकरण के लिए दुकानों के बाहर बने पिलर की पेंटिंग का ठेका दिया गया है। इसके लिए चालीस रुपये फीट का रेट तय हुआ है। जो बिल भेजा गया है, उसमें अगर कोई गड़बड़ी है तो व्यापारियों से बात-चीत कर उसे सुधारा जाएगा। केवल पेंटिंग के पेमेंट ही व्यापारियों को करना है बाकी सौंदर्यीकरण का काम सरकारी खर्च पर किया जाएगा।

– विद्यासागर यादव, सहायक नगर आयुक्त, जोनल प्रभारी जोन एक



नवीन मार्केट का सुंदरीकरण का काम केडीए ने कराया, एक रुपया भी व्यापारी का नहीं लगा। जब एनओसी दी गई तब फर्म और ठेकेदार को पैसा दे दिया गया। हम सारे टैक्स दे रहे हैं। – **पं. आशू शर्मा, उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल**



चोरों के तरीके से बोर्ड उखाड़ ले गये, सुंदरीकरण के नाम पर वसूली हो रही है। नगर निगम के जोनल अधिकारी कह रहे हैं कि हमें सिर्फ आप लोगों से पैसे वसूल कर ठेकेदार को देने हैं। **–अतुल द्विवेदी, महामंत्री, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल**



ज्वैलर्स वाले पैसे देने को राजी हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि आम व्यापारियों से भी पैसे वसूले जायेंगे। यहां पान की गुमटी भी हैं। तिरपाल वाले भी हैं। – **सुपार्श्व चन्द्र जैन (रायसाहब), अध्यक्ष, कानपुर तिरपाल व्यापार मंडल**



सरकार को बदनाम करने की साजिश अधिकारी और उनके ठेकेदार कर रहे हैं। यह काम नगर निगम को खुद ही कराना चाहिये। इसमें पब्लिक क्यों पैसे दे। दो पिलर पोतने के 5 हजार कौन देगा। – **यशपाल भाटिया, भाटिया फोटो डील्स**



नगर निगम में नगर आयुक्त को ज्ञापन देने गये, वहां वह मिले नहीं, जिसके बाद ज्ञापन वहीं चस्पा करके आये हैं। इसके बाद आभी तक कोई आया नहीं है। पैसे देने का विरोध हैं।

**– रजत सक्सेना, महामंत्री, कानपुर तिरपाल व्यापार मंडल**



यहां करीब 200 दुकाने हैं। अखबारों से पता चला कि 2.5 करोड़ रुपये पास हुये हैं। फिर ठेकेदार व्यापारियों से क्यों वसूली करेगा। बात पैसे की नहीं है बात सही व गलत की है।

**– राजेश गुप्ता कुमार, इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी**

## एक नजर

### सड़क किनारे मिला शव हत्या का आरोप



**कानपुर।** शिवराजपुर थानाक्षेत्र में मौसी के घर से लौट रहे बाइक सवार का शव नून नदी के पास सड़क किनारे पड़ा मिला। परिजनों ने रंजिश में हत्या का आरोप लगाया। थाना ककवन के नदिया खुर्द के रहने वाले 32 वर्षीय रमाशंकर मंगलवार को वह अपनी मौसी बिल्हौर निवासी विमला देवी के घर रानेपुर गए थे। भाई रमाकांत ने बताया कि लौटने पर उनका शव शिवराजपुर थानाक्षेत्र में नून नदी पुल के किनारे पड़ा था। उनकी बाइक गिरी थी लेकिन जरा सी भी क्षतिग्रस्त नहीं थी। परिजनों का आरोप है कि गांव के लोगों ने रंजिश में हत्या कर दी और हादसे का रूप दे दिया। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हादसे में मौत की पुष्टि हुई है। शिवराजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों के आरोपों की जांच की जा रही है।

### महीनों से लटके मामले घंटे भर में निस्तारित

**कानपुर।** केडीए उपाध्यक्ष एवं डीएम राकेश कुमार सिंह की पहल पर संपत्तियों को लेकर प्राधिकरण अभिलेखों में दाखिल खारिज (नामांतरण) को शिविर लगाया गया। महीने से लटके मामलों का घंटे भर में निस्तारण हो गया। नामांतरण शिविर में 33 आवेदन आए। लंबित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर आवेदकों को नामान्तरण पत्र निर्गत किए। यहां विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ल, अजय कुमार, बृजेन्द्र उपाध्याय, विधि अधिकारी, एसबी राय सहित कई अफसर मौजूद रहे।

### ज्योति माला सिंह के निधन पर जताया शोक



**कानपुर।** यशोदा नगर स्थित जेबी मेमोरियल स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति माला सिंह के निधन पर शोक जताया गया। उनका 2 मार्च को इलाज के दौरान निधन हो गया था। उनके परिवार में उनके पति धर्मेंद्र सिंह, ससुर जंग बहादुर सिंह सेंगर व बेटी जैंसी ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

### पत्नी से अवैध संबंध के विरोध पर पथराव

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में पत्नी से अवैध संबंध के विरोध पर आरोपी ने पति से मारपीट की। ईंट पत्थर चलाकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने चकेरी थाने में आरोपी आंध्र प्रदेश निवासी पिरीदी लक्ष्मी नारायण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# चार पिस्टलों के साथ तस्कर पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **मुंगेर की पिस्टलें प्रयागराज, प्रतापगढ़ और आसपास जिलों में बेचता था**
- **सात मैगजीन, नकदी व मोबाइल फोन बरामद**

**अमृत विचार।** अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले अंतर्राज्जीय गिरोह के एक सदस्य को एसटीएफ ने रेलबाजार पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ को शातिर के पास से चार 32 बोर की पिस्टल, सात मैगजीन, नकदी व मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस ने शातिर को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।



राजाराम।

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शस्त्रों आदि की तस्करी करने वाले अपराधियों के सक्रिय रहने की सूचना एसटीएफ के उच्चाधिकारियों को प्राप्त हो रही थी। जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर एसटीएफ फील्ड इकाई कानपुर के निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कार्रवाई शुरू की। मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ और रेलबाजार पुलिस ने टाटमील चौराहे के पास से बिहार के मुंगेर जिले से अवैध पिस्टलें ला रहे तस्कर को गिरफ्तार किया। उसने अपना नाम राजाराम निवासी सराय मुरार सिंह थाना मानधाता प्रतापगढ़ बताया। 2002 में हत्या में वह जेल गया था। जेल में उसकी मुलाकात मुंगेर के शस्त्र तस्कर निरंजन राम से हुई थी। वर्ष 2007 में निरंजन राम जेल से जमानत पर छूटकर उसके घर पहुंचा तथा कुछ दिन रुका। निरंजन राम के साथ ही राजाराम ने मुंगेर की पिस्टलों की तस्करी का काम शुरू कर दिया। वर्ष 2016 में एसटीएफ प्रयागराज ने थाना कोहडोर प्रतापगढ़ से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वर्ष 2019 में मुंगेर से पिस्टल की खेप लाते समय जमालपुर जक्शन से जीआरपी ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेल से छूटने के बाद मुंगेर निवासी राजन के साथ अवैध पिस्टल का कारोबार करने लगा। तस्करी की पिस्टलें प्रयागराज व आसपास के जिलों के अपराधियों को बेच देता था। राजाराम ने यह भी बताया कि रानीगंज प्रतापगढ़ के दुबे जी नामक व्यक्ति, जिनसे वह कभी मिला नहीं है, उनके भेजे गए व्यक्तियों को पिस्टलें देता है। 18 फरवरी को तीन पिस्टलें दुबे जी की ओर से भेजे गए व्यक्ति को दी थीं। बताया कि तीन मार्च को मुंगेर से पिस्टल लेकर गोरखपुर लखनऊ के रास्ते कानपुर आया था जहां पर दुबे जी ने बताए गये व्यक्ति को एक पिस्टल देनी थी तथा शेष पिस्टल प्रतापगढ़ में देनी थीं पर टीम ने उसे दबोच लिया। एसटीएफ के कानपुर निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के पास से चार अवैध 32 बोर पिस्टल, सात मैगजीन, ढाई हजार रुपये नकदी व एक मोबाइल बरामद किया गया है। राजाराम के ऊपर जिला प्रतापगढ़ समेत अन्य जनपदों में 19 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

## एमआरएफ सेंटर बनाने में लापरवाही फर्म ब्लैकलिस्टेड

**कानपुर।** शहर के पहले मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर का निर्माण दो साल बाद भी पूरा नहीं हो सका है। सरायमीता पनकी में निर्माणाधीन सेंटर का निर्माण करीब एक करोड़ रुपये से किया जा रहा है। इसे 120 दिन में बनाया जाना था, लापरवाही पर नगर आयुक्त ने फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया है।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि श्री महाकालेश्वर इंटरप्राइजेज (प्रो. श्री बबलू विष्वकर्मा) को कई नोटिस दिए जाने के बाद उन्होंने 28 फरवरी को कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन बावजूद इसके अभी तक कार्य पूरा नहीं किया गया है। फर्म को ब्लैकलिस्ट किया गया है।

फर्म अब नगर निगम के किसी भी टेंडर में प्रतिभाग नहीं कर सकेगी। सरायमीता में एमआरएफ प्लांट का काम पूरा होते ही जर्मनी से मशीन कानपुर भेजी जाएगी।



आग पर काबू पाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

# तिलक नगर के रेस्टोरेंट में आग से हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोहना थानाक्षेत्र में तिलक नगर स्थित रेस्टोरेंट में बुधवार सुबह आग से हड़कंप मच गया। आग लगने के दौरान रेस्टोरेंट बंद था। कर्नलगंज फायर स्टेशन से पहुंचे दमकल कर्मियों ने शटर काटकर आग पर काबू पाया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

तिलक स्थित देसी प्लैट रेस्टोरेंट में आग लग गई। मौके पर कर्नलगंज फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियां पहुंचीं। रेस्टोरेंट बंद होने के चलते दमकल कर्मियों ने शटर काटा और आग पर काबू पा लिया। एफएसओ प्रदीप शर्मा ने बताया आग की वजह शॉर्ट सर्किट रही। रेस्टोरेंट के सुरक्षा इंतजामों की जांच की जाएगी। आग से नुकसान हुआ है। ऑनर से जानकारी लेकर जांच की जा रही है।

## 28 को हो सकता है आइडियाथॉन

**कानपुर।** विवि के छात्र परिषद इनोवेशन सेल की ओर से 28, 29 मार्च को आइडियाथॉन'24 कराने का प्रस्ताव रखा गया है। कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने छात्रों के प्रस्ताव को आगे बढ़ा दिया है। यह कार्यक्रम छत्रपति शाहूजी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन के सहयोग से कराया जायेगा। प्रतियोगिता का विषय 'छात्र केंद्रित चुनौतियों के लिए अभिनव समाधान' रखा गया है। बताया गया कि आइडियाथॉन का उद्देश्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जो नवाचार, सहयोग और समस्या समाधान को बढ़ावा दे सके। यह प्रतियोगिता सभी यूजी, पीजी और शोध केंद्रित छात्रों के लिए होगी। इस प्रतियोगिता के प्रतिभागी टीमों में बंटकर प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रस्ताव के मौके पर डीएसडब्ल्यू प्रो नीरज कुमार सिंह, चीफ प्रॉक्टर डा प्रवीन कटियार , डा ममता तिवारी व स्टूडेंट काउंसिल के प्रेसिडेंट राजमणि शर्मा, सेकेट्री शांभवी मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष नितिन कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# पत्नी से झगड़कर पति ट्रेन के आगे कूदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में पत्नी से झगड़कर परेशान पति ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। परिजन क्रॉसिंग पार करते वक्त हादसे की बात कह रहे हैं।



सनी मल्होत्रा।

आवास विकास अंबेडकरपुरम निवासी 38 वर्षीय सनी मल्होत्रा कल्याणपुर के एक स्कूल में अपनी वैन बच्चों को लाने-ले जाने में लगाए थे। छोटे भाई मनीष और अन्य परिजनों ने बताया कि कुछ दिनों से वह परेशान चल रहा था। बुधवार सुबह वह पत्नी शिल्पी से झगड़ा करके निकल गए थे। दोपहर बाद पुलिस ने हादसे की जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि दलहन क्रॉसिंग पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं कुछ परिजनों और रिश्तेदारों ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की बात कही।

घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

## महंगाई को बढ़ावा दे रही भाजपा

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में बुधवार को पदाधिकारियों ने व्यापारियों के साथ बैठक की।

इसमें सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार किराना व्यापारियों पर मंडी टैक्स लादकर महंगाई को बढ़ावा दे रही है। जनता पर बेवजह बोझ डालकर भाजपा जनता की जेब खाली करने का काम कर रही है, जिसकी सपा कटु शब्दों में निंदा करती है। प्रदेश की 251 मंडी समितियों में कर्मचारियों का अभाव है। तीन हजार से ज्यादा स्थान खाली है। दिसंबर 2024 तक खाली जगह की संख्या और बढ़ जाएगी।

# रमजान की कद्र और एहतराम करें, हेल्प लाइन नंबर जारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **गलतियों से बचने के लिए शरिया हेल्प लाइन नंबर जारी**
- **कुल हिंद इस्लामिक इल्मी अकादमी ने जारी किए नंबर**

**अमृत विचार।** मुस्लिम समुदाय रमजान माह को पवित्र मानता है, इस माह की विशेषताएं भी हैं। माह भर के रोजे में रात में तरावीह की नमाज पढ़ना, कुरान तिलावत, लोगों के कल्याण के लिए अल्लाह से दुआ करते हुए मौन रहना, जकात देना और दान करने का यह महीना माना जाता है।

रमजान माह में लोग गलतियां भी करते हैं। इसी के लिए कुल हिंद इस्लामिक इल्मी अकादमी ने शरिया हेल्प लाइन नंबर जारी किया है। जिससे पता चले कि रमजान की कद्र और इसका एहतराम कैसे करना चाहिए। कुल हिंद इस्लामिक इल्मी अकादमी के मुफ्तियों ने अवाम से अपील की है कि हेल्प लाइन नंबर पर रमजान से जुड़ी सभी जानकारी ले सकते हैं। बुधवार को हुई प्रेसवार्ता में कुल हिंद इस्लामिक इल्मी अकादमी के अध्यक्ष मुफ्ती इकबाल अहमद कासमी ने कहा कि मुबारक महीने में किसी को कोई भी मसला पेश आए तो उनके मोबाइल नंबरों पर राफ्ता करके अपने मसले को हल करा सकते हैं।




कुल हिंद इस्लामिक इल्मी अकादमी के अध्यक्ष मुफ्ती इकबाल अहमद कासमी पत्रकारों को कार्यक्रम की जानकारी देते। साथ में अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि समुदाय का हर बुद्धिमान व बालिग का पूरे माह रोजा रखना जरूरी है। मुसाफिर, मरीज, विकलांग व वृद्ध को छोड़कर सभी को रोजा रखना है। रोजा न रखना गुनाह है, जो अल्लाह के अजाब को दावत देता है। इसलिए लोग इस मुबारक माह का मौका हाथ से न जाने दें।

उन्होंने बताया कि पूरे माह 20 रकअत तरावीह एहतमाम से पढ़ना सुन्नत ए मुतवातिर है और तरावीह में पूरे कुरआन का सुनना भी बड़ी सुन्नत है। इसलिए रमजान माह में 20 रकअत तरावीह एहतमाम से पढ़ना जारी रखें। औरतों पर भी तरावीह की नमाज घरों में पढ़ना सुन्नते मुअक्किदा है। कुरआन करीम का तरावीह में सुनना व सुनाना बहुत मुबारक काम है।

मुफ्ती इकबाल अहमद कासमी ने बताया कि जब कुरआन पढ़ा जाए तो अदब व खामोशी से सुना जाए। आवाज भी न सुनाई देनी चाहिए। आगे बताया कि रमजान के आखिरी दस दिनों में शब ए कद्र है और ऐतिकाफ भी आखिरी दस दिनों में सुन्नत मुअक्किदा अललकिफायह है। औरतें घरों में ऐतिकाफ का एहतमाम करें।

**गुरु जी सुनिए** — सीएसजेएमयू में शिक्षकों से कहा गया कि आप ही हो ब्रांड अंबेस्डर, इस बात का ध्यान रखें

# विश्वविद्यालय में शिक्षकों को पढ़ाया नैतिकता का पाठ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में बुधवार को शिक्षकों व कर्मचारियों को व्यवसायिक नैतिकता का पाठ पढ़ाया गया। शिक्षकों से छात्र-छात्राओं की सहायता करने, बेहतर शिक्षण कार्य संचालन सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सीनेट हॉल में हुई कार्यशाला में शिक्षकों को छात्र-छात्राओं की समस्याओं का जल्द निदान करने का भी आह्वान किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी ने की। इस दौरान कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, महाविद्यालय विकास परिषद के निदेशक प्रो राजेश कुमार द्विवेदी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो नीरज कुमार सिंह व कुलानुशासक डॉ. प्रवीन कटियार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि शिक्षक छात्र-छात्राओं के लिए आदर्श होता है। इसलिए हर शिक्षक को यह ध्यान रखना चाहिए कि उसकी कथनी और करनी के बीच कोई भेद नहीं हो। इस व्यवसाय में यह भी जरूरी है कि शिक्षक शांत, धैर्यवान, मिलनसार और मैत्रीपूर्ण स्वभाव का हो। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनकर उनका अतिशीघ्र निदान करना चाहिये। कार्यक्रम का संचालन कुलानुशासक डॉ. प्रवीन कटियार ने किया।



उद्घाटन करते डॉ. प्रवीन कटियार, प्रो, सुधीर कुमार आदि। अमृत विचार

### यह रहे प्रमुख बिंदु

- विद्यार्थियों की कक्षायें एवं अन्य दायित्व जो उन्हें सौपे गये हैं, उनका अनुपालन निष्ठापूर्वक सुनिश्चित होना चाहिये।
- शिक्षक अपने चरित्र को पावन बनायें तथा अपने आचरण को उत्तम रखें क्योंकि विद्यार्थी शिक्षक के आचरण का अनुसरण करने का प्रयास करता है।
- छात्र एवं शिक्षक के बीच के विमर्श को आगे बढ़ायें क्योंकि विमर्श से ही अनुत्तरित प्रश्नों का उत्तर मिलता है।
- धर्मशास्त्रों में गुरु और शिष्य के रिश्ते को श्रेष्ठ रिश्ता बताया गया है। इसका श्रेष्ठ निर्वहन जरूरी है।
- शिक्षकों का कार्य है विद्यार्थी की प्रतिभा को आगे लाना। सभी शिक्षकों को इस ओर कार्य करना चाहिये।
- शिक्षक विश्वविद्यालय के ब्रांड अबेंस्डर है। इसलिए उनका आचरण एवं कार्य उत्तम प्रकार का होना चाहिये।
- जो कोई भी शिक्षण को व्यवसाय के रूप में अपनाता है उसका दायित्व होता है कि वह पेशे के आदर्शों के अनुरूप अपने आचरण को बनाए रखे।

# मास्साब, जरा सीट से उठें, कमरे में भी घूमें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा में इस बार जीजीआईसी में बने कंट्रोल रूम से परीक्षा के दौरान खास हिदायत दी जा रही हैं। केंद्र प्रभारियों की मानें तो कैमरे की निगरानी से परीक्षा की पल-पल निगरानी होती है। इससे कई बार जान पहचान के शिक्षकों को आदेश देने पर केंद्र का माहौल रोचकता से भर जाता है।

यूपी बोर्ड परीक्षा में इस बार ऑनलाइन निगरानी केंद्र सरकारी स्कूल परिसर में बनाया गया था। केंद्र में 16 कंप्यूटर और बड़ी स्क्रीन के जरिए पूरी बोर्ड परीक्षा के 129 केंद्रों की 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

कंट्रोल रूम में परीक्षा के दौरान कभी गंभीर तो कभी रोचकता का माहौल रहाता है। खासतौर पर उस वक्त जब शिक्षक को ही कंट्रोल रूम से एक छात्र की तरह आदेश मिलते हैं तो कई बार माहौल में मिठास घुल जाती है। केंद्र से बताए जाने वाले छोटे-छोटे बहानों से भी माहौल आनंद से भर जाता है।

### इस तरह के आदेश दिए जाते केंद्र से

- मास्साब से कहिए थोड़ा कमरे का राउंड लगा लीजिए
- मास्साब, आपके यहां पर परिचय पत्र दिख नहीं रहे हैं
- ये 11 नंबर कमरे में बच्चा बार-बार हिल क्यों रहा है
- उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल को कैमरे के सामने बांधिए
- आपके केंद्र में लाइट इतनी कम क्यों आ रही है

**129** परीक्षा केंद्र की बोर्ड से निगरानी

**24** घंटे हो रही जीजीआईसी से निगरानी

**16** कंम्यूटरों से रिकॉर्ड फीड किया जा रहा

**02** कंट्रोल रूम बनाए गए हैं शहर में

### फोन पर आदेश देते

कैमरे में केंद्र की अव्यवस्था देखते ही केंद्र से केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को फोन किया जाता है। केंद्र में लगे कैमरों से लगातार निगरानी होती है।

### बच्चे निहारते हैं कैमरे

परीक्षा केंद्रों में कई बार बच्चों की नटखट हरकतें भी कैमरों में कैद हो जाती हैं। ऑनलाइन कंट्रोल रूम में तैनात शिक्षकों ने बताया कि परीक्षा छूटने के बाद कई बार बच्चे कैमरे को देर तक निहारते हैं।

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -196, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शनि व बृहस्पति के उपग्रहों पर मिल सकता है जीवन 14
देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक 13

## किसानों का दिल्ली कूच, चौकसी बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली पुलिस ने राजधानी की सीमाओं पर तेज की जांच

किसानों के विरोध-प्रदर्शन और दिल्ली कूच के मद्देनजर दिल्ली की सीमाओं पर बुधवार को यातायात प्रभावित हुआ। बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की वजह से दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर और दिल्ली-नोएडा सीमा पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखी गयीं। पुलिस ने सीमाओं और शहर के अन्य हिस्सों में अवरोधक लगाए हैं और मध्य दिल्ली की ओर जाने वाली सड़कों पर जांच तेज कर दी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, पुलिस बल टिकरी, सिंघु और गाजीपुर सीमाओं के साथ-साथ रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर कड़ी निगरानी रख रहा है। एक अधिकारी ने बताया हमने तीनों सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि हमने कोई सीमा या मार्ग को बंद नहीं किया है लेकिन वाहनों की जांच की जाएगी।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी दिल्ली) जिमी चिराम ने बताया कि दिल्ली-हरियाणा सीमा पर बल पहले से ही तैनात है। उन्होंने कहा कि किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान के मद्देनजर हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सिंघु और टिकरी सीमाओं पर अस्थायी रूप से लगाए गए अवरोधकों को वाहनों की आवाजाही के लिए हटा दिया गया है। हालांकि पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान अभी भी तैनात हैं। रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर अतिरिक्त पुलिस व अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है।

### 10 मार्च को देशव्यापी रेल रोको आंदोलन

किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे दो प्रमुख संगठन किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने रविवार को देश भर के किसानों से बुधवार को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया था। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल ने यह आह्वान किया था।

## पूर्व वायुसेनाकर्मी समेत सॉल्वर गैंग के 7 सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**उप्र. पुलिस भर्ती परीक्षा**

- पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने छह को मेरठ जबकि एक को दिल्ली से दबोचा
- प्रश्न पत्र और आंसर शीट भी बरामद, परीक्षा से एक दिन पहले मिल गया था पेपर

**अमृत विचार** : यूपी एसटीएफ ने वायुसेना के पूर्व कर्मचारी समेत उप्र. पुलिस की भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले सॉल्वर गैंग के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को मेरठ से पकड़े गए छह आरोपियों के पास से मोबाइल से पेपर लीक करने के सबूत मिले हैं। वहीं, नोयडा से पकड़ा गया वायुसेना में रह चुका एक आरोपी प्रमोद पाठक भी उप्र. समेत अन्य राज्यों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की भर्ती में सेंध लगाने वाले गिरोह का सदस्य है। इसके पास से भी वायुसेना का जाली आईडी कार्ड, अभ्यर्थियों के 26 एडमिट कार्ड, 38 हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक, चार बैंक की चेक बुक, आरक्षी भर्ती के प्रश्न पत्र से संबंधित कागजात बरामद हुए हैं।

सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसटीएफ ने मंगलवार रात मेरठ हाईवे से पेपर लीक करने वाले जिन छह आरोपियों को गिरफ्तार किया, उनके पास से बरामद मोबाइल व लैपटॉप से पेपर लीक से जुड़ीं कई जानकारियां मिलीं। परीक्षा से एक दिन पहले ही इन्हें व्हाट्सएप पर पेपर मिल गया था। आरोपी पूछताछ में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर कई बड़े राज खोल सकते हैं। इस गैंग में कुल 14 सदस्य बताए जा रहे हैं। फरार आठ आरोपियों की भी तलाश तेज कर दी गई है।

आरोपियों की पहचान दीपू उर्फ दीपक पुत्र दिनेश निवासी दुपहिया रोड पठानपुरा, बिट्टू पुत्र दयाराम निवासी अलीपुर थाना सरधना, प्रवीण पुत्र ओमपाल सिंह निवासी नगलाताशी, रोहित उर्फ ललित पुत्र विनोद कुमार निवासी गोलाबढ़ थाना टीपी नगर, नवीन पुत्र सुलेख चंद ओर साहिल पुत्र अमरनाथ निवासी शोभापुर थाना कंकरखेड़ा के रूप में हुई है।

### एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किया गया प्रमोद पाठक वायुसेना से हुआ था बर्खास्त

पूर्व वायुसेना कर्मचारी प्रमोद पाठक दिल्ली के मुखर्जीनगर से गिरफ्तार आरोपी और कई अन्य के साथ मिलकर प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करने का काम करता था। इसके कुछ साथी पहले भी गिरफ्तार हो चुके हैं। जिनसे पूछताछ के बाद इसका नाम सामने आया था। प्रमोद पाठक (40) जामिया मिल्लिया इस्लामिया से ग्रेजुएट है। 2009 में वह एयरमैन के पद पर भर्ती हुआ था और 2022 तक खड़गपुर पश्चिम बंगाल, श्रीनगर व भारतीय वायु सेना के दिल्ली मुख्यालय पर तैनात रहा। नौकरी के दौरान ही उसने 2017 में अलीगढ़ में सेना में भर्ती के लिए फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर खोला था। 2018 में मित्र मोनू के साथ मिलकर वायुसेना, नेवी, कोस्ट गार्ड, दिल्ली पुलिस, एसएससी जीडी व उप्र की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली कराने का गैंग चलाने लगे। सूचना पर वायुसेना के अधिकारियों जांच कराई। जिसके बाद 18 अगस्त, 2022 में प्रमोद को वायुसेना से बर्खास्त कर दिया गया।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512- 2548300

**प्रधानमंत्री ने कहा-संदेशखालि के गुनहगारों को बचाने में लगी ममता सरकार**

## महिलाओं पर अत्याचार ने किया शर्मसार

**बोले-संदेशखालि का ज्वार पूरे बंगाल में फूटेगा, तृणमूल कांग्रेस का कर देगा सफाया**

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संदेशखालि में नारी शक्ति पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है और इससे हर किसी का सिर शर्म से झुक गया है। आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेतृत्व वाली सरकार राज्य की महिलाओं के गुनाहगारों को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा रही है जबकि उसे हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में झटका लगा है। राज्य सरकार के इस व्यवहार से बंगाल की महिलाएं... देश की महिलाएं आक्रोश में हैं। नारी शक्ति के आक्रोश का यह ज्वार संदेशखालि तक ही सीमित नहीं रहने वाला है, बल्कि यह पूरे बंगाल तक जाएगा और पूरे राज्य में टीएमसी को खत्म कर देगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख और उनके साथियों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोप हैं।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को उत्तर 24 परगना जिले के मुख्यालय बारासात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से आयोजित 'नारी शक्ति वंदन अभिनंदन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा, कहा कि 'संदेशखालि का ज्वार' पूरे पश्चिम बंगाल में फूटेगा, जहां 'नारी शक्ति' लोकसभा चुनावों में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मोदी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय तुष्टीकरण की राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि तुष्टीकरण और तोलाबाजों के दबाव में काम करने वाली टीएमसी सरकार कभी भी बहन-बेटियों को सुरक्षा नहीं दे सकती है। वहीं दूसरी तरफ केंद्र की सरकार है जिसने बलात्कार जैसे संगीन अपराध के लिए फांसी की सजा तक की व्यवस्था की है। लेकिन यहां नारी पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है।



### पानी के भीतर देश की पहली मेट्रो का किया लोकार्पण

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोलकाता मेट्रो के एस्प्लेनेड-हावड़ा मैदान खंड का लोकार्पण किया। यह खंड देश में पहली बार पानी के अंदर बने परिवहन सुरंग के माध्यम से हुगली नदी के नीचे से होकर गुजरता है। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री ने स्कूल के छात्रों के साथ एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो की यात्रा की। यह सुरंग देश की उन्नत अभियांत्रिकी क्षमताओं का साक्ष्य है। प्रधानमंत्री के साथ राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। अधिकारियों ने बताया कि 4.8 किलोमीटर लंबा हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर का हिस्सा है और इसका निर्माण 4,960 करोड़ रुपये की लागत से 14 अप्रैल 2009 को शुरू हुआ था।

### ईडी को अवमानना याचिका की अनुमति

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की हिरासत सीबीआई को नहीं सौंपे जाने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की बुधवार को अनुमति दी। ईडी की ओर से पेश डिप्टी सॉलीसिटर जनरल धीरज त्रिवेदी ने अवमानना याचिका दाखिल करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

### सीबीआई को सीआईडी ने शाहजहां शेख की हिरासत सौंपी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सीआईडी ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की हिरासत अंततः बुधवार शाम को सीबीआई को सौंप दी। सीआईडी ने यह कदम कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा उसे केंद्रीय एजेंसी को सौंपने के लिए लगातार दो दिन दिए निर्देश के बाद उठाया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में ईडी टीम पर हमले की जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को सौंपने के उसके मंगलवार के आदेश को तुरंत लागू करे। सीबीआई टीम अपराह्न चार बजे से पहले ही भवानी भवन पहुंच गई। लेकिन सीआईडी ने शाहजहां को शाम 6:48 बजे केंद्रीय एजेंसी को सौंपा।

### एक नजर

**सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ नए शिखर पर**

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लाभ में रहे और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। यूरोपीय बाजारों में तेजी के बीच बैंक और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 408.86 अंक यानी 0.55 प्रतिशत उछलकर नए रिकॉर्ड स्तर 74,085.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 474.14 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 117.75 अंक यानी 0.53 प्रतिशत मजबूत होकर नए शिखर 22,474.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 140.9 अंक तक चढ़ गया था।

## मंत्रिमंडल में कई मंत्रियों का कामकाज होगा कम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुराने मंत्रियों के विभागों में फेरबदल संभव, नए मंत्रियों को जल्द आवंटित होंगे विभाग

**अमृत विचार** : प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल पुराने मंत्रियों का बोझ कम करते हुए चार नए मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने की तैयारी है। नए बने मंत्रियों को जहां जल्द ही विभाग आवंटित किए जाएंगे वहीं, कई मंत्रियों के विभाग में भी फेरबदल हो सकता है। दरअसल कुछ मंत्रियों के पास दो से पांच विभागों तक की जिम्मेदारी है। ऐसे में मंत्रियों का बोझ हल्का किया जा सकता है।

जिन चार नेताओं को मंगलवार को मंत्रीपद सौंपा गया है उनमें ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, अनिल कुमार और सुनील कुमार शर्मा शामिल हैं। इनमें से राजभर और दारा पिछली योगी सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली पहली भाजपा सरकार में ओम प्रकाश राजभर 9 मार्च 2017 को कैबिनेट मंत्री बने जिन्हें पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सौंपा गया था।

हालांकि, 20 मई 2019 को राजभर को गठबंधन विरोधी गतिविधियों के कारण मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया था। फिलहाल ये विभाग नरेंद्र कश्यप के पास हैं जो कि इस मौजूदा कैबिनेट में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। वहीं, दारा सिंह चौहान के पास वन विभाग था। वर्तमान में इस विभाग का जिम्मा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. अरुण कुमार सक्सेना के पास है। डॉ. सक्सेना के प्रोफाइल में पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन शामिल है।

बहरहाल, वर्तमान में चार से पांच विभाग रखने वाले कुछ मंत्रियों की बात की जाए तो इनमें धर्मपाल सिंह के पास पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज और नागरिक सुरक्षा विभाग हैं। वहीं, योगेन्द्र उपाध्याय के पास उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग हैं। जबकि, राकेश सचान के पास सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग हैं।

## गैंगरेप की शिकार किशोरियों की आत्महत्या के बाद पिता ने जान दी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- 29 फरवरी को लगाया था दोनों पीड़िताओं ने गले में फंदा
- भाई ने कहा- समझौते के लिए धमका रहे थे गैंगरेप के आरोपी

**अमृत विचार** : घाटमपुर के एक ईंट भट्ठे में पिछले हफ्ते गैंगरेप के बाद दुष्कर्म का वीडियो बनाने के मामले में आत्महत्या करने वाली दो किशोरियों में से एक के पिता ने आरोपी पक्ष से मिल रही धमकियों के बाद बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके बेटे ने आरोप लगाया कि गैंगरेप के आरोपी समझौते के लिए धमकी दे रहे थे। इसी कारण पिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना घाटमपुर के बरौली गांव के ईंट भट्ठे में परिवार के साथ मजदूरी करने वाली दो नाबालिग चचेरी बहनों के साथ भट्ठे के ठेकेदार रामस्वरूप, उसके पुत्र रज्जू और भांजे संजू ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। दुष्कर्म की वीडियो और फोटो खींच कर उन्हें ब्लैकमेल कर रहे थे। जिससे आहत दोनों किशोरियों ने 29 फरवरी को ईंट भट्ठे के निकट पेड़ पर एक साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। किशोरी के भाई का आरोप है कि आरोपी और ईंट भट्ठा संचालक मामला रफा-दफा करने को लेकर दबाव डाल रहे थे, लेकिन कांग्रेस महिला विंग ने मामले को ट्वीट कर दिया। जिस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों रामस्वरूप, रज्जू और संजू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब घटना के एक सप्ताह बाद बुधवार को एक किशोरी के पिता ने गांव से करीब डेढ़ किमी दूर पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच की। इस संबंध में थाना प्रभारी सिसोलर ने बताया कि तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा

जौनपुर, एजेंसी

- अपहरण, रंगदारी मांगने के मामले में पाए गए थे दोषी

जौनपुर की एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट ने अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में बुधवार को बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके एक सहयोगी को सात-सात साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि 10 मई 2020 को नमामि गंगे के परियोजना प्रबंधक के अपहरण, रंगदारी मांगने, षड्यंत्र रचने तथा अपशब्द कहने और धमकी देने के मामले में विशेष एमपी-एमएलए अदालत के न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके सहयोगी संतोष विक्रम को मंगलवार को दोषी ठहराया था। बुधवार को उन्हें सात-सात साल की कैद और 75-75 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह सजा के बाद धनंजय अब चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो गए हैं।

सजा का ऐलान होते ही न्यायालय परिसर में जमा धनंजय सिंह के तमाम समर्थक मायूस हो गए। धनंजय सिंह ने 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी की थी।

## पहले सैफई-इटावा के नाम से डरते थे लोग

कार्यालय संवाददाता, इटावा



- अब परिस्थितियां बदल गईं, तेरा-मेरा नहीं चलता, पीएम के विजन से चहुंओर विकास
- सीएम ने सैफई विवि में 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल का किया लोकार्पण
- आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय बनाने के लिए दिवंगत मुलायम सिंह का जताया आभार

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पहले लोग इटावा व सैफई के नाम से डरते थे लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी के विजन, सबका साथ सबका विकास के बाद अब यूपी में तेरा-मेरा नहीं चलता है। यूपी सरकार भी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में लगी है। सैफई में आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय बड़ी उपलब्धि है। ग्रामीण क्षेत्र में विश्वविद्यालय की स्थापना करने के लिए वह सपा संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव को आभार और श्रद्धांजलि देते हैं। मुख्यमंत्री सैफई विवि में 490 करोड़ की लागत से बने 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल का लोकार्पण करने के बाद विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने 14 गैर शैक्षणिक स्टाफ को नियुक्ति पत्र दिए। मुख्यमंत्री को जब पता चला कि इन कर्मचारियों में कई प्रदेशों के लोग हैं तो काफी खुश हुए और कहा कि आज सैफई में लघु भारत के दर्शन हुए हैं। इस दौरान उनके साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने सुनाया 28 वर्ष पुराना किस्सा

मुख्यमंत्री ने इटावा, सैफई के नाम से लोगों में व्याप्त दहशत को एक किस्से के रूप में सुनाया। बताया कि वह तीन संतों के साथ 1996 में जयपुर से कानपुर जा रहे थे। आगरा पहुंचने में रात हो गई थी। तब उनको पुलिस ने रोक लिया और आगे न जाने की सलाह दी। पूछने पर बताया कि आगे जाओगे तो कुछ भी घटना हो सकती है।

## क्वांटम ग्रुप के चेयरमैन के ठिकानों पर आयकर छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- टैक्स चोरी के आरोप में अधिकारियों ने की छानबीन

**अमृत विचार** : आयकर विभाग के अधिकारियों ने बस्ती के क्वांटम ग्रुप के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के ठिकानों छापेमारी की है। लखनऊ और गोरखपुर की टीम ने मंगलवार की सुबह बैरीहवा मोहल्ले में उनके आवास पर छापा मारा। यह कार्रवाई बुधवार तक चलती रही। राकेश पर आरोप है कि, कंपनी के लेनदेन में टैक्स की चोरी की है। अधिकारियों ने राकेश से पूछताछ भी की है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, क्वांटम ग्रुप के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के संबध को कानपुर के तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा से जोड़कर देखा जा रहा है। हाल ही में कानपुर के तंबाकू व्यापारी केके मिश्रा के आवास पर आयकर की रेड पड़ी थी। बस्ती के रहने वाले राकेश श्रीवास्तव ना सिर्फ व्यवसाई हैं, बल्कि राजनीतिक रसूख के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने बस्ती नगर पालिका का चुनाव भी लड़ा है। इन दिनों चर्चा रही कि वह बसपा से लोकसभा चुनाव भी लड़ सकते हैं। राकेश क्वांटम ग्रुप ऑफ कंपनीज के अध्यक्ष हैं, जिसका दफ्तर लखनऊ, नोएडा सहित कई जिलों में है।

## अयोध्या-देहरादून विमान सेवा शुरू

**अयोध्या।** अयोध्या से उत्तराखंड के देहरादून के लिए फ्लाइट का संचालन बुधवार से शुरू हो गया। देहरादून एयरपोर्ट से सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विमान सुबह साढ़े नौ बजे टेकऑफ हुआ और दोपहर करीब 12 बजे अयोध्या पहुंचा। अयोध्या एयरपोर्ट निदेशक विनोद कुमार के मुताबिक देहरादून से 71 यात्री अयोध्या पहुंचे। यह सेवा सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित होगी। उड़ान देहरादून से सुबह 9.40 बजे चलकर 11.30 बजे अयोध्या पहुंचेगी, यहां से 12.15 बजे चलकर 1.55 बजे देहरादून पहुंचेगी।

**कारगर व्यवस्था** | **ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय के छात्रों ने फसलों की निगरानी के लिए बनाई डिवाइस**

## अल्ट्रासोनिक-इंफ्रारेड तरंगों से होगी फसलों की सुरक्षा

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार** : अब जानवरों से घबराने की जरूरत नहीं, भाषा विश्वविद्यालय का तैयार पेटेंट फसलों की न सिर्फ निगरानी करेगा, बल्कि उसको नुकसान से भी बचाएगा। विवि प्रशासन का दावा है कि देश में तैयार पहला पेटेंट जानवरों को नुकसान पहुंचाए बिना खदेड़ने की क्षमता रखता है।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय (भाषा) के कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र बहादुर सिंह बताते हैं कि उप्र में किसानों की जितनी समस्या उपज को लेकर है, उससे कहीं अधिक उसे बचाने की। इसके लिए विवि की इंजीनियरिंग संकाय की डॉ. ममता शुक्ला द्वारा पेटेंट तैयार किया गया है। इसमें बॉयोटेक्नॉलाजी कंप्यूटर साइंस ग्रुप के छात्रों की टीम भी शामिल है। डॉ. ममता बताती हैं कि सोलर और बैट्री पर आधारित डिवाइस खेतों में लगते ही फसलों की निगरानी करेगी। इसका संपर्क किसान के मोबाइल से होगा। जैसे ही कोई जानवर अथवा कीट (नीलगाय, खरगोश, चूहा, पतिंगा) खेतों में घुसेगा, डिवाइस का सेंसर ऑन हो जाएगा। ऐसे में मोबाइल भी अलर्ट करने लगेगा। किसान द्वारा मोबाइल से एक क्लिक करते ही डिवाइस के सहारे अल्ट्रासोनिक वेव्स और इंफ्रा रेड किरणें निकलने लगेंगी। चंद लम्हों में जानवर अथवा कीट इतना परेशान हो जाएगा कि उसे खेत छोड़ना ही पड़ेगा। डॉ. ममता बताती हैं कि केन्द्र सरकार की अनुमति से डिजाइन पेटेंट तैयार हो गया है, जल्द ही ये बाजार में आकर किसानों को लाभ देगा।



### डिवाइस को दिया गया ए वन एग्रीकल्चर का स्वरूप

भाषा विवि की टीम द्वारा तैयार डिवाइस को ए वन एग्रीकल्चर का स्वरूप दिया गया है। डॉ. ममता बताती हैं कि अभी इसका स्वरूप प्रोटो टाइप (छोटा) है, लेकिन खपत के हिसाब से इसे विस्तार देने की भी तैयारी है।

**फसलों को नुकसान से बचाने को इनोवेशन का कराया पेटेंट**

### नुकसान पहुंचाने वाले दो मिनट में होंगे खेत से बाहर

तैयार डिवाइस से निकलने वाली अल्ट्रासोनिक और इंफ्रा रेड तरंगों से किसी भी जानवर अथवा कीट- पतंगे को शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचेगा। ये तरंगे मानसिक तौर पर बेचैन करेंगी। जिससे फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले पशु, कीट दो मिनट के भीतर ही खेत से बाहर होंगे।

### 70 से 80 फीसद तक क्षति पहुंचाते हैं कीट और जंतु

धान की फसल में 40 से 50 फीसद तक नुकसान कीटों द्वारा किया जाता है। गोदाम में 17 से 20 फीसद तक अनाज चूहों द्वारा नष्ट किये जाते रहे हैं। फल चूषक कीट एवं फल मक्खी द्वारा 70 से 80 फसल तक फसलों का नुकसान होता है। पक्षियों द्वारा ज्वार, बाजरा, रागी करीब 70 फीसद तक नष्ट की जाती है।

## एक नजर

### खिलाड़ियों का पंजीकरण 10 मार्च तक

**कानपुर।** यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के 2024-25 सत्र के लिए विभिन्न आयु वर्गों के ट्रायल व खिलाड़ियों का पंजीकरण शुरू है। अंतिम तिथि 10 मार्च है। केसीए सचिव कौशल कुमार सिंह ने बताया कि खिलाड़ी यूपीसीए की वेबसाइट पर अपना आधार कार्ड व जन्म प्रमाणपत्र ले जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। वेबसाइट पर फार्म भरने के बाद उसका प्रिंट केसीए ऑफिस चुन्नीगंज में पंजीकरण राशि 400 रुपये सहित जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 मार्च है।

### शिव प्रथम व प्रांशु मौर्य को दूसरा स्थान

**कानपुर।** सीएसए में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतियोगिताएं हुईं। इन प्रतियोगिताओं में 800 मीटर ,1500 मीटर दौड़ मे शिवगैस वर्मा ने प्रथम व प्रांशु मौर्य ने दूसरा स्थान हासिल किया। गोपेन्द्र को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। उधर भाला फेंक महिला प्रतियोगिता में प्रीति ने प्रथम, सुप्रिया बाजपेयी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष भाला फ़ेंक में हेमेंद्र राज रघुवंशी ने पहला स्थान, रवि कुमार ने दूसरा व विकास ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

❍ भाई के साथ परिचित चालक के ट्रक में बैठी थी ❍ रास्ते में भाई शौच को चला गया

# ट्रक के केबिन में बैठी किशोरी से दुष्कर्म, विरोध करने पर धमकाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस ने टरकाया, मुश्किल से लिखी रिपोर्ट



**अमृत विचार।** बिधनू में शंभुआ आरओबी के पास बड़े भाई के साथ उन्नाव जा रही हमीरपुर की किशोरी से ट्रक चालक ने केबिन में दुष्कर्म किया। पीड़िता का भाई शौच के लिए चला गया था। इसी दौरान आरोपी ने उसको निशाना बनाया। वापस लौटने पर भाई को जान से मारने की धमकी दी।

हमीरपुर के कुरारा थाना क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी ने पुलिस को बताया कि उसकी मां उन्नाव स्थित एक ईंट भट्ठे में रहकर मजदूरी करती है। पिता दिव्यांग हैं। 24 फरवरी की शाम वह बड़े भाई के साथ मां के पास उन्नाव जा रही थी। पड़ोसी गांव के चालक पिंटू के ट्रक में दोनों बैठ गए। बिधनू शंभुआ आरओबी के पास उसका भाई ट्रक से उतरकर खेत की ओर शौच के लिए चला गया।

इस दौरान पिंटू ने क्लीनर से ट्रक के केबिन के दरवाजे बंद करवा दिए। जिसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। शौच से लौटे भाई के विरोध पर पिंटू ने क्लीनर के साथ दोनों को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उन्नाव स्थित ईंट भट्ठे के पास दोनों को उतारकर लखनऊ की तरफ भाग गए।

घटना के दूसरे दिन पीड़िता दिव्यांग पिता, मां और भाई के साथ कुरारा थाने पहुंची। जहां से उसे बिधनू के लिए भेज दिया गया। बिधनू पहुंचने पर पुलिस ने फिर से उसे कुरारा भेज दिया। दोनों थानों के चक्कर लगाकर थक चुकी पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। जिसके बाद बुधवार को बिधनू पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल के लिए भेजा। एसीपी घाटमपुर रंजीत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

कानपुर। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में एक युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाएं। बाद में शादी से इन्कार कर दिया। पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रावतपुर निवासी युवती के अनुसार वह सर्वोदय नगर निवासी एक कारोबारी के घर काम करती है। कारोबारी की कंपनी के सुपरवाइजर निशांत श्रीवास्तव ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। निशांत ने शादी का वादा कर उसके साथ कई बार होटलों में जाकर शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद शादी से इनकार कर दिया। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## किशोरी से दुष्कर्म में दोषी को सात साल की कैद

**कानपुर।** किशोरी से दुष्कर्म मामले में अदालत ने दोषी को सात साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 21 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।


एडीजीसी संजय कुमार झा ने बताया कि सर्वोदयनगर काकादेव निवासी वादिनी ने बताया था कि उनकी 16 वर्षीय बेटी 2013 में सुबह 10 बजे घर से अचानक गायब हो गई थी। कई घंटे बाद जानकारी हुई कि बेटी अर्मापुर निवासी शकुंतला के घर पर मौजूद है। जब उससे बेटी के संबंध में बात की तो वह कहासुनी करने लगी। इसके बाद वादिनी ने काकादेव थाने में बेटी से दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। जिसमें शकुंतला, उसका बेटा सूरज समेत सात आरोपी थे।

विवेचना में छह आरोपियों के नाम हट गए थे। सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश 20 निलांजना की अदालत में चल रही थी। बुधवार को अदालत ने दोष सिद्ध होने पर सूरज को सात साल कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने 21 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

# आचार संहिता उल्लंघन केस में नहीं आया फैसला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विधायक इरफान सोलंकी के विरुद्ध दर्ज है केस



**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ दर्ज आचार संहिता उल्लंघन मामले में अब 14 मार्च को सुनवाई होगी। अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि यूपी सरकार ने इस मामले में हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। याचिका पर फैसला होने के बाद ही कानपुर कोर्ट से फैसला आ सकेगा।

विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन मामले में एमपीएमएलए लोअर कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई पूरी हो चुकी है। कोर्ट को बुधवार को फैसला सुनाना था, लेकिन इरफान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि यूपी सरकार ने इस मामले में हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। याचिका पर फैसला होने के बाद ही कानपुर कोर्ट से फैसला आ सकेगा। बता दें कि विधानसभा चुनाव के दौरान वर्ष 2017 में ईदगाह कालोनी के पास आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए हैंडपंप लगाने के मामले में विधायक इरफान सोलंकी व बंटी सेंगर समेत चार सपाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हुई थी। मुकदमें में गवाही पूरी हो चुकी है और एमपीएमएलए लोअर कोर्ट को फैसला सुनाना था, लेकिन इसी दौरान अभियोजन की ओर से एक नए गवाह को कोर्ट में विटनेस के रूप में पेश करने की अनुमति मांगी गई थी। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। इस आदेश के खिलाफ एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में रिवीजन याचिका दाखिल की गई थी, लेकिन इसे भी सेशन कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

# जमानत के रुपये जुटाने को चोरी की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हरबंश मोहाल थाना क्षेत्र के तिरुपति मंदिर में हुई थी चोरी
- चोरी की वारदात अंजाम देकर सरगना चला गया जेल



आरोपी रामू।

**अमृत विचार।** हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र स्थित मंदिर में गैंगस्टर के वांछित ने जेल जाने से पहले जमानत के रुपये के इंतजाम के लिए चोरी की थी। आरोपी भगवान के बर्तन और गहने इस धोखे में ले गये कि वह सोने के हैं, लेकिन वह पीतल के निकले। मोटी रकम न पाने पर आरोपी पकड़े जाने के डर से जेल चला गया।

हूलागंज स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर में 22 फरवरी की रात शातिरों ने चोरी की थी। 23 फरवरी की सुबह पुजारी ने मंदिर खोला तो दानपात्र से रुपये गायब थे। वहीं मंदिर में रखे बर्तन और भगवान के कुछ गहने गायब मिले थे। वारदात सीसीटीवी में कैद मिली। आरोपी जिस बाइक से आए थे पुलिस ने उसके नंबर की मदद से चोर को खोजना निकाला। उसकी पहचान शिवली रोड कल्याणपुर निवासी आशीष बाजपेई उर्फ बब्लू और शिवराजपुर निवासी रामू ठाकुर के रूप में हुई। पुलिस ने आशीष के घर दबिश दी तो जानकारी हुई कि आरोपी कल्याणपुर थाने में दर्ज गैंगस्टर के मामले में जेल जा चुका है। सीडीआर की मदद से पुलिस ने मंगलवार को रामू ठाकुर को दबोच लिया। पूछताछ में उसने बताया कि गैंगस्टर एक्ट में वांछित होने के चलते आशीष की तलाश पुलिस को थी। उसे जमानत के लिये रुपयों का इंतजाम करना था जिसके चलते आशीष ने ही चोरी की वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई थी। पुलिस ने रामू के पास से चोरी के 19,300 रुपये, पुजारी का लैपटॉप, मोबाइल व घटना में इस्तेमाल बाइक व ताला तोड़ने के लिए उपयोग में लाए गए उपकरण बरामद कर लऐ हैं। इस संबंध में डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने मंदिर में ही चोरी की घटना का खुलासा किया। बताया कि घटना के खुलासे में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए कैमरों से पुलिस को दिशा मिल सकी। उन्होंने बताया कि आशीष बाजपेई की रिमांड के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया जाएगा। चोरी का कुछ सामान उसके पास है। डीसीपी ने बताया कि आशीष के नंबर को जब ट्रूकालर पर डालकर देखा गया तो उसके नाम के आगे चोर लिखकर आने लगा। आरोपी के खिलाफ कल्याणपुर थाने में चोरी के कई मुकदमे हैं।

## बच्चे की मौत पर लापरवाही का आरोप लगाया

**कानपुर।** ग्वालटोली निवासी विजय कुमार ने बताया कि नौ माह के बेटे सूर्या को 18 फरवरी को हैलट के बाल रोग अस्पताल लाए थे। यहां पर एक महिला डॉक्टर ने बेटे को भर्ती किया। 20 फरवरी को एनआईसीयू में शिफ्ट किया गया। परिजनों ने बीते शुक्रवार को बच्चे को डॉ.यशवंत राव के अंडर में भर्ती कराया। इस पर महिला डॉक्टर और विजय के बीच कहासुनी हुई। आरोप है कि इसके बाद स्टाफ सुनता नहीं था। मंगलवार रात बेटे की हालत खराब होने की जानकारी डॉक्टरों को दी पर किसी ने नहीं सुना और बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्वरूप नगर थाने में तहरीर दी। डॉ.यशवंत राव ने बताया कि दिमाग में सूजन थी, 10 दिनों से वेंटिलेटर पर था।

# लेखपाल ने युवक का भविष्य दांव पर लगाया

संवाददाता, घाटमपुर

- सेना भर्ती के प्रमाण पत्रों के सत्यापन में की देरी, अधर में लटकी नौकरी एसडीएम से शिकायत



विजय यादव।

**अमृत विचारः** तहसील में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता। इसी रिश्वतखोरी का शिकार एक युवक हो गया। सेना में भर्ती के लिए युवक का स्थाई निवास प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए तहसील पहुंचा, मगर लेखपाल के पैसा मांगने और समय से सत्यापन नहीं होने पर युवक की नौकरी अधर में लटक गई। इसकी शिकायत एसडीएम से की गई है।

तहसील क्षेत्र के तेजपुर गांव निवासी विजय यादव पुत्र समरथ सिंह यादव ने एसडीएम यादुवेंद्र सिंह वैस को एक प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका चयन अग्निवीर सेना में हुआ था। उसके सत्यापन का पत्र छह जनवरी को तहसीलदार कार्यालय को प्राप्त हुआ। सत्यापन कर 18 जनवरी को सेना भर्ती कार्यालय लखनऊ वापस प्रेषित करना था, लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल ने उससे पैसे की डिमांड की और पैसा नहीं देने पर देरी करते हुए 16 फरवरी को अपनी जांच आख्या प्रेषित की, जिससे उसकी नौकरी अधर में लटक गई। पीड़ित युवक ने बताया कि तहसील के लिपिक, लेखपाल, कानूनगो ने उसके कागजात दबा दिए। वह पांच मार्च को तहसील पहुंचा, तब उसे पूरी जानकारी हुई। उसने एसडीएम यादुवेंद्र सिंह को प्रार्थना पत्र देकर इस प्रकरण की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। एसडीएम ने जांच के आदेश दिए हैं। बुधवार को तहसील में सत्यापन प्रक्रिया चर्चा का विषय रही।

### चोरी की बिजली से चार्ज हो रहे ई-रिक्शे

**कानपुर।** बुधवार को केसा प्रथम प्रवर्तनदल के प्रभारी हरिहर सिंह ने अवर अभियंता अमित कुमार, फूलबाग के सहायक अभियंता जेपी वार्ष्णेय, अवर अभियंता अलोक मौर्या समेत टीम के साथ संजय नगर रेलवे लाइन गंगापुल के पास छापा मारा। यहां पर टीम ने फिरोज बेगम के परिसर में चेकिंग की। केसा प्रथम प्रवर्तनदल के प्रभारी हरिहर सिंह ने बताया कि परिसर में चोरी की बिजली से आठ ई-रिक्शे चार्ज होते मिले। इसलिए संबंधित पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**CONSTRUCTION DIVISION-II, U.P. JAL NIGAM(U), KANPUR**
**Fax-0512-2215831 Email: pmbarrageknp@yahoo.com**

पत्रांक: 336/M-10/28 दिनांक: 05/03/2024

**E-TENDER NOTICE**

On behalf of the Chairman, U.P. JalNigam (Urban) invites E-bids for execution of: **"Laying, jointing, testing & commissioning and other appurtenant from Laxmi market to Bajpai Traders Gappu Chappu Chauraha at ZPS CW-04 Chedi singh ka purwa Under JNNURM Phase II of Kanpur City"** are invited in two bid system on percentage rate basis form eligible, reputed and experienced bidder. E-bid documents will be available for download from 06.03.2024 by 15:00 Hrs. E-bids can be submitted till 18.03.2024 up to 15:00 Hrs. and technical bid shall be opened on 18.03.2024 at 15:30 Hrs. in the office of Executive Engineer, Construction Division-II, U.P. Jal Nigam (Urban), Kanpur in presence of contractor or their authorized representative, every E-tender Cost is Rs 3000 + GST @ 18% for tender. Details are available on U.P. Govt. e-procurement portal http://etender.up.nic.in & U.P.J.N website www.jn.upsdc.gov.in.

Executive Engineer

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, चौबेपुर

- पीस कमेटी की बैठक में एसीपी ने दी चेतावनी

**अमृत विचार।** आगामी पर्वों के मद्देनजर बुधवार को थाने में पीस कमेटी की बैठक की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने इलाकाई लोगों से मिल-जुल कर सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

महाशिवरात्रि, होली और रमजान को लेकर बुधवार को थाने में ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों व क्षेत्रीय लोगों की बैठक बुलाई गई। बैठक में एसीपी बिल्हौर अजय त्रिवेदी ने कहा कि त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। यदि कहीं भी किसी प्रकार की अराजकता फैलने की आशंका हो तो तत्काल सीयूजी नंबर अथवा 112 नम्बर डायल कर इसकी सूचना दें। अफवाहें फैलाने और अराजकता करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान उन्होंने मौजूद लोगों से अपनी समस्या रखने के लिए भी कहा।

## सीसामऊ में युवक को मारी चाकू, रिपोर्ट

**कानपुर।** सीसामऊ थानाक्षेत्र में लेनदेन के विवाद में आरोपी ने केला बेचने वाले युवक पर चाकुओं से हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की जानकरी देकर घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बजरिया प्रेमनगर निवासी जय प्रकाश गुप्ता सीसामऊ में केले का ठेला लगाते हैं।

बुधवार शाम वह केले के ठेले पर थे। तभी नशे की हालत में प्रेमनगर निवासी रमेश उर्फ राजू वहां पहुंचा। दोनों में लेनेदेन को लेकर विवाद होने लगा। इसी बीच रमेश ने ठेले पर रखा चाकू उठाकर जय प्रकाश पर हमला कर दिया।

# देहात को हरा लखनऊ बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



विजेता लखनऊ टीम खुशी मनाते हुए। अमृत विचार

- ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष फुटबाल
- विजेता-उपविजेता टीम को डीएम ने ट्राफी प्रदान की

**अमृत विचार।** ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता के अंतिम दिन बुधवार को फाइनल मुकाबले में लखनऊ ने कानपुर देहात को 1-0 से हराकर खिताब जीता।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता में बुधवार को लखनऊ व कानपुर देहात के बीच फाइनल मुकाबला हुआ।

लखनऊ टीम ने शुरूआत से ही जबरदस्त प्रदर्शन किया। कानपुर देहात टीम को हावी होने नहीं दिया। लखनऊ के खिलाड़ियों ने तेजी दिखाते हुए मुकाबला 1-0 से जीत लिया और ओपन स्टेट मुकाबले में चैंपियन बने। मुख्य अतिथि डीएम राकेश कुमार सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी व पुरस्कार प्रदान किए। निर्णायकों को भी पुरस्कृत किया। उप निदेशक (खेल) आरएन सिंह, उप क्रीड़ाधिकारी अमित पाल, जिला फुटबाल संघ के सचिव अजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि इंद्र मोहन रोहतगी, जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी, रेफरी, सीनियर खिलाड़ी मौजूद रहे।




**VARUN ARJUN UNIVERSITY**
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

तैयारी — कड़ी सुरक्षा के बीच होंगे 193 शिव मंदिरों में दर्शन, ड्रोन और सीसीटीवी से चप्पे-चप्पे की होगी निगरानी

# शिव मंदिरों के पास बनेगी अस्थाई चौकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां पुलिस-प्रशासन के स्तरपर जोरों पर हैं। लाखों भक्तों को व्यवस्थित तरीके से दर्शन कराने और मंदिर के साथ उनकी सुरक्षा को लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

शहर और आउटर के कुल 193 शिवमंदिरों पर कड़ी सुरक्षा के बीच दर्शन होंगे। सभी शिवमंदिरों के पास अस्थाई चौकी बनाई जाएगी। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार व जिलाधिकारी राकेश कुमार ने पुलिस कार्यालय के मीटिंग सभागार में मन्दिरों के पुजारी और व्यवस्थापकों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की। मीटिंग में अपर पुलिस उपायुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर, सभी पुलिस उपायुक्त, एडीएम सिटी, अपर नगर आयुक्त नगर निगम, सभी अपर पुलिस उपायुक्त, सभी सहायक पुलिस आयुक्त व अन्य प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।




पुलिस कमिश्नर ने बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। अमृत विचार

### निम्न बिन्दुओं पर की चर्चा, दिए निर्देश

- मंदिरों के आसपास अस्थाई पुलिस चौकी बनाई जाएगी।
- परंपरागत रूप से निकाली जाएंगी शोभा यात्राएं।
- सभी अधिकारी मंदिर व शोभा यात्रा के रूट का भ्रमण करेंगे।
- मंदिरों में सीसीटीवी के साथ-साथ ड्रोन से निगरानी की जाएगी।
- मंदिरों के पास मिनी कंट्रोल रूम व शोभा यात्राओं में पीए सिस्टम मौजूद रहेगा।
- मंदिर परिसर व एन्ट्री एग्जिट पर पुलिस बल के साथ-साथ वालंटियर व सिविल डिफेन्स के कर्मी आई-कार्ड के साथ मौजूद रहेंगे।
- सभी मंदिर व शोभा यात्राओं में महिला पुलिस, यातायात पुलिस व एलआईयू मुस्तैद रहेंगे।
- नदियों किनारे कराई जाएगी बेरीकेडिंग, जल पुलिस भी मौजूद रहेगी।
- शोभा यात्राओं व मंदिरों के मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था के लिए निर्देश दिए गए।
- मंदिरों के आसपास मोबाइल टायलेट की व्यवस्था रहेगी।
- भंडारे में प्लास्टिक के उपयोग पर रहेगी रोक एवं पर्याप्त मात्रा में रखे जाएं डस्टबिन।
- तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होगी।
- शोभा यात्रा व मंदिर परिसर में अराजकतत्वों व शराब पीकर सम्मलित होने वालों पर कार्रवाई होगी।

## आज से कल तक रहेगा डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि को लेकर परमट मंदिर में काफी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। इसको देखते हुए सात मार्च की रात 10 बजे से आठ मार्च की रात 12 बजे तक डायवर्जन लागू रहेगा। यातायात पुलिस ने इस दौरान पार्किंग की व्यवस्था कर ली है। यातायात पुलिस की अपील है कि महाशिवरात्रि पर्व पर वीआईपी रोड पर यातायात का दवाब रहेगा सभी शहरवासियों से अनुरोध है वह वैकल्पिक मागों का प्रयोग करें।

- कोई भी भारी वाहन मेघदूत तिराहे से सरसैया घाट होते हुए टैफ्को तिराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन मेघदूत तिराहे से बड़ा चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेगें।
- कंपनी बाग की तरफ से आने वाले भारी वाहन जिन्हें रेव थ्री टैफ्को तिराहे की तरफ जाना है, ऐसे वाहन रेव थ्री से दाहिनें मुड़कर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।
- चौबेपुर से भारी वाहन बिठूर की तरफ नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन चौबेपुर से सीधे मंधना होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।
- एसकोठारी चौराहे से कोई भारी वाहन बिठूर की तरफ नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन सीधे मंधना चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।
- बिठूर तिराहा ब्लू वर्ल्ड तिराहा से कोई भारी वाहन बिठूर की तरफ नहीं जा सकेंगे। ऐसे भारी वाहन मंधना चौराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

### यहां की गई पार्किंग व्यवस्था

- डीएवी तिराहे से चार और दो पहिया वाहन यूनियन बैंक तिराहे से पहले व डीएवी तिराहे के मध्य सडक के दोनों तरफ अपने वाहन पार्क कर सकेंगे।
- ग्रीनपार्क चौराहा से चार पहिया व दो पहिया वाहन शराब गद्दी तिराहे से पहले सड़क के दोनों ओर पार्क कर सकेंगे।
- टैफ्को तिराहे से परमट मंदिर की ओर आने वाले चार व दो पहिया वाहन रैन बसेरा वक्कल स्थल पर अपने वाहन पार्क कर सकेगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पिलखिनी विकासखंड पहाड़ी चित्रकूट**

**निविदा**

विकासखंड पहाड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत पिलखनी में गौशाला योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत के गौशाला में प्रयुक्त होने वाले भूषा हेतु (वित्तीय वर्ष 2024) पंजीकृत फर्मों एवं सप्लायरों से दिनांक 10 मार्च को अपराह्न 2:00 बजे निम्न विवरणों के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती हैं जो कि उसी दिन अपराह्न साढे तीन बजे तक ग्राम पंचायत में उपस्थित सचिव ग्राम प्रधान व समिति के सदस्यों के समक्ष निविदा दाताओं की निविदाएं खोली जाएगी निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 7/03/24 से 10/3/2024 को 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा प्रपत्र लिए जा सकते हैं ।

**कार्य – ग्राम पंचायत के गौशाला में भूसा सप्लाई का कार्य**

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत पिलखिनी**
**विकासखंड पहाड़ी चित्रकूट**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत पिलखिनी**
**विकासखंड पहाड़ी चित्रकूट**

**कार्यालय ग्राम पंचायत –सलुवा, विकास खण्ड–चरखारी (महोबा)**

पताकं : मेमो मनरेगा / निविदा/2023–24 दिनांक: 06/03/24

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा 2023–24 के अन्तर्गत ग्रा0प0 महोबा की स्वीकृत कार्य योजना 2023–24 में निम्नलिखित कार्य हेतु सामग्री सन्दर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक–07.03.2024 से 11.03.2024 को समय प्रात: 11.00 बजे से 3.00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी। दिनांक 11.03.2024 को शांय 04:00 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क0सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार लागत रू लाख में | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति किये जाने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत सलुवा में विश्वनाथ कुशवाहा के घर से सुम्मा कुशवाहा के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | मोरम, 40 एम0एम0 जी0एस0बी0, 20 एम0एम0 स्टोन ग्रिट, सीमेंट, फाइन सैण्डजोन IV , हायर चार्ज ऑफ कंकरीट मिक्चर 0.25 से 0.40, ब्रिक्स एम0–150, कोर्स सैण्ड जोन III , 80 एम0एम0 थिक इण्टरलॉक, सैण्ड जोन (V जमुना) आदि। | 318672.00 | 4321.00 | 60 दिन |

नियम/शर्तें :–
1– आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार को आयकर एवं व्यापार कर विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए, जिसकी प्रति निविदा के साथ संलग्न की जायेगी।
2– आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार द्वारा उपरोक्त धरोहर राशि एनएससी/केवीपी/डाकघर पासबुक/टीडीआर गाम पंचायत के पक्ष में बंधक कराकर निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।
3– आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार को कार्य स्थल पर सामग्री की पहुंचता दरें निविदा प्रपत्र पर अंकित करनी होगी।
4– आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार को निर्धारित अवधि में कार्य स्थल पर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी, अन्यथा धरोहर राशि जपत करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
5– निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने अथवा स्वीकार करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार समिति का होगा।

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी,** सलुवा,(चरखारी) महोबा

आज का मौसम
आसमान साफ रहेगा, बारिश की संभावना नहीं।

| 24.0⁰ | 9.8⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 26 | सूर्यास्त 06 : 13 |

# आज से तीन पैकेज में लें कानपुर दर्शन का आनंद

## मात्र एक हजार रुपये में ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों के भ्रमण का पैकेज, गाइड और निशुल्क जलपान की मिलेगी सुविधा

खुशखबरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** पयर्टन विभाग मात्र एक हजार रुपये में कानपुर के ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों का भ्रमण कराएगा। तीन पैकेज में इसकी रूपरेखा तय की गई है। इसमें कानपुर के धार्मिक व दार्शनिक स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे। पैकेज में गाइड और निशुल्क जलपान की भी सुविधा रहेगी।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग आकर्षक पैकेज सात मार्च से शुरू किए जा रहे हैं। रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में इस पैकेज में भ्रमण कराया जाएगा। समूहों में अलग से भ्रमण के लिये विशेष पैकेज है। बुकिंग के लिए कानपुर दर्शन की आफिशियल वेबसाइट पर लोग अपनी यात्रा को बुक कर सकेंगे।




बोट क्लब आसानी से जा सकेंगे दर्शक। अमृत विचार

### प्रथम पैकेज में घूम सकेंगे ध्रुव टीला और गणेश मंदिर

- पहले पैकेज के अन्तर्गत बिठूर दर्शन होगा जिसमें प्रति व्यक्ति 330 रुपये यात्रा व्यय होगा। इस पैकेज में ध्रुव टीला, बिठूर घाट ( ब्रह्म खूंटी, बारादरी, गणेश मंदिर), बिठूर संग्रहालय, लव कुश जन्मस्थली एवं सीता की रसोई, सुधांशु जी आश्रम का भ्रमण कराया जाएगा। शहर के रामा देवी चौराहा पर सुबह साढ़े आठ बजे से, संजय वन से नौ बजे और रावतपुर चौराहा से सुबह साढ़े नौ बजे से यात्रा शुरू होगी।

### तीसरे पैकेज में रात्रि दर्शन

- तीसरा पैकेज रात्रि दर्शन है। इसमें प्रति व्यक्ति यात्रा व्यय 390 रुपये है। पैकेज में गंगा आरती का दर्शन कराया जाएगा। एल्गिन मिल, लाल इमली, कोतवाली और फूलबाग लाइट एंड साउंड शो का भ्रमण कराया जाएगा। इस पैकेज में घंटाघर चौराहा से शाम को चार बजे, फूलबाग चौराहा से शाम साढ़े चार बजे और मोतीझील से शाम पांच बजे यात्रा शुरू होगी। तीनों में पैकेज में गाइड और नि :शुल्क जलपान की सुविधा रहेगी। 20 पर्यटकों से अधिक का समूह उपलब्ध होने पर ग्रुप की क्षमता के अनुसार बस उपलब्ध कराते हुए स्थलों का चयन, भ्रमण समय और दिन निर्धारित किया जाएगा। पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए हैं।



भीतरगांव सूर्य मंदिर भी पर्यटन स्थल है । अमृत विचार

### दूसरे पैकेज में जैन मंदिर भी घूम सकेंगे

- वहीं, दूसरे पैकेज में धार्मिक दर्शन के तहत प्रति व्यक्ति यात्रा व्यय 280 रुपये तय किया गया है। श्रद्धालुओं को तपेश्वरी मंदिर, आनंदेश्वर मंदिर, जेके मंदिर, इस्कान मंदिर, सुधांशु जी आश्रम, साई मंदिर, जैन मंदिर, पनकी मंदिर का भ्रमण कराया जाएगा। रामादेवी चौराहा से सुबह साढ़े आठ बजे, मनोज इंटरनेशनल से पौने नौ बजे, घंटाघर चौराहा से 9 .10 बजे और फूलबाग चौराहा से साढ़े नौ बजे यात्रा शुरू होगी।

हेलो डाक्टर
सफेद दाग का शर्तिया इलाज इससे सम्बन्धित समस्याओं के लिए करें सवाल!
सफेद दाग, सोरायसिस कुष्ठ रोग, मुहांसे, तिल मस्से एवं झाई जैसी समस्याओं के हल के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के चर्म एवं कुष्ठ रोग विभाग के विशेषज्ञों से करें सवाल।
दिनांक 07 मार्च दिन गुरुवार समय दोपहर 12 से 02 बजे ।
मो.नं: 9219805718

## शहर में आज

- **प्रदर्शन :** महिला दिवस पर विषाक्त पुरुषत्व पर प्रतिरोध व विमर्श स्वरूप नगर उत्कर्ष अकादमी एनेक्सी में सुबह 11 :30 बजे।
- **सभा :** समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा सर्व धर्म प्रार्थना सभा फूलबाग गांधी प्रतिमा में दोपहर 12 बजे।
- **बैठक :** अकबरपुर लोकसभा संचालन समिति समेत तीन समिति की भौंती चौहान ढाबा में बैठक 12 :30 बजे।
- **कार्यक्रम :** महिला दिवस पर सखी केंद्र द्वारा गेम्स, डांस, प्रतियोगिया व इंफो धमाल फूलबाग गांधी में एक बजे।
- **बैठक :** इंडिया गठबंधन के प्रमुख पदाधिकारियों, विधायकों व पूर्व विधायकों की सपा कार्यालय में बैठक तीन बजे।
- **गोष्ठी :** कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा अप्रत्यक्षकर पर अध्ययन गोष्ठी प्रथम तल में चार बजे।
- **मैराथन :** इनरवील क्लब ऑफ ब्रहमावर्त द्वारा केडीएम वर्ल्ड स्कूल में मैराथन व कार्यक्रम शाम 4 :30 बजे।

## एक नजर

### 11 को बुलाया गया नगर निगम सदन

**कानपुर।** नगर निगम सदन को 11 मार्च सोमवार को दोपहर एक बजे बुलाया गया है। इस दौरान नगर निगम और जलकल के मूल बजट वित्तीय वर्ष 24-25 पर चर्चा की जायेगी। वहीं, पार्षदों की ओर से दिये गये प्रस्तावों पर भी विचार विमर्श किया जायेगा। सदन में अन्य विषयों पर महापौर व अध्यक्ष की अनुमति से ही चर्चा होगी। नगर निगम सचिव कार्यालय की ओर से सभी पार्षदों को सदन की जानकारी दी गई है।

# गौकशों से हुई मुठभेड़ में एक के पैर में लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र में गंगा किनारे जंगल में गोकशी कर मांस बेचने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने बुधवार तड़के मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। जिसका उपचार उर्सला अस्पताल में पुलिस अभिरक्षा में किया जा रहा है। पुलिस के इस गुडवर्क में एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने अहम भूमिका निभाई। डीसीपी सेंट्रल ने टीम को 25 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की।

डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने प्रेसवार्ता कर बताया कि चार दिन पहले एक पालतू गाय की म्योर मिल मछली बाजार के अंदर जंगल में हत्या की गई थी। खुलासे के लिए एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस पड़ताल कर रही थी। बुधवार तड़के चार बजे के करीब पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक एक गाय को रामानिहालुपुर चौकी क्षेत्र के मंगलपुर गांव में गंगा किनारे बांधे हुए हैं। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने सर्किल के फोर्स के साथ छापेमारी की। जहां दो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उन्नाव के कासिम नगर निवासी मोहम्मद अशफाक उर्फ जूली के पैर में गोली लगी। उसके साथी उन्नाव निवासी मोहम्मद अजहरूद्दीन को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से कुल्हाड़ी, चापड़, दो तमंचे, कारतूस बरामद हुए हैं।



घायल अशफाक उर्फ जूली।

- ग्वालटोली के जंगल में पुलिस ने छापामार कर की कार्रवाई
- एक जिंदा पशु बरामद, टीम को 25 हजार इनाम की घोषणा

# आनंद विहार और पुरी के लिए चलाई जाएगी नई ट्रेन

**कानपुर।** रेलवे प्रशासन ने नई ट्रेन 18427 व 18428 साप्ताहिक एक्सप्रेस (पुरी-आनंदविहार टर्मिनल-पुरी) का संचालन करने का निर्णय लिया है। सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव पांच मिनट का होगा। नौ मार्च को नई ट्रेन 18427 पुरी-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस चलेगी। दस मार्च को 18428 आनंद विहास टर्मिनल-पुरी एक्सप्रेस रवाना होगी। पुरी से प्रत्येक शनिवार व आनंद विहार टर्मिनल से प्रत्येक रविवार को ट्रेन चलेगी। नई ट्रेन में सामान्य श्रेणी के चार डिब्बे, स्लीपर के छह, एसी तृतीय श्रेणी के पांच, एक इकॉनमी कोच, एक एसी प्रथम श्रेणी, एसी द्वितीय श्रेणी के दो डिब्बे होंगे। कुल 22 डिब्बों की ट्रेन होगी।



उद्घाटन समारोह में मौजूद विधायक सुरेंद्र मैथानी, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ .अनुज कुमार सिंह व पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ .अरुण कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

# 11 आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बुधवार को 11 आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का उद्घाटन किया। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ.अनुज कुमार सिंह ने बताया कि सभी केंद्र में एक-एक चिकित्साधिकारी, एक फार्मासिस्ट, चतुर्थ श्रेणी कर्मी और महिला व पुरुष दो योगा प्रशिक्षक तैनात किए गए हैं। क्षेत्र के लोगों को होम्योपैथिक विधि के प्रति जागरूक करेंगे और बीमार व्यक्ति का इलाज करेंगे। जिले में राजकीय होम्योपैथिक के आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर नहीं थे। ऐसे में होम्योपैथिक विधि से इलाज कराने वाले रोगियों को निजी क्लीनिकों का सहारा लेना पड़ता था। शासन ने जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ.अनुज कुमार सिंह को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के लिए जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए थे। होम्योपैथिक विभाग के अधिकारियों ने 11 जगह तयकर शासन को प्रस्ताव भेजा।

इसके बाद महाराजपुर, पाल्हेपुर, रमईपुर, ओरिया, तिलसड़ा, ऊरिया, अमौली, भैसऊ, गबड़हा, पनकी व टिकरा में आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निर्माण शुरू हुआ। निर्माण पूरा होने के बाद उद्घाटन किया गया। इस दौरान पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ.अरुण कुमार सिंह, सभी चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट व यूपीपीसीएल प्रोजेक्ट के मैनेजर आदि मौजूद रहे।

# वीआईपी रोड पर 100 की रफ्तार से दौड़ाई कार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार देर रात कोतवाली थानाक्षेत्र में वीआईपी रोड पर रफ्तार की मार देखने को मिली। एडीजी जोन आवास के पास रईसजादे ने 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से एसयूवी को दौड़ाया। अनियंत्रित होकर कार बिजली के तीन पोल को टक्कर मारते हुई सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार सवार युवक नशे में धुत था। केस्को की टीम ने जांच कर रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा है।

मंगलवार देर रात तकरीबन ढाई बजे वीआईपी रोड पर एडीजी जोन आवास के पास तिराहे पर एक तेज रफ्तार एसयूवी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसा इतना तेज था कि कार के सभी एयरबैग खुल गए थे। जब तक कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तबतक आरोपी कार चालक शीशे तोड़कर फरार हो गया था। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि कार नंबर के आधार पर मालिक की पहचान पार्वती बागला रोड निवासी सुरेश चंदानी के रूप में हुई है। हादसे में बिजली के तीन पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिससे रात में आसपास की बिजली ठप हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार चालक नशे में धुत था। गाड़ी की गति 100 किमी प्रति घंटे की रही थी। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं फूलबाग डिवीजन के सहायक अभियंता जेपी वार्ष्णेय ने बताया कि तीन पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके साथ ही बिजली की लाइन भी टूट गई। जिसकी मरम्मत का कार्य दिनभर चला। विभाग कार चालक के खिलाफ गुरुवार को कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराएगा।



हादसे के बाद पलटी पड़ी कार। अमृत विचार

- रईसजादे की करतूत, तीन पोल तोड़कर पलटी कार
- पोल और लाइन तोड़ने पर केस्को दर्ज कराएगा रिपोर्ट

# शीतला बाजार की टेपिंग टूटी, गंगा में गई गंदगी

**कानपुर।** यूपीपीसीबी के अधिकारियों के निरीक्षण में एक बार फिर से गंगा में गंदगी जाती मिली है। शीतलाबाजार नाले की टेपिंग क्षतिग्रस्त मिली है। अधिकारियों ने जलनिगम के अधिकारियों को चेतावनी जारी कर समस्या को दूर करने के निर्देश दिये हैं। कहा है कि यदि समस्या दूर नहीं हुई तो भारी जुर्माना लगाया जायेगा। यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि जाजमऊ स्थित पम्पिंग स्टेशन-02 (शीतला बाजार) एवं शीतलाबाजार नाले का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शीतला बाजार नाले की अस्थायी टेपिंग क्षतिग्रस्त पायी गयी और अशोधित सीवेज सीधे गंगा नदी में बहता मिला। उन्होंने कहा कि माघ मेला के तहत आगामी मुख्य स्नान पर्व महाशिवरात्रि है। इस दौरान गंगा नदी में गंदगी जाने से रोकने पर विशेष फोकस है। इसके बावजूद जलनिगम की कार्यशैली की वजह से गंगा प्रदूषित हो रही हैं। यूपीपीसीबी ने जलनिगम को पत्र लिखा है। नाले की स्थाई टेपिंग कराने को कहा है।

- यूपीपीसीबी के निरीक्षण में गंगा में बहती मिली गंदगी जलनिगम को चेतावनी

# महिला दरोगा को तेजाब से जलाने की धमकी

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार।** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में शादी कहीं और करने पर शोहदे ने महिला दरोगा को परिवार समेत तेजाब से जला डालने की धमकी दी है। जिसके बाद पूरा परिवार दहशत में जीने को मजबूर है। युवती के होने वाले ससुरालीजनों को पूर्व की फोटो और वीडियो दिखाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। युवती ने पिता के साथ थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया।

थाना क्षेत्र में रहने वाले सीआरपीएफ दरोगा की बेटी की क्षेत्र के रहने वाले अजय कुमार से मित्रता थी। करीब एक साल पहले युवती की पुलिस दरोगा के पद पर मेरठ में नियुक्ति हो गई। युवती की दरोगा के बेटे से शादी तय हो गई। जिस पर अजय ने युवती को फोन पर दूसरी जगह शादी करने से रोका। अजय ने उसे दूसरी जगह शादी करने पर परिवार समेत तेजाब से जलाकर मार देने की धमकी दे दी। इसके बाद उसके होने वाले ससुरालीजनों को पूर्व में युवती के साथ खिंचाई फोटो और बने वीडियो दिखाकर शादी तोड़ने का दबाव बनाया। आरोप है कि अजय ने भाई आशीष, अजीत और बहनोई अजय कुमार के साथ मिलकर युवती को बदनाम करने के लिए एडिट किए हुए फोटो दिखाए।

- कहा, दूसरी जगह शादी की तो पूरे परिवार को तेजाब से जला दूंगा
- सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र का मामला, रिपोर्ट दर्ज

बढ़ी मुसीबत | मेडिकल ने बढ़ाई ट्रांसजेंडर दीप तनवानी की परेशानी, बुधवार को बोर्ड से दोबारा मेडिकल के लिए भेजा

# मेडिकल में पुरुष और स्त्री, दोनों के लक्षण मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंदौर की फैशन डिजाइनर ट्रांसजेंडर दीप तनवानी ने एक करोड़ रुपये खर्च करके कॉस्मेटिक और प्लास्टिक सर्जरी से खुद को महिला बनाने की कोशिश की। जेल भेजने के दौरान मेडिकल होने पर उसमें स्त्री के लक्षण पाए गए।

मंगलवार देर शाम जेल में जब दीप तनवानी का मेडिकल हुआ तो उसके अंदर पुरुष के लक्षण पाए गए। इसके बाद जेल के डॉक्टर ने उसे दोबारा मेडिकल जांच के लिए सलाह लिखी। जेल अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय के आदेश के बाद बुधवार को बंदी रक्षकों और पुलिस लाइन की महिला सिपाहियों के साथ उसे मेडिकल के लिए बोर्ड के पास भेजा गया। जेल अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय ने बताया कि दीप तनवानी के रहने का अलग इंतजाम किया गया है।

उन्होंने बताया कि दीप तनवानी के रहने, खाने और नहाने का इंतजाम अलग होगा। बैरिक में सुरक्षा में तैनात महिला बंदी रक्षक ने बताया कि मंगलवार पूरी रात वह सोई नहीं। कभी छत की तरफ तो कभी उसकी तरफ देखती रही। उसने कहा कि कानपुर में उसका कोई मिलने वाला भी नहीं है। अब उसके साथ क्या होगा? सुबह उसने बंदी रक्षक से पूछा कि अब उसे कितने दिन रहना होगा? साथ ही इंदौर में रहने वाले परिवार वालों से बात भी कराने को कहा। दीप ने कहा कि उसके प्रेमी वैभव ने हर कदम पर धोखा दिया है। वह वैभव की हर तरह से मदद करती थी। वैभव के धोखा देने पर उसने दोस्त रोहन के साथ मिलकर उसके चाचा अनूप शुक्ला की कार फूंक दी थी। वैभव के शादी के इन्कार करने पर वह अंदर ही अंदर जल रही थी।




दीप तनवानी। अमृत विचार

### दर्द की कहानी, दीप की जुबानी

- दीप तनवानी ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2021 में उसकी जान पहचान वैभव से इंस्टाग्राम पर हुई थी। उस समय वैभव, सोनू मौर्य नाम की फेक इंस्टा आईडी से बातचीत करता था। मई में उससे मिलने वृंदावन के अखंडानंद आश्रम पहुंची। तब वैभव ने कहा कि मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं। अपनी सर्जरी कराकर लड़की बन जाओ अपने घरवालों को शादी के लिए मना लूंगा। नौ जुलाई 2021 को उसने ब्रेस्ट सर्जरी करवाई। कुछ दिन बाद वैभव ने बात करना कम कर दिया। सोनू मौर्य के नाम से जो इंस्टा आईडी बनाया था उसे भी बंद कर दिया। उसके पास जो नम्बर था, वह भी बंद आने लगा। वैभव एक बार उसके घर भी आया था। उसने मां से कहा था कि वह उससे शादी करना चाहता है। उसके साथ कई बार अप्राकृतिक संबंध बनाए थे। बाद में शादी की बात करने पर झगड़ा करने लगता था। फिर शादी की बात से मुकर गया और बोला परिवार राजी नहीं होगा तुमसे बच्चे भी नहीं होंगे, अब मुझसे मत मिलना। दीप तनवानी ने वैभव से चैटिंग के साक्ष्य भी पुलिस को बताए हैं। पुलिस जांच कर रही है।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

# नए भवन में स्थानांतरित होगा आईआईटी टेक्नो पार्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


इस भवन में जाएगा टेक्नो पार्क। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर के रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी पार्क ने अत्याधुनिक नवाचार और ज्ञान-आधारित प्रौद्योगिकी को विकसित करने में पांच साल पूरे कर लिए हैं। अब जल्दी ही टेक्नो पार्क अपने नए भवन में स्थानांतरित होगा।

टेक्नोपार्क का अत्याधुनिक नए भवन में जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा। माना जा रहा है कि इसके बाद यहां कंपनियों की संख्या बढ़ेगी। टेक्नो पार्क ढाई लाख वर्ग फिट जगह में फैला है। इसके नए भवन में आरएंडडी सेंटर और प्रयोगशाला के साथ कैफेटेरिया, बैठक, सम्मेलन और प्रशिक्षण कक्ष जैसी सुविधा होगी। नए भवन को उद्योगों की जरूरत के लिहाज से डिजाइन किया गया है। यहां लॉरस लैब्स लिमिटेड, मेरिल डायग्नोस्टिक्स, टीवीएम सिग्नलिंग और ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम, जियो

- **पांच साल हुए पूरे, उद्योगों की जरूरत के लिहाज से बनाया गया भवन, बढ़ेंगी कंपनियां**

क्लाइमेट रिस्क सॉल्यूशंस, क्यू-लाइन बायोटेक जैसी कई अग्रणी कंपनियों की उपस्थिति देखी जाएगी। हैदराबाद स्थित अग्रणी फार्मा और जैव प्रौद्योगिकी कंपनी लॉरस लैब्स लिमिटेड ने जीन थेरेपी डोमेन में आईआईटी कानपुर से प्रौद्योगिकी का लाइसेंस प्राप्त किया है। अब कंपनी टेक्नोपार्क में सीजीएमपी वेक्टर विनिर्माण सुविधा स्थापित कर रही है।

आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर एस गणेश के अनुसार टेक्नो पार्क से पांच साल के भीतर लॉरस लैब्स जैसे कुछ बड़े नामों सहित अनुसंधान केंद्रित कंपनियों को कानपुर लाने में सफलता मिली है। नवाचार की गति में तेजी लाने और ठोस सामाजिक-आर्थिक प्रभाव डालने के लिए अकादमिक समुदाय के साथ सार्थक जुड़ाव बनाया गया है। यह पहल एक मजबूत आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के निर्माण में सरकार के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण साधन बनेगी। टेक्नो पार्क की शुरुआत मार्च 2019 में एक नॉन-प्रॉफिट सेक्शन कंपनी के रूप में हुई थी।

# लोडर चालक का अपहरण, हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर देहात से लोडर पर सात दिन पहले भाड़ा लादकर निकले चालक का शव कालपी कोतवाली क्षेत्र के जोल्हूपुर मदारीपुर मार्ग पर पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। लापता होने के बाद उसने फोन से परिजनों को जानकारी दी थी कि उसको लूटकर बंधक बना लिया गया है। इस पर परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

- **कानपुर देहात से भाड़ा लादकर 29 फरवरी को निकला था**

कानपुर देहात के देवराहट थाना क्षेत्र के भलार रसूलपुर गांव के रहने वाला 35 वर्षीय अरुण कुमार लोडर चलाता था। 29 फरवरी को लोडर लेकर शिकोहाबाद जा रहा था। तभी उसने फोन पर पत्नी सपना देवी को सूचना दी कि उसका अपहरण कर लिया गया है, दो लोग उसे बंधक बनाए हैं। बाद में उसका लोडर महाराजपुर के बेनी माधव गेस्ट हाउस के पास खड़ा मिला। पत्नी की तहरीर पर महाराजपुर पुलिस ने लूट व अपहरण की धाराओं में रिपोर्ट दर्जकर उसकी तलाश शुरू की थी। बुधवार को उसका शव कालपी कोतवाली क्षेत्र के जोल्हूपुर मदारीपुर रोड़ पर जंगल में मिला। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराकर परिजनों को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंचे छोटे भाई अनीश कुमार ने उसकी शिनाख्त की। बताया कि वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। परिजनों का कहना था कि लूट के बाद उसकी हत्या करने के बाद शव को जंगल में फेंका गया लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर सकी। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# यू-विन पोर्टल में पंजीकरण के बाद जारी होगा ई-कार्ड

## टीकाकरण के लिए स्लॉट बुक होने से चक्कर नहीं लगाने होंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गर्भवती को टीकाकरण के लिए अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। वह घर के पास स्थित अस्पताल में खुद या बच्चे का टीकाकरण करा सकेंगी। उन्हें यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण के बाद ई-कार्ड जारी होगा और टीकाकरण के लिए स्लॉट बुक कराने पर उनको बार-बार अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। प्रदेश में 10 मार्च को पोर्टल चालू करने की योजना है।

टीकाकरण कराने के लिए गर्भवती व बच्चों को अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते है। तिथि से पहले या बाद में पहुंचने पर उनके दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के पास भी टीकाकरण का पूरा आंकड़ा नहीं जुट पाता था। टीकाकरण का डाटा एक ही जगह एकत्र हो इसलिए केंद्र सरकार ने को-विन की तरह यू-विन पोर्टल की शुरूआत की है, जिसका संचालन अभी तक उत्तर प्रदेश में इसे पायलट प्रोजेक्ट के तहत लखनऊ व बाराबंकी जिलों में शुरू किया गया था। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.यूबी सिंह ने बताया कि यू-विन आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, इलेक्ट्रनिक वैक्सीन इंटेलीजेंस नेटवर्क ई-विन व कोविन से लिंक है। राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम व कोविड टीकाकरण के प्रबंधन में ई-विन और कोविन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश के दो जिलों में इसका सफल संचालन होने के बाद सरकार ने पोर्टल 10 मार्च को चालू करने की योजना तैयार की है। 13 मार्च को होने वाले नियमित टीकाकरण सत्र का डाटा इस पोर्टल पर ही दर्ज किया जाएगा। कोविन में पंजीकरण होने के बाद गर्भवती व बच्चे का देश में किसी राज्य व जिले में टीकाकरण कराना आसान होगा। इसका सबसे अधिक फायदा काम से सिलसिले से एक जिले से दूसरे जिले या एक राज्य से दूसरे राज्य जाने वाले लोगों को अधिक मिलेगा। पंजीकरण के बाद उनको एक ई-कार्ड जारी होगा। टीकाकरण के लिए स्लॉट बुक कराने के बाद उनको बार-बार अस्पताल के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे।

### ऑनलाइन बुकिंग की भी मिलेगी सुविधा

डब्ल्यूएचओ के एसआरटीएल डॉ. बीएस चंदेल ने बताया कि कोरोना काल के समय को-विन पोर्टल के माध्यम से लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा दी गई थी। अब उसी तर्ज पर यू-विन पोर्टल पर गर्भवती व पांच वर्ष तक के बच्चों का केंद्रों पर टीकाकरण की जानकारी देने के साथ ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी होगी। टीका का डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा। कितने बच्चे व गर्भवती को टीकाकरण से वंचित हैं, इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग के पास होगी।

## टीबी उन्मूलन में 42 वें नंबर पर जिला

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में टीबी रोगियों की खोज करने, उनको समय से इलाज देने आदि मामलों में कानपुर जनवरी माह में 75 वें पायदान पर था। अब प्रदेश में कानपुर जिला 75 वें पायदान से 42 पायदान पर आ गया है।

इस संबंध में फरवरी माह में राजकीय क्षय रोग अधिकारियों की टीम ने सर्वे कर डीएम आरके सिंह, सीएमओ डॉ.आलोक रंजन व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.आरपी मिश्रा के साथ बैठक कर आंकड़ों में सुधार करने के सख्त निर्देश दिए थे। इसका नतीजा यह रहा कि जिला क्षय रोग के जिम्मेदार अधिकारी सड़क पर उतरे और टीबी मरीजों का फीड लेकर उनको दवा उपलब्ध कराने के साथ जांचें की गईं। साथ ही रोगियों को पोषक तत्वों का सेवन करने की सलाह दी गई। इसके अलावा अधिकारियों ने टीबी क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी नियंत्रण प्रोगाम के वर्करों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षित यह वर्कर भी मैदान में उतरे। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.आरपी मिश्रा ने बताया कि टीबी कैसे कंट्रोल हो इसपर क्षय रोग विभाग के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने भी फोकस किया।

# युवक पर बंधक बना दुष्कर्म का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में लव जिहाद का मामला सामने आया है। किशोरी ने दूसरे समुदाय के युवक पर दो वर्ष तक बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता किसी तरह से आरोपी के चंगुल से छूटकर घर पहुंची और शिकायत पुलिस से की।

- **छूटकर पहुंची घर तो परिजनों के साथ पुलिस को दी जानकारी**

जाजमऊ निवासी 16 वर्षीय किशोरी के अनुसार ढाई वर्ष पहले गंगापार निवासी युवक उसके घर के बगल में काम करता था। आरोपी उसे प्रेमजाल में फंसा कर दो वर्ष पहले अपने साथ दिल्ली ले गया। जहां पर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। फिर उसे जाजमऊ में लेकर रहने लगा। उसके बाद अपने घर गंगापार ले गया जहां पर एक वर्ष तक बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस बीच आरोपी ने जबरन उसके साथ विवाह करने का भी प्रयास किया। किसी तरह से उसके चंगुल से बचकर अपने घर पहुंची और आपबीती बताई। जाजमऊ प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जा रही है।

## सीपीआर ट्रेनिंग की दी जानकारी

**कानपुर।** यातायात पुलिस लाइन में आईएमए और प्राणोदय संस्था ने सीपीआर ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया। डॉ सुनीता गुप्ता, डॉ प्रदीप टंडन ने ट्रैफिक के अधिकारी व कर्मचारियों को सीपीआर की विस्तार से जानकारी दी। कहा इससे आकस्मिक स्थिति में किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है।

# एमएसपी की कानूनी गारंटी के विरोध में नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


प्रतीकात्मक प्रतियां फूंकते व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र व्यापारियों व उद्यमियों के साथ घंटाघर स्थित भारत माता प्रतिमा स्थल पर पहुंचे। व्यापारियों ने कृषि उत्पादों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी देने, कृषि उत्पाद से जुड़े व्यापारियों व उद्यमियों पर कानूनी कार्यवाही, मुकदमा व सजा के प्रावधान होने और देश का डब्ल्यूटीओ से समझौता समाप्त करने के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। एमएसपी कानून के मांग की प्रतीकात्मक प्रतियां जलाकर विरोध किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि किसी भी मंडी के कृषि उत्पाद के व्यापारी या उद्यमी द्वारा हल्की क्वालिटी के कृषि उत्पाद को नहीं खरीदने पर किसानों का भी नुकसान होगा। कृषि उत्पादों के व्यापारियों पर कानूनी कार्यवाही, मुकदमा व सजा का प्रावधान से

- **व्यापारी नोएडा व दिल्ली जाकर दर्ज कराएंगे विरोध**

कृषि उत्पादों के व्यापार व उद्योग में बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न होगा। मंडियों के अंदर व बाहर व्यापार और उद्योग प्रभावित होने के साथ किसानों को भी नुकसान होगा। कृषि उत्पाद से जुड़े व्यापारी व महानगर के व्यापारी इस कानून का विरोध करते हैं। महामंत्री राजकुमार भगतानी ने कहा कि गल्ला मंडी के व्यापारी व कृषि उत्पाद के व्यापारियों व उद्यमियों को एमएसपी कानून के दायरे में लाना मंडियों के व्यापार को प्रभावित करेगा।



## एक नजर

### व्यक्तित्व विकास में पंचकोश का व्यापक सिद्धांत

**कानपुर।** डीएवी कॉलेज के डॉ. नागेन्द्र स्वरूप स्मार्ट हॉल में बुधवार को 'पंचकोश सिद्धांत का व्यक्तित्व विकास में भूमिका भारतीय ज्ञान परम्परा' विषयक गोष्ठी आयोजित हुई। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. रामजी प्रसाद ने विषय का परिचय कराया। अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार दीक्षित ने की। मुख्य अतिथित बीएसएनवी पीजी कालेज, लखनऊ के प्रो. जयशंकर प्रसाद पांडेय ने अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष साधन के रूप में और अंतिम साध्य के रूप में आनंदमय कोष की जानकारी देते हुए बताया कि व्यक्तित्व विकास में पंचकोष सिद्धांत एक व्यापक सिद्धांत है। प्रो. निशा बहल, डा. सीमा, प्रो. विनोद कुमार पाण्डेय, प्रो. ओम पाल सिंह, चीफ प्रॉक्टर रजत कुमार श्रीवास्तव, शिक्षक संघ अध्यक्ष एवं गणित विभागाध्यक्ष पुष्पेन्द्र त्रिपाठी मौजूद रहे।

### नशे के अभियान को ऑपरेशन सुदर्शन नाम

**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर में अवैध शराब, अवैध हुक्का बार, संगठित नशा कारोबार करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान को ऑपरेशन सुदर्शन के नाम से जाना जाएगा। ऑपरेशन सुदर्शन के सम्बन्ध में जल्द पुलिसकर्मियों को विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### रोड किनारे खड़े ट्रकों का चालान, होंगे मुकदमे

**कानपुर।** पनकी पुलिस ने अवैध मौरंग, गिट्टी मंडी सड़क किनारे के संचालित कर रहे लोगो पर शिकंजा कसने के लिए हिदायत दी है। बुधवार को कालपी रोड के किनारे सड़क पर खड़े लोड ट्रक और ट्रैक्टर पर कार्रवाई की चेतावनी देकर छोड़ दिया। आए दिन हो रही घटनाओं को देखते हुए पनकी पुलिस ने पीडब्ल्यूडी टीम के साथ कई वाहनों के चालान किए। पनकी प्रभारी निरीक्षक मानवेंद्र सिंह का कहना है कि एक बार हिदायत दे दी गई है। आगे से नहीं मानते हैं, तो उल्लघंन पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इस दौरान पुलिस की कार्रवाई से चालकों में हड़कंप मचा रहा।

### किशोर को गिरफ्तार कर किशोरी को किया बरामद

**कानपुर।** काकादेव पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार नाबालिग को दबोच कर किशोरी को बरामद कर लिया। थानाप्रभारी ने बताया कि दो सप्ताह पहले इलाके का रहने वाला नाबालिग पड़ोस की रहने वाली किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले गया था।

## जल निगम ने टेंडर मांगे, तीन चरणों में एक बार फिर होगी शहर में खोदाई


# 112 करोड़ से जलापूर्ति के लिए नई फीडर लाइन बिछाने की हुई तैयारी

**बुझेगी प्यास**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जेएनएनयूआरएम के तहत शहर में डाली गई पाइप लाइन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने से बेकार हैं। इनसे जलापूर्ति करने पर जगह-जगह फव्वारे फूट पड़ते थे। इसे देखते हुए अब शासन की अनुमति मिलने के बाद 112 करोड़ रुपये से नई फीडर मेन लाइन बिछाने की तैयारी की गई है। यह पहले से बिछी पाइप लाइन के समानांतर डाली जाएगी। जल निगम ने टेंडर आमंत्रित किए हैं, जो अगले महीने खुलेंगे। कार्यदायी संस्था फाइनल होते ही पाइप लाइन बिछाने के लिए एक बार फिर से शहर में खोदाई शुरू होगी।

शहर में घरों तक गंगा का पानी पहुंचाने के लिए जेएनएनयूआरएम में दो हिस्सों में प्रोजेक्ट बनाया गया था। फेज वन में इनर ओल्ड एरिया के 67 वार्डों को शामिल किया गया था। इनमें 270.95 करोड़ रुपये से वाटर वर्क्स, फीडर मेन लाइन, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, जोनल पम्पिंग स्टेशन आदि कार्य किए जाने थे, लेकिन लेटलतीफी से प्रोजेक्ट की लागत बढ़ते-बढ़ते लगभग 394 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। इसी तरह फेज दो में 33 वार्डों में 340 करोड़ रुपये से रिजर वॉयर, ओवरहेड टैंक आदि बनाने के काम होने थे। इसमें भी देरी हुई और लागत बढकर 475 करोड़ से अधिक हो गई। काम पूरा होने पर जब टेस्टिंग के लिए लाइनों में पानी छोड़ा गया तो जगह-जगह फव्वारे फूट पड़े। पता चला घटिया लाइन बिछाई गई है। जल निगम के अधिकारियों का कहना था कि वाटर वर्क्स से थोड़ा भी तेज प्रेशर में पानी छोड़ने पर लाइन में लीकेज हो जाते हैं।



**394** करोड़ रुपये पहले फेज में किए गए थे खर्च

**475** करोड़ रुपये थी दूसरे फेज के काम की लागत

- जेएनएनयूआरएम की लाइन में फूट रहे थे भ्रष्टाचार के फव्वारे, नहीं पहुंच रहा था पानी
- पहले से बिछी पानी की पाइप लाइन के समानांतर डाली जाएगी नई फीडर लाइन

**आठ अरब खर्च हुए फिर भी आधा शहर रहा प्यासा**

- जेनएनयूआरएम में शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 869 .08 करोड़ रुपये के काम कराए गए थे। पाइप लाइन डाली गई। जोनल पंपिंग स्टेशन बनाए गए। लेकिन शहर की आधी से ज्यादा आबादी को पानी नहीं मिल सका। इसका कारण बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार था। जो पाइप डाले गए, उनकी गुणवत्ता इतनी खराब निकली कि टेस्टिंग में पानी का प्रेशर बर्दाश्त नहीं कर पाए और फट गए। दक्षिण इलाके में पानी की समस्या इसी कारण है। पाइप लाइन डालने वाली कंपनी को काली सूची में डालकर जमानत राशि के छह करोड़ रुपये जब्त कर लिए गए थे। लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त अभियंताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**कंपनी बाग से फूलबाग और बारादेवी तक बिछेंगे पाइप**

- नई योजना में दो मेन फीडर लाइन बिछाई जानी हैं। कंपनी बाग से फूलबाग और कंपनी बाग से दादा नगर होते बारादेवी तक पाइप लाइन डाली जाएगी। यह कार्य तीन चरणों में होगा। इसके लिए जलनिगम (अरबन) के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर ने 112 .61 करोड़ रुपये के टेंडर मांगे हैं।

## आरटीई के दूसरे चरण में 11 सौ आवेदन आए

**कानपुर।** आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए दूसरे चरण में अब तक 11 सौ आवेदन आ चुके हैं। अधिकतर ऐसे अभिभावकों ने अपने बच्चों के आवेदन किए हैं, जिन्हें पहली सूची में स्थान नहीं मिल सका है। इस बीच पहले चरण की सूची के 150 बच्चों को ही अभी निजी स्कूल में प्रवेश मिल पाया है।

आरटीई के तहत मनपसंद स्कूल चुनने के लिए अभिभावकों ने दूसरे चरण में आवेदन तेज कर दिए हैं। पहले चरण की लॉटरी से अब तक 150 प्रवेश ही निजी स्कूलों में हुए हैं। इनमें ज्यादातर प्रवेश ग्रामीण अंचल में हुए हैं। शहर के नामी स्कूलों में अभिभावक प्रवेश के लिए कम पहुंच रहे हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि 11 मार्च से शहर के निजी स्कूलों में प्रवेश में तेजी आएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि विभाग ने पहले चरण के तहत सभी निजी स्कूलों को पत्र जारी कर दिए हैं। इस बार निजी स्कूलों को पहले ही यह आदेश दिए गए हैं कि प्रवेश में लापरवाही करने पर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई की जाएगी।

## डायबिटिक फुट अल्सर का अब वायरस से होगा इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अल्सर के जिम्मेदार बैक्टीरिया को चट करने में होगा बैक्टीरियोफेज का इस्तेमाल
- जीएसवीएसएस पीजीआई के इंडोक्रोनोलॉजी विभाग के डॉक्टर करेंगे शोध

**अमृत विचार।** जीएसवीएसएस पीजीआई के डॉक्टर डायबिटिक फुट अल्सर से पीड़ित मरीजों को राहत दिलाने के लिए अल्सर के जिम्मेदार बैक्टीरिया को मारने में वायरस के रूप में बैक्टीरियोफेज का इस्तेमाल करेंगे। यह वायरस डायबिटिक फुट के मरीजों के घाव भरने का काम करेगा। इस संबंध में डॉक्टरों द्वारा शोध भी किया जाएगा।

अनियमित जीवनशैली, गलत खानपान, तनाव, व्यायाम नहीं करने जैसे कारणों से लोग तेजी से डायबिटिक हो रहे हैं। डायबिटीज अनियंत्रित होने पर चोट लगने, जलने व अन्य कारणों से पैर का घाव डायबिटिक फुट अल्सर में बदल जाता है, इसका कारण बैक्टीरियल इंफेक्शन होता है। यह इंफेक्शन दवा और इंजेक्शन से भी जल्दी ठीक नहीं होता है। बैक्टीरिया घाव को गंभीर बनाते हैं, जिससे पीड़ित को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

डायबिटिक फुट अल्सर के जिम्मेदार बैक्टीरिया को नष्ट करने के लिए जीएसवीएसएस पीजीआई के इंडोक्रोनोलॉजी विभाग के डॉक्टर जीवाणुभोजी यानि बैक्टीरियोफेज वायरस का इस्तेमाल करेंगे। सर्जरी विभाग की मदद से डायबिटिक फुट अल्सर में बैक्टीरियोफेज घोल डाला जाएगा। यह घोल (वायरस) अल्सर के जिम्मेदार बैक्टीरियल सेल का निर्माण रोकेंगे। अल्सर के बैक्टीरिया को खाकर उसकी कड़ी तोड़ देंगे।

> डायबिटिक फुट अल्सर मरीजों के घाव जल्द भर सकें, इसके लिए वायरस का इस्तेमाल करने के संबंध में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला से सहयोग से मांगा है। बैक्टीरियोफेज यानी वायरस का इस्तेमाल कर घाव में मौजूद बैक्टीरिया की चेन ब्रेक कर रोगियों को राहत दिलाने की प्रक्रिया पर शोध किया जाएगा। इससे पता चलेगा कि वायरस कितनी जल्दी बैक्टीरिया को खत्म कर सकते हैं। मरीज का घाव कितनी जल्दी भर सकता है।
>
> – डॉ. शिवेंद्र वर्मा, इंडोक्रोनोलॉजी विभागाध्यक्ष, जीएसवीएसएस पीजीआई

## पूर्व मंत्री की पत्नी समेत कई नेता भाजपा में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सपा सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री रहे जगदेव यादव की पत्नी अंजू यादव और सपा के पूर्व इटावा नगर पालिका अध्यक्ष मनोज पोरवाल समेत सपा, कांग्रेस और बसपा दर्जनों नेता बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह और ज्वाइनिंग कमेटी के क्षेत्रीय सह संयोजक अनूप अवस्थी की मौजूदगी में विपक्षी दलों के नेताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई।

समारोह में भरथना नगर पालिका के बसपा प्रत्याशी नीरज जाटव, इटावा सपा के जिला सचिव दलवीर यादव, ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष अवध नरेश दुबे, सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन के जिलाध्यक्ष सोनू कुमार वाल्मीकि, अग्रवाल महासभा के जिला उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, कानपुर में श्याम नगर से पार्षद रहे गोपाल गुप्ता, कानपुर देहात में बरांडा से सपा के जिला पंचायत सदस्य महमूद अली, बिल्हौर के सपा सचिव अजय कटियार और उनके समर्थकों को क्षेत्रीय अध्यक्ष ने भाजपा का पटका पहनाते हुए स्वागत में कहा कि आप सभी विकसित भारत संकल्प में सहभागी बन रहे हैं। इंडी गठबंधन के नेता कह रहे हैं कि मोदी जी का परिवार नहीं है, उनको आभास नहीं है कि मोदी जी का परिवार लगातार बढ़ रहा है।



भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में सदस्यता लेते दूसरे दलों के नेता। अमृत विचार

## संकल्प पत्र पर सुझाव लेने निकले मोदी के गारंटी रथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा उत्तर व दक्षिण जिला ने रवाना किए 'विकसित भारत मोदी गारंटी रथ'

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव का संकल्प पत्र तैयार करने के लिए भाजपा का 'विकसित भारत, मोदी का गारंटी रथ' प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में घूमेगा। बुधवार को उत्तर और दक्षिण जिले में अलग-अलग वैन पर बने रथों को हरी झंडी दिखाई गई। अब यह वैन लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, मंदिरों, मोहल्लों, सार्वजनिक स्थलों पर पहुंच कर मोदी सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के साथ चुनाव में भाजपा के संकल्प पत्र के लिए लोगों के सुझाव जुटाने का काम करेगी।

भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने केशव नगर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से 'विकसित भारत मोदी का गारंटी रथ' को पार्टी का झंडा दिखा कर रवाना किया। उन्होंने कहा कि जनता के सुझाव हासिल करने के लिए पार्टी ने मोबाइल नंबर 9090902024 पर मिस्ड कॉल के साथ ही सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और नमो ऐप पर भी प्रावधान किया है। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि जनता के सुझाव पत्रों को शामिल कर पार्टी संकल्प पत्र तैयार करेगी।

सभी विधानसभा क्षेत्रों मे संवाद कार्यक्रम होंगे। उत्तर के कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र मैथानी, सुरेश अवस्थी, अनिल दीक्षित, उमेश निगम, संतोष शुक्ला, अवधेश सोनकर तथा दक्षिण के कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजक मोहित पांडेय, रामबहादुर यादव, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, राजेंद्र दुबे, लोकसभा मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी शामिल रहे।



नौबस्ता स्थित भाजपा कार्यालय से वैन को झंडी दिखाकर रवाना करते क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार



बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष दीपू पांडे। अमृत विचार

## मोदी व योगी सरकार में हुआ महिलाओं का सशक्तिकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शक्ति वंदन अभियान के समापन पर मंडलों में सुना गया पीएम मोदी का संबोधन

**अमृत विचार।** भाजपा ने बुधवार को नारी शक्ति वंदन अभियान के समापन पर उत्तर व दक्षिण जिला के 23 मंडलों में कार्यक्रम आयोजित किए। इस मौके पर एलईडी स्क्रीन पर पीएम मोदी का महिलाओं के नाम संबोधन सुना गया।

गोविंद नगर विधानसभा के रतनलाल नगर मंडल का कार्यक्रम बर्रा-5 में हुआ। यहां महिलाओं, एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ जिलाध्यक्ष दीपू पांडे मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि योगी-मोदी सरकार सभी महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का काम कर रही है। रायपुरवा मंडल का कार्यक्रम चंद्रिका देवी चौराहे पर हुआ। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, उत्तर मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई मौजूद रहे।

## हर-हर शंभू...से गूंजेगा भोलेश्वर धाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री शंकर श्रृंगार समिति की ओर से 42वां वार्षिक महाशिवरात्रि पर्व भोलेश्वर धाम स्वरूपनगर में आठ मार्च शुक्रवार को मनाया जाएगा। शिवरात्रि पर्व की तैयारी मंदिर परिसर में जोरों से चल रही है।

मंदिर प्रबंधक कमल शुक्ल बेबी (पूर्व पार्षद) ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि हमेशा की तरह इस बार भी शिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले असरानी, बीरबल, कमाल खान, लखबीर सिंह लक्खा, जूनियर देवानंद, राजू श्रीवास्तव, कपिल शर्मा, कृष्णा, भारती सिंह, शक्ति कपूर, चंकी पांडेय, अल्ताफ रजा, अनवर हुसैन, सपना अवस्थी, शब्बीर कुमार, राजपाल यादव, अनूप जलोटा, पाकिस्तान के कलाकार इरफान व हाशमी आदि लगभग 160 हस्तियों ने 41 वर्षों में यहां आकर बाबा भालेनाथ के चरणों में पूजा अर्चना में भाग लिया है। इस बार भी आठ मार्च शुक्रवार को सुबह पांच बजे ही भक्तों के लिए बाबा के दर्शन को मंदिर के पट खोले जाएंगे। इस बार 12 ज्योर्तिलिंगों की दो किमी दायरे में भव्य सजावट होगी। सुबह पांच बजे रुद्राभिषेक के बाद हवन व सात बजे महाआरती होती। इसके बाद दूध, ठंडाई, पंचामृत, फल का प्रसाद वितरण होगा। शाम सात बजे प्रांगण में एकता सरगम व भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें अभिलिप्सा पंडा (हर हर शंभू) अपने कंठ से भोलेनाथ के चरणों में हाजिरी लगाएंगी। सुरेंद्र शर्मा (हास्य कवि) भक्तों को निहाल करेंगे। मुख्तार शाह, गोल्डेन वाइस ऑफ मुकेश (मुंबई) अपने गीतों से शंकर को नमन करेंगे, साथ ही द स्टार म्यूजिकल ग्रुप निदेशक मुश्ताक खान भी होंगे। वार्ता में मंदिर प्रबंधक कमल शुक्ल बेबी, गणेश गुप्ता, मुन्ना मलिक, शिवकुमार गुप्ता, अभिजीत अग्रवाल, यश मिश्रा, नीरज सिंह, वैभव शुक्ला, श्याम कुमार शुक्ला, धर्मेन्द्र दीक्षित रहे।



जानकारी देते कमल शुक्ल बेबी। अमृत विचार

## क्षेत्र की बढ़ती चुनौती के लिए नवीन ऊर्जा जरूरी

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर में हुई कार्यशाला में ऊर्जा क्षेत्र में विकल्पों और बेहतर कारोबार के लिए शोध कार्य को बढ़ाने पर बल दिया गया। संस्थान के सेंटर फॉर एनर्जी रेगुलेशन द्वारा आयोजित कार्यशाला में प्रबंधन विज्ञान विभाग के प्रो. अनूप सिंह ने देश में बिजली बाजार डेरिवेटिव के सफल कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण व्युत्पन्न उत्पाद डिजाइन, नियामक ढांचे की जानकारी साझा की। उनके प्रस्ताव का उद्देश्य डिस्कॉम, ओपन एक्सेस उपभोक्ताओं और थर्मल-आरई जेनरेटर का सामना किए जाने वाले जोखिमों को कम करना था। 'पावर मार्केट डेरिवेटिव्स के लिए नियामक ढांचे' पर चर्चा में बिजली बाजार के विकास में डेरिवेटिव की भूमिका और हितधारकों, वितरण कंपनियों के बीच समझ बढ़ाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## यूपी फाइनल में पहुंचा, अब कर्नाटक से होगा मुकाबला



बल्लेबाजी करते यूपी टीम के खिलाड़ी आराध्य यादव। अमृत विचार

**कर्नल सीके नायडू ट्राफी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कर्नल सीके नायडू ट्राफी में यूपी के 381 रनों के जवाब में मुंबई टीम 203 रन पर सिमटी
- विपराज निगम ने चार और शुभम मिश्रा ने तीन विकेट लेकर मुंबई की कमर तोड़ी

**अमृत विचार।** यूपी की टीम ने मुंबई को हराकर अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब फाइनल में यूपी का मुकाबला कर्नाटक से होगा। फाइनल मैच 10 मार्च से बेंगलुरू के चिन्ना स्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। ग्रीनपार्क में खेले गए सेमीफाइनल मैच में यूपी के गेंदबाजों विपराज निगम और शुभम मिश्रा के आगे मुंबई के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए। पूरी टीम 43.2 ओवर में 203 रन पर ढेर हो गई। यूपी टीम ने पहली पारी में आराध्य यादव के शतक की बदौलत 381 रन बनाए थे।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में सेमीफाइनल मैच के पहले दो दिन बारिश की भेंट चढ़ गए थे। तीसरे दिन यूपी की टीम ने चार विकेट गिरने के बाद पारी को संभालते हुए 98 ओवर में पांच विकेट पर 279 रन बनाए थे। चौथे व अंतिम दिन यूपी टीम लंच के बाद 136.5 ओवर में 381 रनों पर ऑल आउट हो गई। विकेटकीपर बल्लेबाज आराध्य यादव ने 123 रनों की शतकीय पारी खेली। सिद्धार्थ यादव ने 81 रनों का योगदान दिया। मुंबई की ओर से धनित राउत ने सर्वाधिक चार, हिमांशु सिंह ने तीन, जैद पाटनकर, अर्थव विनोद और अर्थव भोसले ने एक-एक विकेट लिया। इसके बाद खेलने उतरी मुंबई के पास अंतिम दिन 60 ओवरों का ही खेल बचा था। यह देखते हुए टीम के बल्लेबाजों ने तेजी से खेलना शुरू किया, लेकिन कामयाब नहीं हो सके।

पूरी टीम 43.2 ओवर में 203 रनों पर ऑल आउट हो गई। मुंबई की तरफ से कप्तान अर्थव विनोद ने सर्वाधिक 62 रन बनाए। सूर्यांश शेडगे ने 50, अंग्रिश रघुवंशी ने 38, वेदांत मुरकर ने 23 रनों का योगदान दिया। यूपी के विपराज निगम ने चार, शुभम मिश्रा ने तीन और कुणाल त्यागी ने दो विकेट चटकाए। फाइनल में अगर यूपी विजेता रहती है तो दस साल बाद उसे दूसरी बार ट्राफी मिलेगी।

**शहर का गौरव** | पं. विनोद कुमार द्विवेदी को राष्ट्रपति ने दिया संगीत नाटक अकादमी सम्मान

# ध्रुपद गायन की विलुप्त होती परंपरा को देश-दुनिया में दिया स्वर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्राचीनतम गायन विधा ध्रुपद धमार के मुख्य गायक पं. विनोद कुमार द्विवेदी को बुधवार को संगीत नाटक अकादमी सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में उन्हें वर्ष 2023 के लिए यह सम्मान प्रदान किया। पं. विनोद कुमार द्विवेदी ने ध्रुपद गायन की विलुप्त होती प्राचीन परंपरा को संरक्षित रखने और बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई है। संगीत घराना नहीं होते हुए भी कानपुर के साकेत नगर निवासी पं. विनोद कुमार ने ध्रुपद गायन को देश-विदेश में पहुंचाने के साथ गुरु, संगीतकार और रचनाकार के रूप में बड़ी पहचान स्थापित की है। पं. विनोद कुमार द्विवेदी संगीत नाटक अकादमी का सम्मान पाने वाले कानपुर के पहले कलाकार हैं। ध्रुपद धमार शास्त्रीय संगीत की प्राचीन विधा है। इसे आध्यात्मिकता, स्वर लगाव, ताल व लय के लिए पहचाना जाता है। उन्हें पुरस्कार मिलने से शिष्यों और कला प्रेमियों में हर्ष का माहौल है।




नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त करते पं. विनोद कुमार द्विवेदी। अमृत विचार

**600 रचनाएं, विदेशों में 400 प्रस्तुतियां**

- पं. विनोद कुमार द्विवेदी ने भारतीय शास्त्रीय संगीत पर आधारित 600 ध्रुपद, धमार, खयाल, चतुरंग, भजन और गीत रचनाएं लिखी हैं। विदेशों में 400 से ज्यादा प्रस्तुतियां दे चुके हैं। वह ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन के वरिष्ठ कलाकार हैं। वर्तमान में कानपुर के रंजना देवी संगीत महाविद्यालय में निदेशक, ध्रुपद केंद्र कानपुर के गुरु हैं। यहां छात्र ध्रुपद की दुर्लभ कला बिना किसी खर्च के सीखते हैं।

**बालीवुड के अंकित तिवारी भी शिष्यों में**

- पां. द्विवेदी के शिष्यों में दूरदर्शन, स्टेज कलाकार, विभिन्न विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्कूलों के शिक्षक शामिल हैं। बालीवुड के अंकित तिवारी और शिवम पाठक ने भी उनसे संगीत सीखा है। पं. द्विवेदी ने विभिन्न देशों के 1200 छात्रों को सिखाया है। वह आर्थिक रूप से कमजोर 160 छात्रों को नि:शुल्क संगीत शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। परंपरा आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने अपने पुत्र आयुष द्विवेदी को ध्रुपद क्षेत्र में पारंगत किया है। उन्होंने ध्रुपद शोभनम (खंड एक व दो) पुस्तक लिखी है, जिसमें उनकी भारतीय शास्त्रीय संगीत की विभिन्न शैलियों में लगभग 500 रचनाएं हैं।

**उपलब्धियों का संसार**

- पं. द्विवेदी ने संस्कृति मंत्रालय सीएफपीजीएस एक्सपर्ट, संस्कार भारती के कानपुर बुंदेलखंड प्रांत अध्यक्ष, विद्या भारती के अखिल भारतीय संगीत संयोजक और जुगल देवी सरस्वती विद्या मंदिर में संगीताचार्य के पद को शोभायमान किया है।

# अब 10 रुपये में बिल्हौर से कल्याणपुर का सफर

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर

**अमृत विचारः** भारतीय रेलवे ने पैसेंजर ट्रेन के किराये में बड़ी राहत दी है। टिकटों की कीमत आधी से भी कम कर दी गई है। जी हां, अभी तक बिल्हौर से कल्याणपुर (कानपुर) तक का सफर करने के लिए 30 रुपये चुकाने पड़ते थे, लेकिन अब सिर्फ 10 रुपये में ही यात्रा पूरी कर सकेंगे। लोकसभा चुनाव से पहले यह कदम उठाया गया है, जिससे रोज सफर करने वाले यात्रियों को खासी राहत मिली है।

अभी तक यात्रियों को पैसेंजर ट्रेन में सफर करने के लिए एक्सप्रेस ट्रेन का किराया देना पड़ रहा था, लेकिन रेलवे के इस कदम से लोगों को खासी राहत मिली है। इसका मकसद रोज सफर करने वाले यात्रियों पर वित्तीय बोझ कम करना है। इसके तहत ट्रेन के टिकट की कीमतों में लगभग 40 से 50 फीसदी की कमी की गई है।

कोविड के बाद से अभी तक यात्रियों को पैसेंजर ट्रेन में सफर के लिए एक्सप्रेस ट्रेन का किराया देना पड़ रहा था, लेकिन भारतीय रेलवे ने 27 फरवरी से पैसेंजर ट्रेन के लिए द्वितीय श्रेणी के साधारण किराये को बहाल कर दिया है। इन्हें अब एक्सप्रेस या मेमू/डेमू एक्सप्रेस ट्रेन कहा जाता है।

### मिलेगी राहत

- कोविड महामारी में बढ़ाए गए टिकट की दर में की गई कटौती
- पैसेंजर ट्रेन में न्यूनतम किराया 30 रुपये से घटाकर 10 रुपये



पैसेंजर ट्रेन में सफर करने पर मिलेगी राहत। अमृत विचार

कोविड-19 महामारी के दौरान पैसेंजर ट्रेनों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था। जब उन्हें फिर से शुरू किया गया तो टिकट की न्यूनतम कीमत 10 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये कर दी गई थी। यह एक्सप्रेस ट्रेनों के किराये के अनुरूप थी। हालांकि, इज्जत नगर रेलवे मंडल में यह सुविधा मंगलवार से शुरू हुई है, लेकिन रेलवे के अन्य मंडलों में यह सुविधा एक मार्च से शुरू हो गई थी।

### कन्नौज का भी 10 रुपये किराया

बिल्हौर से कल्याणपुर की ओर जाने वाले यात्रियों को पहले 30 रुपये चुकाने पड़ते थे, लेकिन किराये में कटौती किए जाने के बाद अब पैसेंजर ट्रेन में महज 10 रुपये में ही यात्रा की जा सकेगी। इसी तरह बिल्हौर से कन्नौज जाने के लिए भी 10 रुपये का टिकट मिलेगा। खास बात यह है कि दूसरे संसाधनों से कानपुर जाने में यात्रियों को 75 रुपये चुकाने पड़ते हैं। रेलवे का किराया दर कम करने से लोग खुशी व्यक्त कर रहे हैं।

### दैनिक यात्रियों को सबसे ज्यादा फायदा

रेलवे के जानकार कमल मिश्रा ने डीआरएम से इस सम्बन्ध में शिकायत की थी कि टिकट के दामों में कटौती क्यों नहीं की गई? जिस पर उन्होंने लिखित जवाब दिया था कि उनके पास किराया कम करने का कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन बुधवार को दोपहर 12 बजे से 10 रुपये का टिकट जारी किया जाने लगा। इस कदम को लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। दैनिक यात्रियों व शहर जाने वाले दिहाड़ी मजदूरों को इसका लाभ मिलेगा।

## हत्या आरोपी बेटे ने फांसी लगा जान दी

**औरैया।** पिता की हत्या में 18 साल बाद जेल से जमानत पर निकले युवक ने खेत पर फांसी लगाकर जान दे दी। युवक कानपुर के शिवराजपुर का रहने वाला था।

शिवराजपुर क्षेत्र के गांव मुक्ता निवासी वीरेंद्र ने अपने पिता रामेश्वर की हत्या कर दी थी। पिता की हत्या के आरोप में वीरेंद्र 18 साल जेल काटकर पिछले महीने जमानत पर बाहर आया था। बुधवार की सुबह वीरेंद्र का शव ककोर में खेत के पास खड़े शहतूत के पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने पहचान होने पर उसकी बहन को सूचना दी। बहन गीता शुक्लागंज उन्नाव में रहती है। बहन ने बताया कि वीरेंद्र नशे का आदी था। जेल के साथियों से रुपये मांगता था। कंचौसी मोड़ के पास एक महिला से वीरेंद्र की दोस्ती थी, जिससे मिलने आता था।

## सार-संक्षेप

### कांवरियों के अंतिम संस्कार में हर किसी के छलके आंसू

**बिल्हौर।** बाराबंकी में दो दिन पहले सड़क हादसे का शिकार हुए दो कांवरियों के शव बुधवार को गांव पहुंचे तो चीख-पुकार मच हई। गम के बीच दोनों युवकों का अंतिम संस्कार किया गया। कुदौरा के नरेश का पुत्र वीरू और स्वप्निल कटियार कांवरियों के जत्थे में कांवर लेकर बाराबंकी के लोधेश्वर मंदिर जा रहे थे, तभी सोमवार की देर रात सड़क हादसे में दोनों की मौत हो गई थी। सपा विधानसभा इकाई के अध्यक्ष विनय यादव, पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचीं और उन्हें हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया।

### राष्ट्रीय अविष्कार प्रतियोगिता में चमके विज्ञानी

**बिल्हौर।** ककवन और बिल्हौर ब्लाक में आयोजित राष्ट्रीय अविष्कार प्रतियोगिता में नन्हे विज्ञानियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। बिल्हौर में 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें 10 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। बीईओ रवि कुमार सिंह ने बच्चों को पुरस्कार, प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। ककवन में 28 विद्यालयों के 140 बच्चों ने प्रतिभाग किया। चयनित 10 बच्चों को बीईओ कमलेश गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी दी। यहां चयनित निखिल, प्रांशी, कपिल, अवनीश, गुड़िया, चांदनी, अंजली, शिवम, आनंद और साहिल कानपुर नगर में होने वाली विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे।

### ब्लाक में दिखाया गया लाइव प्रसारण

**शिवराजपुर।** बुधवार को ब्लॉक सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वंदन अभियान का लाइव प्रसारण दिखाया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्होंने लोगों से संवाद किया। उन्होंने आह्वान किया कि महिलाएं सक्रिय सदस्य बनकर लघु उद्योग स्थापित करें और अपना भविष्य उज्जवल बनाएं। यहां ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई, बंडू अग्निहोत्री, अनुराग शुक्ला, गीता गुप्ता, आकाश वर्मा, अमित रहे।

### नारी शक्ति वंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**बिठूर।** कल्याणपुर ब्लाक में नारी शक्ति वंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी की उपस्थिति में किया गया, जिसमें स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन, संकुल समूह, समूह सखी, बैंक सखी, आजीविका सखी, विद्युत सखी, लखपति दीदी और उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला सदस्यों ने भाग लिया। यहां उपायुक्त स्वतः रोजगार सुधा देवी, प्रभारी बीडीओ एसए पांडेय, पुष्पेंद्र सिंह, गोविंद कुशवाहा, रंजना सिंह, श्वेता सिंह, नीतू सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कूष्मांडा मंदिर में टेका मत्था

**घाटमपुर।** अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने बुधवार को मां कूष्मांडा देवी मंदिर में मत्था टेका। सांसद देवेंद्र सिंह भोले का साढ़, भीतरगांव, इटर्रा, परास, कोरिया, बरीपाल, सजेती, घाटमपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, रामशरण कटियार, कमलेश त्रिवेदी, वेदव्रत सचान, अजय सिंह सेंगर, दीपू दुबे, रामचन्द्र गुप्ता, अमोल चौहान, पिंटू परमार, रामजी जादौन, गुड्डू सेंगर, शेरू सिंह, पंकज गुप्ता रहे।

## एक नजर

### बीरामऊ के बेणेश्वर मंदिर में कल होगी रामलीला

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के बीरामऊ गांव के प्राचीन बेणेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर धनुष यज्ञ का मंचन होगा और भगवान बेणेश्वर का श्रृंगार किया जाएगा। यहां भंडारे के साथ मेला भी लगेगा। बाबा बेणेश्वर रामलीला समिति के प्रमुख अश्विनी कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि यह मेला डेढ़ सौ वर्ष पुराना है। बेणेश्वर महादेव का प्रसाद लेने के लिए क्षेत्र के गांवों से बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं।

### पतरसा में रामलीला के साथ मेला आज और कल

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के पतरसा गांव में दो दिवसीय रामलीला और मेले का आयोजन होगा। संयोजक विवेक कुमार ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का उद्घाटन नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष संजय सचान उर्फ गुड्डू चौधरी करेंगे। उन्होंने बताया कि सात और आठ मार्च को महादेव मंदिर में मेला का आयोजन होगा, जिसमें दूर-दूर से लोग आते हैं। शिवरात्रि पर भक्त बेर, धतूरा, तिल, दूध आदि से जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करते हैं। तैयारियां चल रही हैं।

# गैंगरेप और मौत के बाद सदमे में था पिता

## बाजार से लौटकर आने के बाद हुई थी जानकारी, वारदात के बाद भट्ठा छोड़कर चला गया था अपने गांव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचारः** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के बरौली के एक ईंट भट्ठे में किशोरियों के साथ गैंगरेप और फिर पेड़ में उनकी लाशें लटकी मिलने के बाद ही पिता मानसिक रूप से टूट गया था और उसी दिन से सदमे में था। वारदात के बाद वह भट्ठा छोड़कर परिवार के साथ गांव चला गया था। बुधवार को फांसी लगाकर जान देने के बाद अब पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

बरौली के ईंट भट्ठे में जिस तरह किशोरियों को जबरन बीड़ी और शराब पिलाई गई। उसके बाद गैंगरेप कर उनका वीडियो बनाया गया, वह क्रूर मानसिकता को दर्शाता है, मगर पुलिस ने जिस तरह पूरे मामले में लीपापोती करने की कोशिश की, उससे पूरा परिवार टूट गया है। जिस समय यह गैंगरेप की वारदात हुई, उस समय किशोरियों के परिवार वाले सामान खरीदने बाजार गए थे। बाजार से जब लौटकर आए तो पूरा मामला पता चला, जिससे सन्न रह गए। खास बात यह है कि जबरन शराब पिलाने, गैंगरेप करने और वीडियो बनाने के बाद दोनों किशोरियों के शव पेड़ पर लटके मिले थे। पुलिस ने इसे आत्महत्या मान कर रिपोर्ट दर्ज की, लेकिन यह जानने की कोशिश नहीं कि कहीं आत्महत्या का रूप देने के लिए तो शव नहीं लटकाए गए हैं। अनपढ़ गरीब परिवार ने तहरीर में वही लिखा, जो पुलिस ने चाहा। गरीब परिवार इस काबिल नहीं था कि वह कानूनी रूप से लड़ाई लड़ सके और अन्याय का मुकाबला कर सके। शायद यही वजह रही कि एक किशोरी का बाप पूरी तरह टूट गया और मौत को गले लगा लिया।

### बरौली के ईंट भट्ठे में अभी भी पसरा सन्नाटा

सनसनीखेज वारदात के बाद अभी भी ईंट भट्ठे में सन्नाटा पसरा है। भट्ठे में काम करने वाले सभी मजदूर झोपड़ियां खाली कर अपने गांव पलायन कर गए हैं। भट्ठे में दो किशोरियों के साथ गैंगरेप और फिर उनकी लाशें मिलने के बाद मजदूरों में इस कदर खौफ समाया कि सभी भट्ठा मजदूर झोपड़ियां खाली कर अपने परिवारों के साथ गांव पलायन कर गए। मजदूरों को अपनी सुरक्षा का कतई यकीन नहीं रहा। शायद यही वजह है कि सभी परिवार भट्ठा छोड़कर चले गए और अब भट्ठे में पूरी तरह सन्नाटा पसरा हुआ है। भट्ठे के मुनीम, बेलदार और पथेड़ा मजदूर सबके सब पलायन कर चुके हैं।

### शुरू से समझौते का बनाया जा रहा था दबाव

ईंट भट्ठे में सनसनीखेज मामले का खुलासा होने के बाद से ही समझौते का दबाव बनाया जा रहा था। लोगों का कहना है कि वारदात के बाद कुछ लोगों ने इस मामले को ट्वीट कर दिया था, जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और भट्ठे के ठेकेदार, उसके पुत्र और एक सहयोगी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर फौरन गिरफ्तारी कर ली, ताकि मामले को शांत किया जा सके। पुलिस की ढिलाई की वजह से ही परिवार पर अभी भी समझौते का दबाव बनाया जा रहा था, जिससे पिता आहत था।

### बाल आयोग तक की गई मामले की शिकायत

गैंगरेप और किशोरियों की लाशें मिलने के मामले में सेंट्रल बार एसोसिएशन ने बाल आयोग तक शिकायत की थी और आरोपियों को सख्त सजा की मांग की थी। सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रवीण फाइटर ने बाल आयोग को भेजे गए पत्र में लिखा था कि घटना से पहले पीड़ित परिवार ने घाटमपुर पुलिस से मारपीट की शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद गैंगरेप की घटना हुई। अधिवक्ता ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाए जाने की आवाज उठाई थी।

### सवाल अभी जिंदा, किशोरियों की कहीं हत्या तो नहीं की गई

किशोरियों को जबरन बीड़ी, शराब पिलाने और फिर गैंगरेप की क्रूर सच्चाई आने के बाद परिवार वालों ने आरोपियों से शिकायत की थी। शिकायत पर उनके साथ गालीगलौज और मारपीट की गई थी। इस बात का जिक्र एफआईआर में भी किया गया है, मगर यह सवाल आज भी जिंदा है कि जब समझाने-बुझाने के बाद किशोरियां खेलने-कूदने के लिए निकली थीं तो उन्होंने फांसी क्यों लगा ली? लोगों का कहना है कि संभव है कि गैंगरेप का खुलासा होने और मारपीट करने के बाद आरोपियों को इस बात का भय था कि कहीं मामला पुलिस तक न पहुंच जाए, इससे बचने के लिए किशोरियों की हत्या कर पेड़ पर लटकाया गया हो। बेरी के पेड़ पर फांसी लगाने की बात किसी के गले नहीं उतर रही है। पुलिस ने इस अहम बिंदु की जांच करने की कोई जरूरत ही नहीं समझी।

## रेउना पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**रेउना।** पुलिस ने बुधवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने दो पहिया और चार पहिया वाहनों को रोककर जांच की। पुलिस की महिला सिपाहियों ने भी इस चेकिंग अभियान में भागीदारी निभाई। चेकिंग के दौरान कार, टैक्सी सहित अन्य निजी वाहनों की भी जांच की गई। बाइक और कारों की डिक्की की जांच के साथ यात्रियों के बैग की भी तलाशी ली गई। चेकिंग के दौरान कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। एसआई अनिसूल ने बताया कि तीन वाहनों का चालान किया गया है और कई वाहन चालकों को हिदायत लेकर छोड़ दिया गया है।

**In the Court of VI Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court Indore**
Presiding Officer: अरुण श्रीवास्तव
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतगर्त प्रकाशन हेतु)
**MACC/2200665/2016**
**किरण VS जवाहर**
पेशी दिनांक 11.03.2024
प्रेषिति,
1. जवाहर पिता देवीशरण मिश्रा
पता: जयनारायण वर्मा रोड, फर्रूखाबाद (उत्तरप्रदेश)
2. अशोक कुमार पिता सनमान सिंह यादव, पताः ग्राम बाबरपुरा थाना महूदखाजा फर्रूखाबाद (उत्तरप्रदेश)
यह कि प्रार्थी किरण ने आपके विरूद्ध क्लेम केस के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायाल में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपको कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। आज तारीख 20.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायाल की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायाधीश
षष्टम् सदस्य, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, इन्दौर (म.प्र.)
यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# 107 जोड़े फेरे लेकर एक-दूजे के हुए

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत बुधवार को सरसौल विकास खण्ड कार्यालय परिसर में 107 जोड़ों का विवाह धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले और ब्लॉक प्रमुख विजय रत्ना तोमर की मौजूदगी में गणमान्य लोगों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।

जिन 107 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, उनमें 57 जोड़े सरसौल ब्लॉक और 50 जोड़े भीतरगांव ब्लॉक के शामिल रहे। इनमें से छह मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुस्लिम रीति-रिवाजों के हिसाब से हुआ। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान सभी दूल्हा और दुल्हन के परिवार के लोग भी शामिल हुए। ब्लाक परिसर में लगाए गए पांडाल में एक साथ सभी जोड़ों की भांवरें पड़ीं।

### सामूहिक विवाह समारोह

- सरसौल ब्लाक में आयोजित समारोह में एक साथ पड़ीं भांवरें
- मुस्लिम समाज के भी छह जोड़ों का हुआ निकाह


मंडप में फेरे लेते दूल्हा-दुल्हन। अमृत विचार

सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान खण्ड विकास अधिकारी सरसौल निशांत रॉय, जिला समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र सिंह, प्रधान संघ के सरसौल ब्लॉक अध्यक्ष रोहित सिंह तोमर, ग्राम प्रधान सरसौल रामकुमार उर्फ देवेगौड़ा, रज्जन शुक्ला सहित तमाम गणमान्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बाद में सभी जोड़ों को उपहार स्वरूप गृहस्थी का सामान देकर विदा किया गया।

## बहू ने तालाब में कूदकर दी जान

**सरसौल।** नरवल कस्बे में बुधवार को एक 28 वर्षीय विवाहिता ने तालाब में कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुट गई है।

बताते हैं कि नरवल निवासी अभिषेक गुप्ता की पत्नी मोहिनी का किसी बात को लेकर घर में झगड़ा हो गया। इसके बाद आवेश में आकर मोहिनी ने रावल देवी मंदिर के बगल में स्थित तालाब में छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई। अभिषेक गुप्ता प्राइवेट नौकरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। लगभग 10 वर्ष पूर्व उसका विवाह हरदोई जिले की मोहिनी से हुआ था। परिवार में एक बेटा और एक बेटी है। एसओ राजेश सिंह ने बताया कि महिला के मायके वालों को सूचना दे दी गई है। अगर तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# टेनापुर गांव में युवक ने मौत को गले लगाया

संवाददाता, घाटमपुर

- कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान था युवक

**अमृत विचारः** क्षेत्र के टेनापुर गांव में कई दिनों से परेशान युवक ने मौत को गले लगा लिया। उसकी लाश फंदे पर लटकी मिली। परिजनों की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर जांच-पड़ताल की। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के टेनापुर गांव निवासी 29 वर्षीय कुलदीप सिंह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। घर में पत्नी व दो बेटे अभय (8) व वैभव (2) और एक बेटी लाडो (4) के साथ रहता था। मंगलवार की शाम खाना खाने के बाद सभी लोग सो गए। देर रात जब पत्नी की नींद खुली और वह पानी पीने के लिए कमरे से निकलकर आंगन में आई तो उसके होश उड़ गए। कुलदीप का शव आंगन में कुंडे के सहारे लटक रहा था।

पुलिस को फोन पर घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर जांच-पड़ताल कराई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह कई दिनों से परेशान सा था। कई बार पूछने का प्रयास किया, पर उसने परेशानी की कोई वजह नहीं बताई। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में अधेड़ गंभीर घायल

**रेउना।** घाटमपुर क्षेत्र के शीतलपुर निवासी शिवचरन (52) घुघुवा गांव के पास सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। हल्का इंचार्ज धर्मा कुशवाहा ने बताया कि अस्पताल भेजा गया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

धर्म अध्यात्म

श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में राज्याभिषेक के साथ राम कथा का हुआ समापन

# स्वार्थ और परमार्थ के समर्पण से ही जीवन धन्य

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचारः** जीवन का उत्कर्ष केवल भौतिक उन्नति नहीं, अपितु ईश्वर की कृपा प्राप्त कर लेना जीव का परम उद्देश्य होना चाहिए। यह विचार बुधवार को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में चल रही संगीतमयी श्रीराम कथा के अंतिम दिन आचार्य ज्ञानेश जी महाराज ने व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने राम भक्त हनुमान जी की महिमा का रोचक वर्णन कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

संगीतमयी श्रीराम कथा के अंतिम दिन बुधवार को कथावाचक आचार्य ज्ञानेश जी महाराज ने श्री राम भक्त हनुमान जी की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि हनुमान की भक्ति में कुछ भी कर गुजरने का नाम है। भक्ति की यह चरम अवस्था ही वानर में देवत्व की स्थापना करती है। हनुमान वायु पुत्र हैं, रुद्रावतार हैं, आठ सिद्धि और नौ निधि के ज्ञाता हैं, ब्रह्मचारी व मंगलदाता हैं। महावीर विक्रम बजरंगी हैं और इन सब के ऊपर वह राम भक्ति के शिखर हैं।


श्रीराम कथा की अमृत वर्षा से सराबोर हुईं महिलाएं। अमृत विचार


कथा सुनाते आचार्य ज्ञानेश जी महाराज।

उन्होंने कहा कि हनुमान जी ने राम को ही स्वार्थ माना और राम को ही परमार्थ। जब तक स्वार्थ और परमार्थ मिलकर राम को समर्पित नहीं होते, तब तक दोनों अपने स्वरूप को धन्य नहीं कर सकते हैं। बताया कि राम भक्तों में हनुमान सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने अतुलित पराक्रम और चातुर्य से माता सीता की खोज की। राम-रावण युद्ध में पग-पग पर उनके शौर्य का परिचय मिलता है। वनवास के दौरान जंगल में उनका प्रबंधन अद्भुत था। उन्होंने रावण के कई सेनापतियों का वध किया व लक्ष्मण के मूर्छित हो जाने पर हिमालय से पूरा पर्वत ही उठा लाए।

उन्होंने कहा कि हनुमान जी का किरदार हर रूप में लोगों के लिए प्रेरणादायक है। हनुमान जी के बारे में तुलसीदास ने भी लिखा है, संकट कटै मिटै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा। यानी हनुमान जी में हर तरह के कष्ट को दूर करने की क्षमता है। अंत में आचार्य ने राम राज्याभिषेक के साथ कथा का समापन किया। कथा आयोजक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि सात मार्च को सुबह श्री हनुमान जी की प्रतिमा का सिंदूर बंदन, दोपहर मुकुल बंधुओं द्वारा संकीर्तन व दिव्य झांकियों के पश्चात शाम को हनुमान जी की प्रतिमा के दिव्य दर्शन व महाप्रसाद का वितरण होगा।

**Form No.5**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL**
**(9/2-A Panna Lal Road Allahabad-211002, U.P.)**
**(Areas of Jurisdiction, Part of Uttar Pradesh)**
**SUMMONS FOR FILING REPLY & APPEARANCE BY PUBLICATION**
**No.** **Dated:- 22.02.2024**
**(Summons to defendant under Section 19(4) of the Recovery of debts due to Banks and Financial Institution Act 1993 read with rules 12 and 13 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure Rules 1993)**
**Original Application No. 812 of 2023**
**UCO BANK**
**....Applicant**
**VERSUS**
**M/s Ajhar Fruit Company & Others**
**....Defendant**
To,
1. **M/s Ajhar Fruit Company,** through its proprietor Shri Mohd. Idrish. Address- Naveen Mandi, Farrukhabad Road, Distt- Etawah - 206001.
2. Shri Mohd. Idrish @ Shri Mohd. Idrish Raien S/O Md. Baks ILahi Address- Naveen Mandi, Farrukhabad Road, Distt- Etawah - 206001. Also at:- House No. 135, Katra, Sewakali, City & Distt- Etawah -206001.
3. Mrs. Salma Begum W/O Shri Mohd. Idrish, R/o: Azad Nagar Teela, Distt- Etawah -206001.
Also at:- Naveen Mandi, Farrukhabad Road, Distt- Etawah - 206001.
Also at:- House No. 135, Katra, Sewakali, City & Distt- Etawah - 206001.
**....Defendant**
In the above noted application, you are required to file reply/ evidence in Paper Book form in four sets along with documents and affidavits (if any) personally or through your duly authorized agent or legal practitioner in this Tribunal, after serving copy of the same on the applicant or his counsel/duly authorized agent after publication of the summons and thereafter to appear before the Tribunal on **06.06.2024** at 10.30 A.M. failing which the application shall be heard and decided in your absence.
**REGISTRAR**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL**
**ALLAHABAD**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम सुहैल अहमद था। अब मेरा नाम बदल कर सुहैल अहमद खान हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।– **सुहैल अहमद खान हुजूर आलम खान, पता – फ्लैट नंबर 1, तीसरी मंजिल, अवध पैलेस, 55 माथुर कंपाउंड, जगत नारायण रोड, लखनऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद जावेद व उसकी पत्नी नाजरीन के चाल– चलन ठीक न होने और गलत– व्यवहार के चलते चल–अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं। मेरे पुत्र व उसकी पत्नी की ओर से किये गये। किसी भी अच्छे–बुरे कार्य से मेरा व मेरे परिवार का किसी तरह से वास्ता नहीं है। वह लोग स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। –**मोहम्मद इलियास पुत्र मुख्त्यार, निवासी कुसुमखोर, थाना कोतवाली व जिला कन्नौज।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **अंशुमान पाण्डेय पुत्र श्री वेंकटेश्वर प्रसाद पाण्डेय मूल निवासी ग्रा0– सोनापार (देवरहना) पो0– रेहरा बाजार, तह0 – उतरौला जनपद– बलरामपुर,** मेरा हाईस्कूल मूल अंक पत्र सह प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 2381738 वर्ष – 2018, तथा इण्टरमीडिएट मूल अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक – 2230530 वर्ष 2020 वास्तव में खो गया है।

**सूचना**
सूच्य हों कि मुझे पहले मोहम्मद आसिम के नाम से जाना जाता था । परन्तु अभिलेखानुसार मेरा सही नाम आसिम खान है । भविष्य में मुझे आसिम खान के नाम से जाना व पहचाना जाए। – **आसिम खान पुत्र मोहम्मद फारूक खान, निवासी– नि –ग्राम व पोस्ट असहन जगतपुर थाना शिवगढ़ –रायबरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस (डी0एल0) में मेरे पिता का नाम ऋुटिवश सरफराज आलम अंकित है जो कि गलत लिख गया है, सही नाम मोहम्मद सरफराज आलम (MOHAMMAD SARFARAZ ALAM) पढ़ा व माना जाये। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के हैं। निवासी- शमवील आलम पुत्र स्व0 मोहम्मद सरफराज आलम म0 नं0 19/113, इन्दिरानगर, लखनऊ, उ0प्र0, पिन-226016

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **फरमान अली पुत्र नौशाद अली, निवासी– मो0 आजाद नगर, कस्बा सौरिख, तहसील– छिबरामऊ, जनपद– कन्नौज,** मेरा हाईस्कूल जिसका अनुक्रमांक 1656865 वर्ष 2016 व इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक 1277896 वर्ष 2018 की मार्कशीट वास्तव में खो गयी है।

# श्रीराम और भोलेबाबा के पौराणिक मंदिरों को जीर्णोद्धार का इंतजार

पुनीत अवस्थी, उन्नाव

- जीर्णोद्धार न होने से जर्जर हो रहा है पौराणिक महत्व का प्राचीन बाबा विश्वनाथ मंदिर
- 18वीं शताब्दी में बनवाया गया था बाबा विश्वनाथ मोती शिवाला व श्रीराम का मंदिर



शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग। अमृत विचार



गांव में बने शिव व राम मंदिर।

**अमृत विचार।** एक ओर जहां केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकारें प्रदेश भर के छोटे-बड़े मंदिरों का जीर्णोद्धार कराकर भव्य रूप दे रहीं हैं। वहीं दूसरी ओर गंगाघाट क्षेत्र के शंकरपुर सरांय गांव में दो शताब्दी पूर्व बने प्राचीन बाबा विश्वनाथ मंदिर जो मोती शिवाला के नाम से जाना जाता हैं और उसके पास बना राम मंदिर देखरेख के अभाव में जर्जर हो गया है।

बता दें कि 18वीं शताब्दी में शंकरपुर सराय गांव निवासी मोती लाल ने भव्य शिव व राम मंदिर का निर्माण कराया था। जिसके चलते मंदिर को मोती शिवाला व बाबा विश्वनाथ मंदिर के नाम से जाना जाता है। उनका परिवार मंदिर परिसर में पूजा-पाठ व भजन-कीर्तन करता चला आ रहा था। मोतीलाल के निधन होने के बाद उनका परिवार लखनऊ चला गया। जिसके बाद मंदिर में भक्तों के आने का सिलसिला धीरे-धीरे कम होता गया।

गांव के बड़े-बुजुर्ग बताते हैं कि 50-55 वर्ष पूर्व गर्मियों की दोपहर हो या आधी रात अचानक मंदिर से घंटे बजने की आवाजें आती थीं। गांव के दीपनारायण, राम, धर्मेंद्र त्रिवेदी व विमलकान्त बताते हैं कि पास के दूसरे शिव मंदिर मे कानपुर के निवासी दंडी स्वामी जी निवास करते थे। वे कभी-कभी भगवान के दर्शन करने आते थे। जिनका एक बार किसी दिव्यात्मा से साक्षात्कार हुआ था। वो दिव्यात्मा आज भी मंदिर परिसर में स्थित पीपल के पेड़ पर निवास करती है।

वहीं गांव के अनुराग बाजपेयी बताते हैं कि उन्हीं के आदेश पर दंडी स्वामी ने शंकरपुर निवासी उनके चाचा स्व. विजय कुमार बाजपेयी से मंदिर परिसर मे साफ-सफाई, चबूतरे का निर्माण, रसोई आदि निर्माण कराकर रंगरोगन कराया और नए सिरे से पूजा-पाठ शुरू कराया था। इसके बाद से लोगों ने मंदिर में फिर से पूजन-पाठ शुरू किया था। इसके बाद हर वर्ष शिवरात्रि पर अभिषेक और भंडारा होने लगा। विजय बाजपेयी के असमय निधन होने के बाद सन-1995 में गांव के अशोक बाजपेयी ने काफी समय तक मंदिर के लिए कार्य किया।

### जीर्णोद्धार न होने से हो सकता है हादसा

गांव के बसंत लाल तिवारी व उनके बेटे संजय तिवारी मंदिर के पुजारी हैं और वे मंदिर में पूजन करते हैं। इतना ही नहीं यहां के प्रमुख त्योहार मंदिर में ही धूमधाम से मनाये जाते हैं। इसके साथ ही पास में योग कक्षाएं भी चलती हैं। मंदिरों के जर्जर होने से कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है।

### भव्य नक्काशी दिलाती है पुरानी कलाकारी की याद

प्रभु श्रीराम व शिव मंदिर के गुंबदों में विशेष नक्काशी के साथ प्राचीन कलाओं से युक्त गुंबद बने हैं। जिसमें नवग्रह समेत तमाम प्रकार की मूर्तियां भी बनी हुई हैं। जो आज भी पुरानी कलाकारी की याद दिलाती हैं।

### शिव मंदिर में ये प्रतिमाएं हैं विराजमान

शिव मंदिर में शिव परिवार के साथ नंदी, हनुमान जी, मां दुर्गा व विष्णु भगवान विराजमान हैं। इसके अलावा पास के राम मंदिर में राम दरबार बना है। देखरेख के भाव में परिसर की बाउंड्री पूरी तरह गिर चुकी है।

### ट्रांस गंगा सिटी से जुड़ा हुआ है मंदिर

मंदिर सरकार की बहुआयामी योजना ट्रांस गंगा सिटी से जुड़ा हुआ है। उसकी जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका है। जिसका 22 .25 लाख मुआवजा भी मिला था। इतना ही नहीं मंदिर के नाम एक विकसित भूखण्ड भी है जिसकी कीमत करोड़ों में है। लेकिन वो भी विवादों मे फंसा है। ग्रामीणों कहना है कि शासन को उसी धन को उपयोग में लाकर मंदिर का जीर्णोद्धार कराना चाहिए।

# खनन कर खेत से लोड डंपर निकालने से किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



खेत में खनन करती मशीन।

**अमृत विचार।** जिले में अवैध खनन से सबसे अधिक किसान परेशान हैं। कहीं उनके खेत से जबरन मिट्टी खोद ली जाती है तो कहीं उनकी खड़ी फसल को रौंदते हुए डंपर फर्राटा भरते हैं। रोकने पर सरकारी कार्य का हवाला देकर उन्हें डराया भी जाता है।

ऐसा ही एक मामला अचलगंज थानाक्षेत्र का सामने आया है। जहां निर्माणाधीन कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के लिए मिट्टी आपूर्ति कर रहे लोगों ने करौंदी स्थित ताजपुर नौबस्ता के किसान मुन्नर अग्निहोत्री के खेत मे बिना परमिट के मिट्टी खनन कर डाला। उसके बगल में करौंदी निवासी अनिल दीक्षित के भी खेत हैं। उसने बताया कि बुधवार को जब वह खेत की ओर गए तो देखा कि उनके मेड़ से सटाकर करीब सात फिट गहरान तक मिट्टी खुद चुकी थी। साथ ही अनुमति के बिना उनके खेत से डंपर भी निकल रहे थे। आरोप लगाया कि उसने जब विरोध किया तो उसे कार्रवाई की धमकी दी गई। इसके बाद पीड़ित किसान ने फोन से इसकी शिकायत अधिकारियों से करने के साथ आईजीआरएस पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है।

कानूनगो अरविंद कुमार ने बताया कि करौंदी ग्राम सभा में खनन का कोई परमिट स्वीकृत नहीं हुआ है। बताया कि लेखपाल को भेजकर जांच कराई गई है। काम रोक दिया गया है।

# पूर्व सांसद पहुंचे कोर्ट बोले, मैं नहीं हूं बंधक

## बड़े बेटे ने बंधक बनाने को लेकर हाईकोर्ट में दायर की थी याचिका

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- कहा, वह मर्जी से छोटे बेटे के साथ रह रहे और रहेंगे, कोर्ट ने खारिज की बड़े बेटे की याचिका



पूर्व सांसद देवी बक्श सिंह।

**अमृत विचार।** भाजपा से जिले के तीन बार सांसद रहे देवी बक्श सिंह के बड़े बेटे ने पिता को बंधक बनाए जाने को लेकर लखनऊ हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। जिसके चलते पूर्व सांसद कोर्ट में हाजिर हुये। जहां उन्होंने कहा कि वह अपनी मर्जी से छोटे बेटे के साथ रह रहे हैं और उसी के साथ रहेंगे। उन्हें किसी ने बंधक नहीं बना रखा है। इसके बाद कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।

बता दें कि हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में उन्नाव के पूर्व सांसद 85 वर्षीय देवीबक्श सिंह ने बयान दिया कि मैं अपनी मर्जी से छोटे बेटे के साथ रहता हूं। जिस पर न्यायाधीश ने उनके बड़े बेटे की ओर से दाखिल पिता को छोटे भाई द्वारा बंधक बनाए जाने की याचिका को रद कर दिया। वहीं, इस मामले को प्रॉपर्टी विवाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि पूर्व सांसद के दो बेटे महावीर सिंह और उदयवीर सिंह हैं। बड़े बेटे महावीर सिंह ने अक्टूबर-2023 में हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर कहा था कि उनके छोटे भाई ने पिता को बंधक बना लिया है।

वह बीमार हैं और उनका इलाज भी नहीं कराया जा रहा है। मांग की थी कि पिता को उनके साथ रखने का आदेश दिया जाए। पूर्व सांसद के अधिवक्ता ओपी तिवारी ने बताया कि व्हील चेयर पर पूर्व सांसद अपने छोटे बेटे उदयवीर के साथ हाईकोर्ट पहुंचे और अपना पक्ष रखते हुए कहा कि मैं अपनी मर्जी से छोटे बेटे के पास रहता हूं। वही मेरी देखभाल करता है। जिस पर कोर्ट ने याचिका को रद कर दी। उदयवीर ने बताया कि पिता के साथ वह बयान के लिए हाईकोर्ट पहुंचे थे। वहीं महावीर ने इस संबंध में बात करने से इंकार कर दिया।

### बड़े बेटे की शिकायत एसपी से भी कर चुके थे

11 दिसंबर-2023 को पूर्व सांसद देवी बक्स सिंह ने एसपी उन्नाव को प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि उनका अकमरपुर के गलगलहा गांव के पास ईंटा भट्ठा है। जिसे छोटा बेटा उदयवीर सिंह देखता है। आरोप लगाया कि उनका बड़ा बेटा भट्ठे में जाकर ग्राहकों को भगाता है। जिसका बेटे ने विरोध किया तो छोटे बेटे को धमकी दी। इसके साथ ही उनसे भी अभद्रता की। सांसद एसपी को प्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही की मांग भी की थी।



प्रमाणपत्र के साथ विजेता व मौजूद अतिथि। अमृत विचार

# अवधराज को 800 मीटर दौड़ में मिला पहला स्थान

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को 33वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़ में एमए प्रथम वर्ष के छात्र अवधराज यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, छात्र सूरज द्वितीय व शोभित कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

इसके अलावा छात्रा वर्ग में गुड़िया प्रथम, विजया यादव द्वितीय व निर्मला तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि लंबी कूद में शोभित प्रथम, अवधराज यादव द्वितीय व बासुदेव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा छात्रा वर्ग में सुभी सिंह प्रथम, रागिनी यादव द्वितीय व विजया यादव तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता समापन पर प्राचार्य प्रो. सदानंद राय ने छात्र वर्ग में एमए प्रथम वर्ष के छात्र अवधराज यादव और छात्रा वर्ग में एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा गुड़िया को खेल चैंपियन के खिताब से नवाजा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. विष्णु मिश्रा व क्रीड़ा प्रभारी डा. दिग्विजय सिंह ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संचालन डा. सविता ने किया। सविता राजन, धर्मेंद्र द्विवेदी, डा. शैलजा त्रिपाठी, डा. सुमन देवी व डा. ब्रज किशोर गुप्ता आदि शिक्षकों सहित प्रेम कुमार गौतम, विनोद चंद्र मौर्य, कन्हैया लाल, बसंत लाल मौर्य, मुन्नी लाल व जितेंद्र कुमार व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# उन्नाव में जलाया भाजपा का पुतला लगे सांसद-विधायक विरोधी नारे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- सफीपुर में युवक का शव मिलने के बाद कार्रवाई न होने से गुस्सा हैं ग्रामीण
- सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि उन्होंने पीड़ित पक्ष की पूरी मदद की थी



भाजपा का पुतला जलाते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अटवा मोहाल ओसिया गांव का एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें आक्रोशित ग्रामीण भाजपा का पुतला जलाते हुये सांसद व विधायक के नाम लेकर मुर्दाबाद के नारे लगा रहे हैं। हालांकि ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। इसे लेकर पुलिस अफसरों का कहना है कि ग्रामीणों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं इसे लेकर सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि उन्होंने पीड़ित पक्ष की पूरी मदद की है। कहा कि ऐसी घटना के पीछे राजनीतिक दुर्गंध आ रही है।

बता दें कि अटवा मोहाल ओसिया निवासी सूरजपाल का 30 वर्षीय बेटा मनोज बीती शुक्रवार देर शाम गांव के पास ही अलीगंज में एक शादी समारोह में गया था। देर रात लौटते समय मवई लाल गांव के पास सरसों के खेत में उसका शव पड़ा मिला था। शनिवार सुबह सफीपुर कोतवाली पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा था। पीएम रिपोर्ट में हृदय गति रुकने से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई थी। लेकिन, परिजनों का आरोप था कि उसकी हत्या कर शव फेंका गया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अलीगंज निवासी लाल बहादुर, सर्वेश व संजय के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद भी परिजन पुलिसिया कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हुए और रविवार को शारदा नहर के पास शव रखकर जमकर हंगामा किया था। जब लोग शांत नहीं हुये तो पुलिस ने बल प्रयोग किया था। जिसमें कुछ लोग घायल भी हुये थे।

घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया में वायरल हो गया। इसी प्रकार के एक वीडियो में लोग भाजपा का पुतला जलाते हुए दिख रहे हैं और सभी सांसद साक्षी महाराज व क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर का नाम लेकर मुर्दाबाद के नारे लगा रहे हैं। उनमें आक्रोश था कि घटना के बाद भी कोई परिजनों से मिलने नहीं पहुंचा। सफीपुर कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण सिंह ने बताया कि रोड जाम करने पर अज्ञात ग्रामीणों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि घटना की जानकारी होने पर उन्होंने पीड़ित पक्ष की पूरी मदद की थी। जिस प्रकार से वीडियो में पुतला दहन किया जा रहा है उसमें राजनीतिक दुर्गंध आ रही है।

# 3000 मीटर दौड़ कर लक्ष्मी प्रजापति ने जीते गोल्ड मेडल

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव



लक्ष्मी प्रजापति।

**अमृत विचार।** नवाबगंज ब्लॉक क्षेत्र के कुंजपुर गांव निवासी लक्ष्मी प्रजापति ने हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 1500 और 3000 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर अपने गांव, माता-पिता, गुरु और संस्था का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता उप्र खेल निदेशालय लखनऊ और उन्नाव के जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित हुई थी। इस शानदार प्रदर्शन पर लक्ष्मी की जिले भर में प्रसंशा हो रही है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरु और संस्था को दिया है।

# 'अन्ना पशुओं को संरक्षित करें अधिकारी'

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



जिला निगरानी समिति की बैठक मौजूद सांसद। अमृत विचार

- योजनाओं की समीक्षा कर समय से कार्य पूरा करने के निर्देश

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में बुधवार को सांसद की अगुवाई में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। जिसमें खस्ताहाल सड़को को लेकर सांसद मुखर नजर आए उन्होंने इन्हे तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश देने के साथ लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

अध्यक्षता कर रहे सांसद साक्षी महाराज ने अफसरों से जन प्रतिनिधियों का निर्धारित प्रोटोकाल के तहत सम्मान करने व उनकी शिकायतों का संज्ञान लेकर कार्रवाई करने और उनको इसकी जानकारी देने को कहा। कहा कि जिले में कई सड़कों की स्थिति अत्यन्त खराब है। जिससे आएदिन हादसे होते हैं। इनका जल्द से जल्द सुधार किया जाए अन्यथा संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी। पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि आवारा मवेशी खुले में या सड़क पर नहीं दिखना चाहिए। सभी को गौशालाओं में संरक्षित कराएं। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में कहा सीएचसी, पीएचसी सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। इनमें डाक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। इसके अलावा कृषि विभाग को निर्देश दिए कि असमय बारिश से प्रभावित हुए सभी गावों में फसलों के नुकसान का वास्तविक सर्वे करा कर प्रत्येक क्षतिपूर्ति की जाए। साथ ही 30-40 साल से किसी भी स्थान पर बसे हुए गरीब के घर को न उजाड़ें। अपरिहार्य स्थिति में पहले उसके रहने की व्यवस्था की जाए। बैठक में जन प्रतिनिधियों द्वारा जाम व यातायात की समस्या व सुझाव रखे गए।

इस पर डीएम गौरांग राठी ने कहा कि सदन में जिले से संबंधित जो भी समस्याएं उठायी गयीं उनका तत्काल संज्ञान लेकर निस्तारण किया जायेगा। इस दौरान विधायक श्रीकांत कटियार, बृजेश रावत, बम्बालाल दिवाकर, अनिल सिंह, पंकज गुप्ता एमएलसी अरुण पाठक, सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट राम मोहन मीणा, एएसपी प्रेमचंद्र आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

### जूता कारखाना से पार किया चार लाख का माल

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ स्थित एक जूते के कारखाने का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने मशीनों व अन्य सामान समेत चार लाख से अधिक का माल पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की है। कानपुर सिविल लाइन निवासी मोहम्मद हारिस सिद्दीकी का जाजमऊ चौकी क्षेत्र त्रिभुवन खेड़ा के पास जूता बनाने का कारखाना हैं। उन्होंने बताया कि कारखाना कई दिनों से बंद चल रहा था। जिसका फायदा उठाकर चोर मंगलवार रात वहां पहुंचे और ताला तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने 1 लाख 65 हजार की कीमत की 11 लेदर सिलाई मशीन, मोटर, मशीन की चेन, कम्प्यूटर समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। वहीं कारखाना मालिक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

### मानसिक विक्षिप्त ने फांसी लगा कर दी जान

**सफीपुर।** मानसिक रूप से विक्षिप्त एक युवक ने आम के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के सलीन्द गांव निवासी प्रेम शंकर का 22 वर्षीय पुत्र चुन्नीलाल मानसिक रूप से विक्षिप्त था। उसने कस्बे के मोहल्ला सरांय मुबारक अली निवासी अच्छू बेग के आम के बाग में आम के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। पुलिस के अनुसार अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर और पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बैंकों के कर्ज संबंधी मामले निपटाने के लिए हुई बैठक

**उन्नाव।** राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में बैंकों के ऋण वसूली से संबंधित मामलों का अधिक से अधिक निस्तारण हो इसके लिए बुधवार को एक बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में हुई। प्राधिकरण सचिव एडीजे मनीष निगम ने सभी बैंक अफसरों से लोक अदालत में ऋण वसूली के मामलों को अधिक से अधिक चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस समन तामील कराने को कहा। इससे पहले एक जागरूकता वाहन को भी सचिव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, पराविधिक स्वयंसेवक सहित अधिवक्ता मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर से गिरने से युवक हुआ घायल

**उन्नाव।** माखी थानाक्षेत्र के रावतपुर गांव निवासी रामबाबू (40) बीती रात रिश्तेदार के ट्रैक्टर पर बैठकर आसीवन थानाक्षेत्र के मुंशीगंज गांव आया था। बताते हैं कि सभी शराब के नशे में थे। लौटते समय रावतपुर मोड़ के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दीवार में टकरा गया। झटका लगने से रामबाबू गिरकर गंभीर घायल हो गया। चालक वाहन व उसे घायल छोड़कर भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे सीएचसी मियागंज लाई। जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

महाशिवरात्रि — यात्रा मार्ग में बनाए जाएंगे एक सैकड़ा स्वागत द्वार, तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे भक्त

# शिव बारात में शामिल होंगी 500 झांकियां

कार्यालय संवाददाता उन्नाव




शिव शोभायात्रा के संबंध में जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

- आयोजन में आसपास के जिलों के शामिल होते हैं लाखों श्रद्धालु

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व पर शहर में निकलने वाली शिव शोभा यात्रा और भव्य होगी। यात्रा समिति के अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस बार 500 से अधिक झांकियां यात्रा की शोभा बढ़ाएंगी। इसके लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में है। कमला मैदान से यात्रा शुरू होकर शहर का भ्रमण करते हुए झंडेश्वर मंदिर पर विश्राम लेगी। आईईबीपी चौराहा पर भगवान गणेश की पूजा की जाएगी।

महाशिव रात्रि पर्व पर शहर में निकलने वाली शोभायात्रा में आसपास के जिलों से लाखों भक्त शामिल होते हैं। शिव शोभा यात्रा के संयोजक चंद्र प्रकाश गुप्ता ने बताया 41वीं शिव बारात के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह है। यात्रा का शुभारंभ संतो के साथ डीएम, एसपी व जन प्रतिनिधियों द्वारा गणेश पूजन कर किया जाएगा। शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, बैंड-बाजों के साथ लगभग 500 देवी देवताओं व महापुरुषों की झाकियां शामिल रहेंगी।

यात्रा मार्ग में एक सैकड़ा स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। पूरे नगर को झंडे और झंडियों से पाटने का काम शुरू हो गया। शिव बारातियों के स्वागत के लिए भंडारे में विभिन्न व्यंजनों की व्यवस्था भक्तों द्वारा की गई है। समिति द्वारा जिला प्रशासन व स्थानीय नगर पालिका परिषद से भक्तों की सुरक्षा व यात्रा मार्ग के गड्ढे भरवाने की मांग की है। कहा कि शिव बारात के समापन के बाद रात्रि 8 बजे से श्री झंडेश्वर महादेव मंदिर के श्रृंगार दर्शन, आरती पूजन, प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान समिति के प्रमुख पदाधिकारी रामस्वरूप ब्रह्मचारी, आचार्य हरिदेव शास्त्री, सुरेश पांडेय, श्रीकांत शुक्ला, धीरेंद्र प्रताप सिंह, विनोद शर्मा, अरुण प्रकाश सिंह, ज्ञानेंद्र पाठक आदि मौजूद रहे।

# मानदेय बढ़ाने को लेकर आशा बहुओं का धरना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** आशाओं व संगिनियां मानदेय बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर बुधवार को डीएम कार्यालय में धरने पर बैठ गईं। आशाओं ने जमकर नारेबाजी की । सूचना पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट ने ज्ञापन लेकर संबंधित विभाग को भेजने की बात कही है। वहीं आंदोलनकारियों ने नौ सूत्रीय मांगे पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन धरने की बात कही।

आश बहू कल्याण समिति के बैनर तले आशाएं व आशा संगिनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर हुंकार भरते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस पहुंची और सभी को शांत कराने के प्रयास किये। उनकी मांग थी कि प्रोत्साहन राशि हटाकर आशाओं को 18 हजार व संगिनियों को 24 हजार मानदेय, मृतक आश्रित आशा संगिनी के परिवार के लोगों की योग्यता होने पर संगिनी पद पर चयन किए जाने। 24 घंटे की सेवा के चलते उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से 50 लाख रुपये का बीमा कवर सहित राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।

कहा कि हम सभी सरकारी कर्मचारियों जितनी मेहनत करते हैं लेकिन उन्हें वेतन नहीं दिया जा रहा है और ना ही किसी प्रकार की सरकारी सुविधा दी जाती है। प्रदर्शन के बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज ने बताया कि आशा बहू की प्रदेश स्तरीय आंदोलन चल रहा है। उनकी मांगे भी निस्तारण भी प्रदेश स्तर हो पायेगा। ज्ञापन प्रदेश सरकार को भेजा जायेगा।

अर्थम् महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा।
विचरत्यसमुन्नद्धो यः स पंडित उच्यते॥

जो व्यक्ति विपुल धन-संपत्ति, ज्ञान, ऐश्वर्य, श्री इत्यादि को पाकर भी अहंकार नहीं करता, वह ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# बीमा योजना के तहत

प्रकृति पर निर्भरता के कारण खेती में जोखिम और अनिश्चितताएं आम हैं। सूखा, बाढ़, बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि आदि सीधे खेती को प्रभावित करते हैं। ऐसी परिस्थितियों में फसलों का बीमा करना प्रमुख रणनीति मानी जाती है। फसल बीमा किसानों को फसल के नुकसान की स्थिति में भुगतान के माध्यम से जोखिम से निपटने में मदद करता है और कृषि क्षेत्र में आपदा भुगतान पर बोझ को कम करके सरकार की मदद करता है। किसानों की समस्याओं पर ध्यान देते हुए सरकार ने वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) शुरू की थी। जिसका उद्देश्य कम पैदावार या पैदावार के नष्ट हो जाने की स्थिति में किसानों को मदद मुहैया कराना था। सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के कारण, योजना के तहत कवरेज साल-दर-साल बढ़ रहा है। गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पीएमएफबीवाई के कार्यान्वयन के पिछले 8 वर्षों में 56.80 करोड़ किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए हैं और 23.22 करोड़ से अधिक किसान आवेदकों को दावे प्राप्त हुए हैं। इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31,139 करोड़ रुपये चुकता किए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान दावे के रूप में किया गया। यह योजना खासकर उन किसानों का बोझ कम करने में मदद कर रही है, जो खेती के लिए ऋण लेते हैं और खराब मौसम में फसल बर्बादी के कारण उसी ऋण को चुका पाने में असमर्थ रहते थे। इसके बावजूद देश में फसल बीमा को किसानों के बीच ज्यादा लोकप्रियता नहीं मिली है। इसका कारण यह है कि अधिकांश राज्यों द्वारा उनके प्रीमियम सब्सिडी शेयर का समय पर भुगतान नहीं कराया जाता है।

गौरतलब है कि भारतीय फसल बीमा 'क्षेत्र दृष्टिकोण' पर काम करता है। क्षेत्रीय दृष्टिकोण तभी अच्छा काम करता है जब किसानों की उपज और फसल काटने के प्रयोगों में उपज के बीच सहसंबंध अधिक हों। इस शर्त को शायद ही कभी पूरा किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप 'बुनियादी जोखिम' होता है, यानी, किसान को फसल का नुकसान होता है लेकिन मुआवजा नहीं मिलता है। इसके अलावा, उन लोगों के लिए जिन्हें अंततः मुआवजा मिलता है, अधिकांश मामलों में भुगतान में काफी देरी होती है। कई बदलावों के बाद पीएमएफबीवाई शुरू की गई, जो पहले की समान योजनाओं का एक उन्नत संस्करण है। हालांकि कई मुद्दे और चुनौतियां हैं, अतः इस योजना के उद्देश्य की पूर्ति हेतु सरकार को योजना के समक्ष आने वाली उपरोक्त सभी चुनौतियों के संबंध में जल्द-से-जल्द समाधान का रास्ता तलाशना चाहिए।

# कैंसर से जंग की नई उम्मीदें

निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है। अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी। लेकिन डीएस रिसर्च सेन्टर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सम्मिलित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने और नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है।

पिछले 20 सालों में दुनिया भर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। हर साल देश और दुनिया में कैंसर से लाखों मौत होती है। भारत में कैंसर के मामलों पर किए गए और बीएमसी कैंसर जर्नल में प्रकाशित आईसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के 2022 के एक अध्ययन में अनुमान जाहिर किया कि 2025 तक भारत में कैंसर के 2.98 करोड़ मामले हो सकते हैं। ये नीति आयोग के अनुमान के हिसाब से इस साल भारत की 1.4 अरब आबादी की दो फीसदी होगी। आईसीएमआर का अध्ययन इस बात से 40 फीसदी मामलों की वजह इन सात में से एक कैंसर को बचाते हैं-फेफड़े, स्तन, भोजन नलिका, मुख, पेट, लीवर और गर्भाशय ग्रीवा।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने और नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है। इम्यूनोथेरेपी से कई अलग-अलग प्रकार के कैंसर का इलाज अब होने लगा है। उधर कैंसर के इलाज में भारतीय मसाले बेहद कारगर हैं। आईआईटी मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर के इलाज के लिए, इनका पेटेंट करवाया है। 2028 तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुंबई स्थित देश के सबसे बड़े टाटा मेमोरियल कैंसर हास्पिटल और रिसर्च सेंटर की तरफ से अब इस जानलेवा बीमारी को लेकर एक उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के एक शोध में यह दावा किया गया है कि उन्होंने कैंसर की एक बेहद किफायती संभावित दवा (टेबलेट) ढूंढ ली है, जो कैंसर सेल्स को फिर से बढ़ने से रोक सकती है और कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक है।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टैबलेट विकसित की है। टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानि कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा। यह टैबलेट कीमोथेरेपी जैसे ट्रीटमेंट के बुरे प्रभावों को 50 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। टाटा के डाक्टर्स इस टैबलेट पर करीब 12 साल से काम कर रहे हैं। चूहों पर प्रयोग कर इस दवा का सकारात्मक असर दिखा। इस दवा को जून-जुलाई में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथारिटी ऑफ इण्डिया (एफएसएसएआई) से मंजूरी मिलने की संभावना है। कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्परिणामों (कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी) पर असर का परीक्षण चूहों और इंसानों दोनों पर किया गया। लेकिन इसकी रोकथाम का परीक्षण अभी सिर्फ चूहों पर किया गया है। इसके लिए मानव परीक्षण यानि ह्यूमन ट्रायल पूरा करने में लगभग पांच साल का समय लगेगा।

वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई दशकों से काम करने वाली संस्था डीएस रिसर्च सेंटर ने पोषक ऊर्जा से कैंसर की औषधि तैयार करके यही काम किया है। वैज्ञानिक परीक्षणों में भी इस औषधि के नतीजे बेहतर पाए गए हैं। जाधवपुर विश्वविद्यालय के नैदानिक अनुसंधान केन्द्र (सीआरसी) के निदेशक डा.टी.के. चटर्जी के अनुसार- 'डीएस रिसर्च सेंटर की पोषक ऊर्जा से तैयार की गई औषधि सर्वपिष्टी के पशुओं पर किए गए परीक्षण के परिणाम उत्साहजनक पाए गए है। यदि पशुओं के शरीर पर सर्वपिष्टी का प्रयोग किए जाने के बाद सीआरसी ने उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं तो ऐसे ही परिणाम इसे मानव शरीर पर प्रयोग करने से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कैंसर उपचार के इतिहास में युगान्तरकारी घटना होगी। सीआरसी विभिन्न रोगों के लिए दवाईयों का नैदानिक परीक्षण करता है। इसी सिलसिले में उन्होंने सर्वपिष्टी का भी नैदानिक परीक्षण किया था।

किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए समान्यतः दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है-पहला, औषधीय (फार्माकोलॉजिकल) परीक्षण और दूसरा, विष विद्या संबंधी (टोक्सीकोलॉजिकल) परीक्षण ये परीक्षण आयातित सफेद चूहों पर किए गए। पशु शरीर में कैंसर कोशिकाओं का प्रविष्ट कराया गया और जब ट्यूमर निर्मित हो गया तब हमने दवा देना शुरू किया। पोषक ऊर्जा के परीक्षण की स्थिति में 14 दिनों बाद जो प्रतिक्रियाएं देखी गईं उनमें कोशिकाओं की संख्या स्पष्ट रूप से कम होना शुरू हो गई थी। पशु शरीर में कोई अल्सर पैदा नहीं हुआ। ट्यूमर विकास दर 46 प्रतिशत तक कम हो गई थी और दवाई की विषाक्तता लगभग शून्य थी। ऐसे सकारात्मक परिणाम हाल के समय में नहीं देखे गए थे।

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है। अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी। लेकिन डीएस रिसर्च सेन्टर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सम्मिलित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं इसलिए वे औषधियां मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वथा अनुकूल थी। यहां तक कि औषधि के सेवन का माध्यम भी दुग्ध शर्करा को बनाया गया था जो एक मानवीय भोज्य है और स्वास्थ्य पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक वैज्ञानिक डॉक्टर उमाशंकर तिवारी के अनुसार सर्वपिष्टी कोई औषधीय सूत्र नहीं है बल्कि पोषक ऊर्जा वर्ग की औषधीय का प्रतिनिधित्व करती है जो कल 1621 मानवीय भोज्यों के विस्तार से काट छांट कर विकसित पोषक ऊर्जा है।

सन् 1982 में सेंटर ने कैंसर की औषधि तैयार की। इस औषधि के परीक्षण के लिए प्रारंभ से ही नीति बनी कि केवल ऐसे रोगियों की तलाश की जाए। जिन्हें अस्पताली चिकित्सा के धर्मकांटे ने चिकित्सा के लिए अयोग्य मानकर अंतिम रूप से छोड़ दिया हो। खोजबीन करके इस तरह के रोगियों तक पोषक ऊर्जा की खुराकें पहुंचाई जाने लगी। उन्हें यह भी कह दिया गया कि अपने कष्टों के लिए और स्वास्थ्य के विकास के लिए जो भी औषधियां वे लेते रहे हैं उन्हें लेते रहें। परीक्षण अभियान शुरू हुआ। अन्ततः औषधि की सफलता और उसके प्रभाव परिणाम की सकारात्मकता रोगियों के अपने अनुभवों तक सीमित नहीं रही, वह जांच रिपोर्टों से भी प्रमाणित हुई और पारंपरिक चिकित्सा के वर्तमान सूत्रधारों को अक्सर विस्मित भी करती रही। पर यह औषधि बाजार में उपलब्ध नहीं है।

हमारे भोजन में प्रयोग होने वाले मसालों से तैयार नैनोमेडिसिन ने फेफड़े, स्तन सर्विकल, मुख, बृहदान्त्र व थॉयराइड सेल लाइन के खिलाफ कैंसर रोधी गतिविधि दिखाई है, लेकिन ये सामान्य कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है। पशुओं पर यह अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, अब क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी चालू है। प्रोफेसर नागराज का नैनो-इमल्शन की स्थिरता महत्वपूर्ण विचार था। हालांकि कैंसर कोशिकाओं के साथ सक्रिय अवयवों व उनके सम्पर्क के तरीकों की पहचान करने के लिए और अधिक अध्ययन प्रयोगशालाओं में जारी रखेंगे। वास्तव में पारंपरिक कैंसर उपचार में थेरेपी की तुलना में नैनो-ऑन्कोलाजी के ढेरों फायदे तो हैं ही, इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। अपने भोजन में इन मसालों का महत्व हमेशा से है। हमारी रसोई में हल्दी, जीरा, मेथी, इलायची, काली मिर्च, अजवाइन, तेजपत्ता व गरम मसालों की मौजूदगी बताती है। हम पुरातन वक्त से इनके महत्व को समझ रहे हैं। कैंसर जैसा खतरनाक रोग भारतीयों के लिए भीषण संकट खड़ा कर रहा है। कैंसर की दवाओं की सुरक्षा व लागत को लेकर निरंतर प्रयोग जारी हैं। इस तरह से तैयार की जाने वाली दवाएं सुरक्षित साबित हो सकती हैं। साथ ही इन मसालों के शुद्ध रूप को रोजाना के भोजन में शामिल कर हम इन रोगों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रयास भी कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में छलांग

प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

भारत का सेमीकंडक्टर मिशन बड़ी सफलताओं के साथ बहुत ही कम समय में अमरीका, ताइवान और दक्षिण कोरिया की तरह प्रमुख चिप हब बन रहा है। वह दिन अब ज्यादा दूर नहीं, जब देश में सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित हो जाएगा। इतना ही नहीं, देश में जल्द ही विश्वस्तरीय भारत सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर की स्थापना होने जा रही है। यह सेंटर रिसर्च की दिशा में मील का पत्थर बनेगा। अभी हाल में केन्द्र सरकार ने तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां लगाने को मंजूरी दी है। अगले 100 दिन के भीतर तीनों इकाइयों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। ये इकाइयां 20 हजार उन्नत प्रौद्योगिकी कार्यों में प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 60 हजार अप्रत्यक्ष रोजगारों का सृजन करेंगी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने भी राज्य को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अग्रणी रखने के लिए कौशल प्रशिक्षण/अनुसंधान और विकास में कंपनियों को समर्थन देने प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। प्रदेश सरकार ने यूपी सेमीकंडक्टर नीति-2024 के तहत राज्य में सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने पर निवेशकों के लिए सब्सिडी और छूट देने की घोषणा की है। यह सभी छूट केंद्र द्वारा दी जाने वाली छूट के अलावा होगी। निवेश प्रोत्साहन और ब्याज सब्सिडी के अलावा भूमि लेनदेन पर स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया जाएगा। सरकार मुख्यमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत पांच वर्षों तक हर वर्ष 500 छात्रों को 20,000 की वार्षिक वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगी। इसका फोकस बीटेक और एमटेक ग्रेजुएट्स पर होगा।

भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग का परिदृश्य सार्थक रूप से नए आयाम और मायने की ओर बढ़ रहा है। इन आयामों से जहां डिजिटल प्रौद्योगिकियों और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं आईटी क्षेत्र में लाखों नई नौकरियां भी बढ़ेंगी। साधारण शब्दों में, सेमीकंडक्टर को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स का 'मस्तिष्क' कहा जाता है। कोई शक नहीं कि भविष्य की हमारी दुनिया जिस मजबूत आधार पर टिकी हुई होगी, वह है सेमीकंडक्टर।

देश को सेमीकंडक्टर उत्पादन का वैश्विक हब बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता किसी से छिपी नहीं है। भारत ने रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सरकार ने यह तथ्य अच्छी तरह समझा है कि युवाओं की क्षमता का इस्तेमाल देश में ही किया जाए। सरकार ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में स्टार्ट-अप और एसएमई (छोटे और मध्यम उद्यमों) का समर्थन करने के लिए एक पैनल भी बनाया है। प्रौद्योगिकी से जुड़े विशेषज्ञ सेमीकंडक्टर को आज के युग का 'न्यू ऑयल' कहते हैं। लगभग हर प्रमुख सेमीकंडक्टर कंपनी की भारत में मौजूदगी है। भारत के युवा दुनिया के कुछ सबसे उन्नत चिप्स डिजाइन करते हैं, प्रोडक्ट की पैकेजिंग और टेस्टिंग भी करते हैं लेकिन उन्हें बनाने के लिए अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया या ताइवान भेजा जाता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के लिए ये एक बड़ा बोझ है जिसे आने वाले समय में निश्चित कम किया जा सकेगा।

भारत में 300 से ज्यादा ऐसे बड़े कॉलेजों की पहचान की गई है, जहां सेमीकंडक्टर पर कोर्स उपलब्ध होंगे। आजीविका संवर्धन के लिए स्किल्स एक्वीजीशन एंड नॉलेज अवेयरनेस फॉर लिविलीहुड प्रमोशन (संकल्प) कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य ईएसडीएम/सेमीकंडक्टर उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 10 मिलियन लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करना है। सरकार ने हाल में, नेशनल क्वांटम मिशन को मंजूरी दी है। 2023-24 से 2030-31 तक के लिए 6003.65 करोड़ रुपये का बजट घोषित किया गया है।

आंकड़ों की बात की जाए तो 2014 में भारत का इलेक्ट्रानिक्स उत्पाद 30 बिलियन डॉलर से भी कम था। 2014 से पहले भारत में सिर्फ 2 मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स थीं। आज इनकी संख्या बढ़कर 200 से ज्यादा हो चुकी है। अगर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की बात करें तो 2014 में भारत में 6 करोड़ यूजर्स थे। आज उनकी संख्या भी लगभग बढ़कर 80 करोड़ यूजर्स से ज्यादा हो चुकी है। मौजूदा दशक में ही भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 110 अमेरिकी डॉलर तक जा सकता है जो वैश्वक व्यवसाय का 11 फीसद है। वैश्विक कंसल्टिंग कंपनी मैकेंजी के अनुसार 2030 तक सेमीकंडक्टर उद्योग का राजस्व एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन के अनुसार सेमीकंडक्टर का भारतीय बाजार 2028 तक 80.3 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

# एआई: सावधान मनुष्य यदि विज्ञान है तलवार

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ज़रिए ज़बरदस्त बदलाव के दावे किए जा रहे हैं। जैसे कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता असिस्टेंट' की मदद से विद्यार्थी बिना शिक्षक संपर्क के भी शैक्षिक संसाधनों का पता करके उनको उपयोग में ला सकते हैं।

विज्ञान जहां दिन-प्रतिदिन हमारे जीवन को सुगम बनाता रहा, वहीं इसके दुष्प्रभाव मानवता के समक्ष संकट भी उत्पन्न करते रहे। यही कारण रहा कि समय-समय पर चिंतकों-विचारकों ने इसके प्रति 'सावधान मनुष्य यदि विज्ञान है तलवार' जैसे तमाम संकेत देकर विज्ञान के संयमित और संतुलित प्रयोग के प्रति सचेत भी किया।

शिक्षा में विज्ञान का क्रमिक प्रवेश होने से शिक्षा गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। चाहे वह शिक्षण विधियों को ज्यादा विद्यार्थी अनुकूल बनाने में सूचना संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग हो अथवा विद्यार्थियों को स्व-निर्देशात्मक सामग्री की उपलब्धता। विज्ञान ने गूढ़ व जटिल संरचनाओं को लाइव मोड में विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया तो उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी एक क्लिक में प्रस्तुत किया। वर्तमान समय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' या 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (एआई) का है। इस दिशा में निरंतर हो रहे शोध एवं नवाचारों ने इसे मानव के समक्ष एक ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है कि पुनः इस बात पर ज़ोर-शोर से चर्चा होने लगी है कि इसके उपयोग की सीमाएं क्या हों। कहीं ऐसा तो नहीं कि यह 'कृत्रिम मेधा' वास्तविक मेधा के समक्ष सच में संकट खड़ा कर दे।

यहां हम 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' क्या है और शिक्षा में इसका क्या भविष्य है, इस बिंदु पर विचार करेंगे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित विज्ञान का ऐसा सॉफ़्टवेयर, रोबोट अथवा अन्य कोई टूल है जो मनुष्य की तरह सोचने का तरीक़ा प्रस्तुत करता है। यहां विशेष बात यह है कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' मानव द्वारा निर्मित उपकरण अथवा मशीन की मेधा है इसलिए इसकी तुलना प्राकृतिक बुद्धिमत्ता से करना बेमानी है। हां, इतना ज़रूर है कि इसके दुरुपयोग की संभावनाएं भी इसके उपयोग जितना ही प्रबल हैं।

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ज़रिए ज़बरदस्त बदलाव के दावे किए जा रहे हैं। जैसे कि 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता असिस्टेंट' की मदद से विद्यार्थी बिना शिक्षक संपर्क के भी शैक्षिक संसाधनों का पता करके उनको उपयोग में ला सकते हैं। इसकी मदद से विद्यार्थियों की रुचियों-रुझानों का पता लगाना आसान होगा तथा उनके अनुरूप आवश्यक संसाधन-संदर्भों की सहज उपलब्धता होगी। इससे संबंधित उपकरणों की मदद से बच्चों का सतत आकलन करते हुए त्वरित फीडबैक, सहयोग व पुनर्बलन सुगम होगा।

निस्संदेह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से शिक्षा में सीखने-सिखाने की नवीन संभावनाओं के द्वार खुलेंगे पर इससे जुड़ा दूसरा पक्ष भी है। वह है इसके अनियोजित व दुराग्रही प्रयोग के दुष्परिणाम। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी टूल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' केवल उतनी ही जानकारी भर है जितनी जानकारी पर इसे सेट किया गया है। इसमें भावनात्मक स्तर पर सोचने-समझने और तदनुरूप प्रतिक्रिया का अभाव होता है। इससे विभिन्न स्तरों पर पक्षपात अथवा पूर्वाग्रह पूर्ण व्यवहार की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। अधिकांशतः 'डेटा आधारित' होने के कारण इसके द्वारा प्रदत्त जानकारियां भ्रामक, त्रुटिपूर्ण या अपूर्ण हों, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता। अतः यहां से प्राप्त जानकारियों की पर्याप्त एवं वैध पुष्टि आवश्यक होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोगी पहलुओं में यह भी गिना जाता है कि यह विद्यार्थी की शिक्षक पर निर्भरता कम करते हुए उसके वैयक्तिक स्तर पर सीखने के अनुभवों में वृद्धि करेगी। पर यहां विचारणीय यह भी है कि शिक्षण अधिगम के दौरान शिक्षक की भूमिका एक सतत एवं सहयोगी निगरानी कर्ता की भी होती है। नितांत वैयक्तिकता विद्यार्थियों को सहभागिता और सामाजीकरण से दूर कर देगी। सीखना- सिखाना एक अनुकूल परिवेश में सृजित किया जाने वाला अनुभव है जो इस कृत्रिम परिस्थिति में भटकाव का कारण बन सकता है। मशीनों पर अधिक निर्भरता न केवल रोज़गार के अवसरों को कम करेगी बल्कि नैतिक मानदंडों, मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, और सामाजिक जीवन के लिए अनिवार्य और अपरिहार्य तत्वों को भी कमज़ोर करेगी इसकी भी संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सार्थक उपयोग हेतु इसकी संभावित कमियों को ध्यान में रखते हुए बेहद सजग व संतुलित क्रियान्वयन योजना तैयार करनी आवश्यक होगी। इसको शिक्षकों का विकल्प मानने या बनाए जाने के बजाय यह ज्यादा ज़रूरी होगा कि इन दोनों के मध्य सहक्रियात्मक संबंध स्थापित किए जाएं जिनमें मशीन और भावना का समन्वित सम्मिलन हो।

## सोशल फोरम

# सर्वहारा की सामाजिकता

अनूप शुक्ल
कानपुर

ऐसे ही एक दिन शाम को टहलने निकले। लगा सड़क पर भीड़ बहुत बढ़ गई है। सामने से आती हुई गाड़ियां ऐसे लग रही थीं मानों उड़ती चली आ रहीं हैं। जरा दाएं-बाएं होने में देर की नहीं कि रौंद कर निकल जाएंगी। दुनिया बहुत हड़बड़ी में है।

टहलते हुए कालपी रोड पर आ गए। चार-पांच किलोमीटर की टहलाई काफी दिन बाद हुई थी। नहर के पास सड़क थोड़ा ऊंची है। सड़क किनारे बनी पुलिया के पास खड़ा एक आदम, अपनी साइकिल पकड़े, नहर के बहते पानी को देख रहा था। चुप खड़ा। पास पहुंचकर बातचीत शुरू हुई। बात करते हुए साइकिल सवार साइकिल पकड़े हुए मेरे साथ पैदल चलने लगा। बताया कि काम के सिलसिले में भौंती जाता है। करीब 28 किलोमीटर की दूरी। मतलब करीब 56 किलोमीटर की दूरी रोज साइकिल से रोजी-रोटी के सिलसिले में तय होती है।

हमने कहा- 'यह तो बहुत दूर पड़ जाता है।' 'का करें? पेट के कारण सब करना पड़ता है।'- उसने निर्लिप्त भाव से जवाब दिया।

घर, परिवार और बाल-बच्चों के बारे में बात करते हुए वह साथ चलता रहा। जिस सड़क पर हम चल रहे थे वह ऊंचाई पर थी। ढलान से नीचे उतरते हुए वह हमारे साथ पैदल चल रहा था। हमने कहा- 'अब तुम चलो। ढलान भी है। इसी के सहारे दूर तक चले जाओगे। आराम रहेगा।' इस पर वह बोला- 'हां लेकिन साथ चलते हुए थोड़ा बोल-बतिया ले रहे हैं तो रास्ता अच्छा कट गया।' फिर थोड़ी देर और साथ चलने के बाद साइकिल पर सवार होकर चला गया। साथ चलते हुए बोलते-बतियाते हुए रास्ता आसानी से कटने की बात सुनकर लगा कि दुनिया में अकेलेपन से मुक्ति की चाहना कितनी है लोगों में। लोग अकेलापन महसूस करते हैं। उससे मुक्त होना चाहते हैं। लेकिन तमाम कारणों से मौके नहीं मिलते। सोशल मीडिया पर लोगों की भयंकर भागीदारी इस अकेलेपन से मुक्ति की चाहना का ही परिणाम है। अपने को अभिव्यक्त करके सामाजिक हो जाने का एहसास लोगों को इससे जोड़ता है। अलग बात है कि लोगों की सामाजिकता की चाहना को सोशल मीडिया अपनी कमाई के लिए उपयोग करता है।

-फेसबुक वॉल से

# सीता की प्रतिष्ठा में वृद्धि की जाए

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

नगरी के उत्थान पतन के इतिहास में एक अध्याय और जुड़ा है। अब एक बार फिर इसके दिन बहुरे हैं। इसे स्थायित्व देने हेतु कुछ बातें मैं जरूरी समझता हूं।

मनु के द्वारा बसाई गई विश्व प्रसिद्ध अयोध्या नगरी का इतिहास आरोहों अवरोहों से परिपूर्ण रहा है। वह कई बार बसी और उजड़ी। कहीं लिखत पढ़त में तो नहीं, किंतु एक लोक श्रुति के अनुसार इस नगरी को सीता जी का शाप है। परिस्थितियां और कारण कुछ भी रहे हों, पर उन जगज्जननी को यहां वह सम्मान और न्याय तो नहीं ही मिल सका, जिसके वे योग्य थीं। वे त्रिलोकपति श्रीराम से वैसी ही अभिन्न हैं जैसे वाणी और उसका अर्थ तथा जल और उसकी लहर। गोस्वामी तुलसीदास ने सही ही कहा है,"गिरा अरथ जल बीचि सम,कहियत भिन्न न भिन्न। बन्दौं सीता राम पद जिन्हइ परम प्रिय खिन्न"।। गोस्वामी जी ने गुणग्राम भी दोनों के साथ साथ गाए जाने के इशारे किए हैं।" सीतारामगुणग्राम पुण्यारण्य विहारिणौ। वन्दे विशुद्ध विज्ञानौ कवीश्वर कपीश्वरौ"। युद्धोपरांत लंकापुरी से वापस लाए जाने पर,राम ने उनसे कटु वचन भी कहे,जैसा कि वाल्मीकि रामायण में उल्लेख है। पश्चात् उनकी चारित्रिक शुचिता की 'अग्नि परीक्षा'ली गई थी, जिसमें वे पूर्णतया उत्तीर्ण हुईं थी। यही नहीं आदि कवि ने लिखा है कि रावण पहले उन्हें अपने महल में ही ले गया था। लंकापुरी का समस्त वैभव,अपनी पत्नियां और स्वयं को भी उनके अधीन करने का आश्वासन देता हुआ अपनी भार्या बनाने का प्रलोभन देता रहा।

यह सीता जी का ही आत्मबल था कि वे झुकीं नहीं और प्रलोभनों को तिरस्कृत करती हुईं, उसे फटकार लगाई। तब विफल खल नायक ने उन्हें अशोक वाटिका में आवासित करवा दिया। अयोध्या आकर, राजपाट सम्हालने के बाद, श्रीराम ने उनका परित्याग 'लोकापवाद'को शमित करने हेतु किया था,न कि उनके अशुचि होने के कारण। हालांकि अन्याय तो हो ही गया। ऐसे में यदि यह नगरी अभिशप्त हुई,तो बात समझ में आती है। कालिदास के 'रघुवंश'में एक वृत्तांत आया है। राम पुत्र कुश(महाराज कुशध्वज) रात अपने महल में लेटे थे।अर्द्ध रात्रि को जब वे तंद्राग्रस्त थे, तो एक विवर्ण मुख नारी सामने आ कर खड़ी हुई। महाराज चकित रह गए कि चारों ओर से सुरक्षित उनके शयन कक्ष में यह कौन नारी प्रवेश कर सकी। नारी बोली,'राजन्! मैं अयोध्या नगरी हूं। जबसे तुम्हारे पिता जी संपूर्ण नगर निवासियों सहित संतानिक लोक प्रस्थान कर गए, तब से मैं सूनी पड़ी हूं। महाराज कुश तत्काल तैयार हुए और दल बल सहित अयोध्या पहुंचकर उसे फिर से बसाया।

नगरी के उत्थान पतन के इतिहास में एक अध्याय और जुड़ा है। अब एक बार फिर इसके दिन बहुरे हैं। इसे स्थायित्व देने हेतु कुछ बातें मैं जरूरी समझता हूं। सीता जी के सम्मान में वृद्धि की जाय। निर्मित हो रहे मंदिर परिसर में किसी उचित स्थान पर सीताराम युग्म की प्रतिमा स्थापित हो, तथा उन माता के भूमि से उद्भव से लेकर पृथ्वी के गर्भ में समाने तक के चित्र या विग्रह प्रतिष्ठित किये जाएं। अयोध्या में कन्याओं को ग्रेजुएशन तक की निःशुल्क शिक्षा देने वाला महाविद्यालय सरकार खोले। सनातन धर्मावलंबी अब कभी भी अपने इस धाम का अवरोह नहीं देखना चाहेंगे।

# पुलिस हिरासत में भी असुरक्षित

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

जब विश्व श्रमिक संगठनों के वजूद और हड़ताल के विचार से दुनिया अनजान थी। तब 8 मार्च 1857 को न्यूयार्क में बेकरी की गंदी अंधेरी कोठरियों में बेहद कम मजदूरी पर 12 से 14 घंटे काम करने वाली महिलाओं ने त्रस्त हो कर काम ठप किया और सड़क पर आ गई। 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की नींव मैडम क्लारा जेटकिन के प्रयासों से दूसरी अंतराष्ट्रीय महिला कांग्रेस में पड़ी। अभी तक महिला दिवस मार्च के किसी भी दिन मानने की प्रथा थी। किंतु प्रथम विश्व युद्ध के समय 8 मार्च को तमाम कामकाजी महिलाओं ने अपनी फैक्ट्री और उद्योगों से निकल कर एक नारा दिया हमें रोटी चाहिए। युद्ध नहीं हजारों महिला और पुरुष एक रैली के रूप में बाहर निकले। इस आंदोलन से रूसी क्रांति की नींव पड़ी। इसके बाद इसे कामकाजी महिला दिवस के रूप में मनाया और जाना गया।

देश में महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाएं लगातर बढ़ रही हैं। यह बहुत ही दुखद है कि जब हम इस बार का महिला दिवस आयोजित कर रहे है नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट बहुत ही चौकाने वाली आई है। इसके अनुसार पुलिस हिरासत में भी महिलाएं असुरक्षित हैं। 2017 से 2022, के मध्य 5 वर्षो में ऐसी 270 घटनाएं हुई है, जिनमे पुलिस, जेल अधिकारियों आदि ने हिंसा की घटनाओं को अंजाम दिया। पुलिस हिरासत में रेप के मामले यूपी और एमपी में सर्वाधिक हैं। जहां क्रमशः 92, और 42, मामले दर्ज हुए एनसीआरबी के अकड़े बताते हैं कि महिलाओं पर हिंसा ब्लैक मेलिंग, दहेज उत्पीड़न बच्चियों पर रेप की घटनाएं लगातार बढ़ी है। निसंदेह भारतीय श्रमिक वर्ग को इन अपराधों को रोकने को आगे आना होगा, जिसमें महिलाओं की बड़ी भूमिका होगी।

# जाजमऊ में दर्जनों ग्लू भट्ठियां उगल रहीं जहरीला धुआं

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव


डकारी गांव में जहरीला धुंआ उगलती ग्लू भट्ठियां।


भट्ठी के पास रखी चमड़े की छीलन। अमृत विचार

- ग्रामीण कई बार से प्रशासन से कर चुके है बंद कराने की मांग
- अफसरों से मिलीभगत के चलते नहीं हो रही कार्रवाई

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के डकारी, कर्मी बिझलाऊ के अलावा आसपास गांवों में ग्लू भट्ठियां रातों-दिन जहरीला धुंआ उगल रहीं हैं। जिससे करीब एक दर्जन गांव के लोग त्रस्त हैं और तमाम बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार आलाधिकारियों से भट्ठियों को बंद कराने की मांग की है, लेकिन अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इससे आसपास की आबोहवा प्रदूषित हो रही है।

डकारी, कर्मी बिझलामऊ के अलावा आस पास में कई वर्षों से अवैध रुप से ग्लू भट्ठियां धधक रहीं हैं। भट्ठियों से निकलने वाले जहरीले धुएं से दर्जनों ग्रामीण गंभीर बीमारियों की चपेट में हैं। डकारी, त्रिभुवन खेड़ा, सिपाहिन खेड़ा, मंशा खेड़ा, रजवा खेड़ा, लोचन खेड़ा, लखापुर, तुर्किया बदरका, रामगंज, पपरिया, कर्मी, बिझलामऊ, बबुरिया समेत करीब एक दर्जन से अधिक गांवों के लोग जहरीले धुएं से त्रस्त हो गए हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जिला प्रशासन से भी गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि प्रदूषण विभाग के निजी हितों के चलते इन पर कोई कार्यवाही नहीं करता है। वहीं संचालक लकड़ी जलाने के बजाय चमड़े का छीलन और कतरन प्रयोग कर रहे हैं। जिससे उठने वाला धुएं से आसपास के लोग परेशान हैं।

> हाल ही में भट्ठी संचालकों को हिदायद दी गई थी। इसके बावजूद यदि चमड़े के छीलन का प्रयोग कर रहे हैं तो सुबह ही मौके पर जाकर जांच करने के साथ ही संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –अनिल माथुर, क्षेत्रीय अधिकारी, उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।

## सीओ ने अजगैन कोतवाली में शुरू कराई स्टाफ मेस

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली में तैनात स्टाफ को खाना खाने के लिए बनवाई गई मेस का उद्घाटन सीओ हसनगंज संतोष सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से स्टाफ स्वच्छ वातावरण में खाना खा सकेगा।

जब समय से खाना मिलेगा तो स्टाफ काम भी मन लगा कर करेगा। इसके निर्माण की शुरुआत पूर्व कोतवाली प्रभारी वीकेमिश्रा ने की थी और इसे पूरा निरीक्षक अवनीश सिंह ने कराया। इस दौरान कोतवाली स्टाफ के अलावा क्षेत्र के गण्यमान्य लोग मौजूद रहे।

# बलखंडेश्वर धाम में लगाया वॉटर कूलर

संवाददाता, परियर


वाटर कूलर का उद्घाटन करते प्रबंधक।

**अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के परियर गांव स्थित बाबा बलखंडेश्वर धाम में बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति की ओर से 1000 लीटर की टंकी, मोटर व वाटर कूलर लगाकर भक्तों की सेवा में समर्पित किया गया। इसका उद्घाटन स्थानीय आर्यावर्त बैंक के प्रबंधक सौरभ ने किया। बता दें कि क्षेत्र का भूगर्भ जल प्रदूषित है। मजबूरी में यहां आने वाले भक्तों को यही पानी पीना पड़ता था। इसे देखते हुए समिति ने कई जन प्रधिनिधियों से बात की थी लेकिन सिर्फ आश्वाशन ही मिला। इसके बाद बैंक प्रबंधक सौरभ के सहयोग से पीने के पानी की व्यवस्था हो सकी।

# घर वाले सोते रहे, चोरों ने पार किए नकदी, लाखों के जेवरात

## अचलगंज के पड़री कला गांव में चोरों ने दिया वारदात को अंजाम, लोग नाराज

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- गृहस्वामी के मुताबिक करीब 10 लाख माल बटोर ले गए चोर
- सदर क्षेत्र में किराने की दुकान में जाली काटकर सामान पार

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत पड़री कला गांव में छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने कमरे व संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी व जेवर पार कर दिए। सुबह उठे गृहस्वामी ने दरवाजा खुला देखा तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस को दी तहरीर के मुताबिक चोर 1.70 लाख की नकदी व लाखों के जेवर बटोर ले गए। वहीं सदर कोतवाली क्षेत्र के बड़ा चौराहा स्थित किराने के थोक व फुटकर विक्रेता की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। यहां से 35 हजार नकद व कीमती सामान पार कर दिया। संबंधित थानों की पुलिस जांच कर लौट आई।


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान देखता बुजुर्ग। अमृत विचार

**केस 01** सदर कोतवाली क्षेत्र के बड़ा चौराहा निवासी प्रदीप यादव घर के पास किराना की दुकान चलाते हैं। मंगलवार देर शाम वह दुकान बंदकर घर चले गए। बुधवार सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो पीछे की जाली कटी देख उनके होश उड़ गए। दुकान में सामान बिखरा पड़ा था। चोर गोलक में रखे 35 हजार रुपये व 15 हजार का सामान ले गए। पुलिस को जांच में दुकान में लगे सीसीटीवी बंद मिले। कोतवाल प्रमोद मिश्र ने बताया कि अधिक सामान नहीं गया है। सीसीटीवी बंद मिला है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

**केस 02** अचलगंज थानाक्षेत्र के पड़री कला गांव निवासी अश्वनी पांडेय पुत्र हृदय नारायण खेती करते हैं। उनके दो बेटे अलग-अलग शहरों में नौकरी करते हैं। घटना के समय घर पर अश्वनी, उनकी पत्नी और एक बेटा रितेश, बहू सोनी व उनका बेटा कार्तिक मौजूद था। मंगलवार रात खाना खाने के बाद सभी अपने-अपने कमरों में सोने चले गए। देर रात पीछे की दीवार से चोर छत पर चढ़े और जीने के रास्ते नीचे पहुंचे। इसके बाद एक कमरे व उसमे रखे बक्से का ताला तोड़कर 1.70 लाख नगद और करीब साढ़े 8 लाख के जेवर पार कर दिए। बुधवार सुबह जब वह सोकर उठे तो कमरा खुला और सामान बिखरा देख होश उड़ गए। घटना की सूचना पर नेवरना चौकी इंचार्ज पहुंचे और जांच की। गांव में चर्चा रही कि चोर गांव के दूसरे छोर पर स्थित पूर्व प्रधान के भाई के घर पर चोरी का प्रायस किया था लेकिन, उनकी नींद खुलने से चोर वहां से भाग निकले। दरोगा विनय कुमार यादव ने बताया कि मौके पर जाकर जांच की गई है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से दो फीडरों की आपूर्ति ठप

**शुक्लागंज उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित गोपीनाथपुरम के पास रखा ट्रांसफार्मर बुधवार सुबह खराब हो गया। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत शुरू की। इस दौरान कर्मियों ने शटडाउन लिया। जिससे फीडर तीन और चार की भी बिजली घंटों गुल रही। बिजली न आने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।



बुधवार सुबह गोपीनाथपुरम में फोरलेन के किनारे लगे 100 केवीए ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई। जिसकी जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग को दी। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य करने के लिए फीडर तीन और चार को बंद कर दिया। इसके बाद बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। कार्य के दौरान फीडर तीन और चार की तीन घंटों तक बिजली गुल रही। इस कारण कई मोहल्लों में बिजली न आने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। मरम्मत कार्य समाप्त होने के बाद शट डाउन वापस लिया गया। इसके बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी।

# सड़क हादसों में नौ लोग घायल, जिला अस्पताल और लखनऊ किए गए रेफर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- बांगरमऊ और नवाबगंज क्षेत्र में हुए हादसे

**अमृत विचार।** बांगरमऊ व नवाबगंज क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में नौ लोग घायल हो गए। जिनमें से कई को गंभीर देख डाक्टर ने लखनऊ और जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां सभी का इलाज किया जा रहा है।

**बांगरमऊ।** राजस्थान प्रांत के अजमेर जिला के थाना मसूदा के गांव वेयावर निवासी ट्रक चालक सुखदेव पुत्र भगवत गुजरात के मोराबी से ट्रक पर टाइल लादकर लखनऊ जा रहा था। रास्ते में बेहटा मुजावर थानांतर्गत गांव रसूलपुर के पास लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर चालक को अचानक झपकी आने से अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें सुखदेव को गंभीर चोटें आई। यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

वहीं बंथरा थानाक्षेत्र के बादीखेड़ा निवासी शुभम पुत्र विश्व नारायन के नवाबगंज विकासखंड के गांव तोमरनखेड़ा निवासी रिश्तेदार की बुधवार को शादी थी। जिसके लिये शुभम गांव जाने को अपनी मां पप्पी व भतीजी शुभी पुत्री भूपेंद्र को लेकर बाइक से बुधवार शाम निकला था। तभी लखनऊ- कानपुर हाईवे स्थित पक्षी विहार के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार गंभीर घायल हो गये। एंबुलेंस से घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने महिला को गंभीर देख लखनऊ मेडिकल कालेज भेज दिया।


नवाबगंज हादसे में घायल हुआ युवक।

**बांगरमऊ** के मोहल्ला नौनिहालगंज अस्पताल रोड निवासी अरुण उर्फ छोटे बुधवार शाम अपनी दुकानों का किराया वसूलने पैदल तिकोनिया पार्क के पास संडीला मार्ग जा रहा था। तभी रास्ते में संडीला की ओर जा रही बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। इसमें उसका एक पैर टूट गया। मौजूद नागरिकों ने आनन-फानन उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे गंभीर देख हायर सेंटर भेज दिया। वहीं, फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव फर्दापुर निवासी शैलेंद्र पुत्र रामआसरे अपनी पत्नी नीलम, आठ माह की बेटी मिताशी व छोटे भाई शिवप्रकाश को बाइक से लेकर मांगलिक कार्यक्रम का सामान खरीदने बांगरमऊ बाजार आया था। लौटते समय बुधवार शाम हफीजाबाद-बरुआघाट मार्ग पर गांव दशहरी के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने शैलेंद्र की बाइक में टक्कर मार दी। इसमें शैलेंद्र, पत्नी नीलम, पुत्री मिताशी व भाई शिवप्रसाद गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस सभी को सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने शैलेंद्र व शिवप्रसाद को जिला अस्पताल भेज दिया। हादसे के बाद दूसरा बाइक सवार भाग गया।

## गंगा पर एक और पुल बनाने को सोशल मीडिया पर मुहिम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- हल्के वाहनों के लिए पुराना पुल खोलने की भी उठी मांग

**अमृत विचार।** पुराने यातायात पुल बंद होने के बाद से शुक्लागंजवासियों को रोजाना जाम का दंश झेलना पड़ रहा है। इधर लोकसभा चुनाव नजदीक आ गया है। इस पर सोशल साइटों पर नगर के रहने वाले अधिकांश लोगों ने पोस्ट कर नए पुल की मांग की है। साथ ही पुराने यातायात पुल को हल्के वाहनों के लिए चालू कराने को लेकर भी पोस्ट किया है।

नवीन पुल पर वाहनों का अधिक भार और संकरे रास्ते के कारण रोजाना नवीन पुल पर घंटों जाम लग रहा है। इससे स्कूली छात्र-छात्राओं, नौकरी-पेशा, सरकारी व प्राइवेट कर्मचारी देरी से अपने कार्यालय पहुंचते हैं। जाम में फंसने के कारण उनकी नौकरी पर कई बार तलवार लटक चुकी है। इधर लोकसभा चुनाव पास आ गया है। जिसे देखते हुए शुक्लागंज में रहने वाले अधिकांश लोग फेसबुक, व्हाटसएप, एक्स के अलावा अन्य सोशल साइटों पर नए पुल बनाए जाने को लेकर पोस्ट कर रहे हैं।

पूर्व भाजयुमो उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला नागेन्द्र गुप्ता, गुड्डू गुप्ता आदि ने कहा कि पुराना पुल पिकनिक स्पॉट बनाया जा सकता है, लेकिन हल्के वाहनों के लिए नहीं खोला जा सकता है। यदि हल्के वाहनों के लिए पुल चालू कर दिया जाए तो नवीन पुल पर लगने वाले जाम से शुक्लागंजवासियों को निजात मिल जाएगी।

# मंत्री का काफिला निकालने को नवीन पुल पर रोका यातायात

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


बालूघाट मोड़ के पास पुलिस ने रोका यातायात। अमृत विचार

- हाईस्कूल की परीक्षा देने जाने वाले छात्र 25 मिनट खड़े रहे

**अमृत विचार।** बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री के नवीन पुल से जाने की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को मिली। इस पर पुलिस ने नवीन पुल पर जाम न लगे। इसके लिये 25 मिनट पहले ही यातायात रोक दिया। जिससे बालूघाट मोड़ से लेकर फोरलेन पर वाहनों की कतारें लग गईं। जाम में तमाम हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे छात्र-छात्राएं फंस गए। इसके अलावा स्कूली बच्चे भी यातायात रूकने के कारण खड़े रहे।

प्रदेश सरकार में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला को सुबह के समय कानपुर से लखनऊ सड़क मार्ग से जाना था। मंत्री के निकलने की सूचना पर नवीन पुल से लेकर बालूघाट मोड़ पर गंगाघाट पुलिस तैनात हो गई। नवीन पुल के संकरे रास्ते के कारण भीषण जाम लग जाता है। मंत्री के काफिले के दौरान जाम की स्थिति न बने। इसके लिए पुलिस ने 25 मिनट पहले साढ़े 7 बजे बालूघाट मोड़ के पास कानपुर की ओर जाने वाले वाहनों को रोक दिया। जिससे सुबह के समय हाईस्कूल में चित्रकला की परीक्षा देने वालों के अलावा कानपुर स्कूल में पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राएं खड़े हो गए। 7:55 बजे नवीन पुल से मंत्री का काफिला निकला। जिसके बाद पुलिस ने यातायात चालू किया। इस दौरान कुछ देर के लिए जाम भी लगा रहा। जाम में ई रिक्शा, स्कूली वैन, दोपहिया, चौपहिया के अलावा अन्य वाहन फंसे रहे।

## मंदिरों में तैनात रहेंगे राजस्व और अन्य विभागों के कर्मचारी

**पुरवा उन्नाव।** आगामी 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर एसडीएम ने बताया कि क्षेत्र के शिव मंदिरों में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के साथ कोलुहागाढ़ा से गंगाजल लेकर जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ यात्रा व मेला को देखते हुए राजस्व कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि बिल्लेश्वर महादेव मंदिर में 8 मार्च की सुबह 5 बजे से रात 12 बजे तक मंदिर परिसर में कर्मचारी मुस्तैद रहेंगे। जिसमें आशुतोष पांडेय नायब तहसीलदार व रघुनंदन राजस्व निरीक्षक व लेखपाल दिनेश पटेल, प्रशांत अवस्थी व मोतेश्वर मंदिर में राजस्व टीम से दुर्गा प्रसाद शुक्ला, राजीव कृष्ण, निशांत वर्मा लेखपाल व भवरेश्वर मंदिर बरेंदा में भी कर्मचारी रहेंगे। ईओ को मंदिरों में सफाई कराने व एसडीओ विद्युत को बिजली व्यवस्था देखने को कहा है।

## सार-संक्षेप



पुरस्कृत डीएसएम के बच्चों के साथ पालिकाध्यक्ष और अन्य। अमृत विचार

### डीएसएम स्कूल में आया रिजल्ट, मेधावी पुरस्कृत

**शुक्लागंज उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में बुधवार को परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण किया गया। जहां कक्षाओं में स्थान प्राप्त करने वाले होनहारों को पालिकाध्यक्ष और योगाचार्य ने पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरण के दौरान पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, संदीप पांडे, योगाचार्य उमाशंकर यादव पहुंचे। जहां उन्होंने स्कूल बच्चों को परीक्षाफल बांटे। इसके साथ ही शैक्षिक के साथ सबसे अधिक उपस्थिति, सबसे अधिक अनुशासित, वेल ड्रेस, स्टार परफॉर्मेंस आदि क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए भी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान पुराने छात्र ऐश्वर्य, आंचल, रिचा को भी स्मृति चिन्ह भेंट की गई। वहीं ऐश्वर्य का इंडिगो कंपनी चयन होने पर पुरस्कृत किया। इस दौरान प्रबंधक अवनीश शुक्ला ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन कर शिक्षा व अनुशासन को सफलता का मूल मंत्र बात कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्या रीता सिंह के अलावा स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### आश्रम के बाहर से चोरी हो गई बाइक

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ऋषि नगर गाजी खेड़ा निवासी एक युवक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जहां सोख्ता आश्रम के बाहर बाइक खड़ी कर दी। इस दौरान चोरों ने उसकी बाइक पार कर दी। ऋषि नगर गाजी खेड़ा निवासी नीरज राठौर ने ऑनलाइन शिकायत कर बताया कि एक मार्च को वह मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोख्ता आश्रम अपनी बाइक से गया था। जहां वह बाइक बाहर खड़ी कर अंदर चला गया। इस दौरान चोरों ने उसकी बाइक पार कर दी। उसने पुलिस को सूचना दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिस पर उसने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है।

### दुष्कर्म के मामले में वांछित को पुलिस ने पकड़ा

**शुक्लागंज उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर बुधवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म के वांछित को गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि उद्दाखेड़ा निवासी सचिन दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहा था। बुधवार को हाजीपुर चौकी इंचार्ज गया प्रसाद शर्मा साथियों के साथ संदिग्धों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि दुष्कर्म का आरोपी सचिन हाजीपुर गांव के बाहर खड़ा है। जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### वैकल्पिक मार्ग बनते ही शुरू होगी पुलिया मरम्मत

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर हाईस्पीड ट्रेनें चलाई जानी हैं। इसे देखते हुए ट्रैक की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। साथ ही छमकनाली पुलिया की भी मरम्मत होनी है। इसे देखते हुए वैकल्पिक मार्ग बनवाया जा रहा है। जल्द ही पुलिया के मरम्मतीकरण का कार्य शुरू कराया जाएगा। सरैयां क्रासिंग के पास छमकनाली पुलिया 109 की मरम्मत कार्य कराया जाना है। पूर्व में सामान पहुंचाने के लिए ट्रैक के किनारे झाड़ियां हटवाई गई थीं लेकिन मिट्टी धंसने के कारण वहां से रास्ता नहीं बन सका। इस पर सामान पहुंचाने के लिए रेलवे के अधिकारियों ने दूसरा रास्ता तलाश और रेलवे की जमीन पर बने राज्यसेतु निगम के श्रमिक आवास को हटवाया। बुधवार को जेसीबी लगाकर छमकनाली तक वैकल्पिक मार्ग के लिए समतलीकरण काम पूरा कर लिया गया। कार्यदायी संस्था ने बताया कि मार्ग बनने के बाद निर्माण सामग्री पहुंचायी जाएगी। उसके बाद पुलिया की मरम्मत का कार्य होगा।

**कार्यक्रम का आयोजन** जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के लिए किया प्रेरित

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में आधी आबादी का हुआ सम्मान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


गंजमुरादाबाद में कार्यक्रम के दौरान महिला को दिया जाता प्रमाणपत्र।


नवाबगंज में महिला को प्रमाणपत्र देते विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित कर आधी आबादी को सम्मानित किया गया। इसमें विधायकों के अलावा अन्य जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने मौजूद रहकर महिलाओं को सम्मानित करने के साथ सरकार की योजनाओं को बताया।

**गंजमुरादाबाद।** नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में बुधवार को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक पटेल ने नारी ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी ज्योत्सना त्रिपाठी व मनरेगा योजना में बेहतर प्रदर्शन हेतु आशा देवी प्रधान व संगीता वर्मा के साथ स्वरोजगार समूह व स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाली करीब एक दर्जन महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के भाषण का स्क्रीन पर प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में बीडीओ मुनेश चंद्र व जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के डायरेक्टर गिरीश वर्मा सहित सभी ब्लॉक कर्मी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

**बांगरमऊ।** विधायक श्रीकांत कटियार ने नारी शक्तियों के साथ स्थानीय ब्लाक सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल में नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम के संबोधन को सुना। विधायक ने कहा कि मोदी सरकार ने ही महिला को सभी सरकारी योजनाओं की मुखिया बनाया। कहा कि आजादी के बाद देश में अनेकानेक योजनाएं संचालित की गईं। लेकिन देश की आधी आबादी को सभी योजनाओं से वंचित रखा गया। किंतु जब सन-2014 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने तो उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं में महिलाओं को मुखिया बनाया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख पति अर्जुनलाल दिवाकर, मंडल अध्यक्ष गोविंद कुशवाहा, जिला सहकारी संघ चेयरमैन पुत्तीलाल गौतम, राम नरेश सिंह बीडीसी, मीना देवी, सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में नारी शक्ति शामिल रहीं।

**नवाबगंज।** नवाबगंज विकासखंड सभागार में बुधवार को नारी शक्ति वंदन अभियान आयोजित हुआ। जहां मुख्य अतिथि मोहान विधायक बृजेश रावत ने ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी एक दर्जन महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें ब्लॉक मिशन प्रबंधन हेतु ब्लॉक मिशन मैनेजर अलका गुप्ता, विद्युत सखी साधना व विमला, सुशीला को स्वयं सहायता समूह के द्वारा सफल कैंटीन संचालन हेतु, बेहतर समूह प्रबंधन के लिए आराधना, मिथलेश व रेखा को, बीसी सखी कृष्णापती शामिल रहीं। इसके बाद पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम से डिजिटल माध्यम से जुड़कर उनका संबोधन सुना। विधायक ने बताया कि सरकार महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दे रही है।

इस दौरान बीडीओ अपर्णा, रवि प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, एडीओ मनोज कुमार, बीएमएम रामकिशोर, अरविंद सोनी, सचेंद्र, अनीता चौधरी, प्रधान प्रतिभा यादव, समर बहादुर, भोला राजपूत, बउआ साहू व भाजपा मंडल अध्यक्ष शशिकांत, नीरज राजपूत, जगतपाल सिंह, निर्लेश दीक्षित, सुशील श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# प्रदेश में पीएम मोदी से 16 गुना ज्यादा सभाएं करेंगे सीएम योगी

## भाजपा का रैली और रोड-शो से लेकर हाईटेक चुनाव प्रबंधन पर ज्यादा फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में एआई तकनीक के प्रयोग पर भी हुआ निर्णय
- सभी 80 सीटें जीतने के लिए नामांकन से लेकर बूथ प्रबंधन तक की बनी रणनीति

**अमृत विचार।** प्रदेश की 80 में से 51 लोकसभा सीटों के प्रत्याशी घोषित करने और मंत्रिमंडल विस्तार के बाद भाजपा ने रैली, सभाएं, रोड-शो समेत हाइटेक चुनाव प्रबंधन में इसबार एआई तकनीक भी आजमाएगी। चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में यह भी सामने आया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री की रैली और रोड शो की तुलना में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 16 गुना मेहनत करनी है। साथ ही गैर प्रदेशों में भी उनके 100 से अधिक कार्यक्रम तय होगें।



राज्य भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में बुधवार को सभी 80 सीटें जीतने के लिए नामांकन से लेकर बूथ प्रबंधन तक की रणनीति तय की गई। टॉप टेन शीर्ष नेताओं में शामिल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आदि के अलावा अन्य सत्ता व संगठन के नेताओं व गैर प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को उन इलाकों में उतारने की रणनीति बनाई गई है, जहां वोटरों से लगाव व जातीय सरोकार सधता दिखे। बैठक में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, मंत्री जेपीएस राठौड़, स्वतंत्र देव सिंह सिंह समेत नेताओं ने अबतक की तैयारियों पर चर्चा की। वैसे चुनावी तैयारियों में भाजपा विरोधियों से मीलों आगे चल रही है।

लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ विजय की मंत्र सिद्धि पर सबसे अधिक फोकस रहा। प्रदेश के 1.62 लाख बूथों में से 90 प्रतिशत पर पार्टी बूथ समितियों का सत्यापन पूरा करने के बाद अब नामांकन से लेकर बूथ प्रबंधन को लेकर रणनीति बनाई गई। तय हुआ कि हाइटेक तरीके से बड़े नेता और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कार्यकर्ताओं से संवाद बनाने में एआई तकनीक का भी प्रयोग भी हो। आम जनता से संवाद के साथ उनकी नाराजगी दूर करने और भीतरघात की चुनौती से पर भी इससे नजर रखी जा सकती है।

सूत्रों के मुताबिक भाजपा ने प्रदेश में चुनावी रैलियों और रोड-शो की योजना को अंतिम रूप देते हुए केंद्रीय नेतृत्व को भेजने पर मुहर लगा दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में 10 रैली होगी और वाराणसी में रोड-शो करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश में 15 से ज्यादा रैलियां करेंगे। जबकि गृहमंत्री अमित शाह की 12 एक रैली करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर लोकसभा में रैली करेंगे, इसके लिए एक दिन में दो से तीन लोकसभा सीटों पर उनकी सभाएं होगीं। यानि पीएम के मुकाबले उनकी सभाएं प्रदेश में 16 गुनीं ज्यादा होगी। इसके अलावा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव आदि तमाम नेताओं की रैली के कार्यक्रम तय किए गए हैं। सहयोगी दलों सुभासपा, रालोद, निषाद पार्टी, अपना दल (एस) के नेताओं के भी कार्यक्रम किए गए हैं।

बैठक में मोदी के काम व नाम पर भरोसा और राम लला के आशीर्वाद से लोकसभा के चुनावी संग्राम में मिशन-80 पूरा करने का संकल्प दोहराया गया। बूथों पर ताकत बढ़ाने के लिए पन्ना समितियों का काम पूरा करने में पूरी ताकत झोकने का निर्णय लिया गया। सभी लोकसभा सीटों के लिए प्रभारी, संयोजक और विस्तारक नियुक्त किए जा चुके हैं।

### चुनाव प्रबंधन की तैयारियां पूरी: चौधरी

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा हर समय चुनाव को सामने मानकर काम करने की अभ्यस्त है। बूथ प्रबंधन और पन्ना समितियों से लेकर लोकसभा सीटों के क्लस्टर स्तर तक हमारी तैयारियां पूरी हैं। पार्टी 80 में से 51 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर इसका संदेश भी दे चुकी है। मोदी-योगी सरकारों में देश-प्रदेश में विकास और गरीब कल्याण के अभूतपूर्व काम हुए हैं।

## नीलाम नहीं होगी केडी सिंह बाबू की कोठी बनेगा संग्रहालय

**बाराबंकी :** प्रख्यात हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू की कोठी की नीलामी पर अपर जिला सत्र न्यायालय कोर्ट नंबर 16 ने रोक लगा दी है। अब इस कोठी को संग्रहालय का रूप दिया जाएगा। इसमें केडी सिंह बाबू की स्मृतियां संजोई जाएंगी। संग्रहालय में एक फोटो गैलरी का भी निर्माण होगा। इस फोटो गैलरी में विभिन्न अवसरों पर लिये गए केडी सिंह बाबू के चित्रों को दर्शाया जाएगा। इसके लिए केडी सिंह बाबू का पूरा परिवार राजी हो गया है। शासन ने इसके लिए बाराबंकी जिलाधिकारी को रिसीवर नियुक्त किया है। इसके पूर्व अदालत ने 7 मार्च तक सभी किराएदारों को कोठी खाली करने का निर्देश दिया था। 11 मार्च को कोठी की नीलामी होनी थी। इसके लिए खरीदारी के इच्छुक 9 लोगों ने कोठी देखी थी। अदालत के निर्णय के बाद ही पूरे जिले के लोग सकते में आ गए थे। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर केडी सिंह बाबू की कोठी को संग्रहालय बनाने का अनुरोध किया था। इस पर उन्होंने जिला अधिकारी को इस संदर्भ में प्रयास करने के लिए निर्देशित किया था। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद उन्होंने केडी सिंह बाबू की कोठी के सभी दावेदारों से बातचीत की।

# धोखाधड़ी मामले में पूर्व कारागार मंत्री की जमानत अर्जी खारिज, गए जेल

गोंडा कार्यालय

- उरई के डाक्टर को खनन पट्टे में पार्टनर बनाने का झांसा देकर की थी 25 लाख की ठगी

**अमृत विचार :** उरई जिले के रहने वाले एक डॉक्टर को खनन पट्टे में पार्टनर बनाने का झांसा देकर 25 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एमपीएमएलए कोर्ट ने बुधवार को प्रदेश के पूर्व कारागार मंत्री व कांग्रेस सांसद विनय कुमार पांडेय उर्फ बिन्नू पांडेय की जमानत अर्जी खारिज कर दी। पूर्व सांसद की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि अपराध गंभीर प्रकृति का है इसलिए आरोपी को जमानत पर रिहा किया जाना न्यायोचित नहीं है। जमानत खारिज करने के साथ ही कोर्ट ने उन्हे जेल भेज दिया। मामले में वह अंतरिम जमानत पर थे। उरई जिले के रहने वाले डॉ उमाशंकर सोनी ने वर्ष 2018 में पूर्व कारागार राज्य मंत्री व पूर्व सांसद के खिलाफ जिले की नगर कोतवाली में खनन पट्टे के नाम पर 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। विवेचना के बाद पुलिस ने पूर्व सांसद से खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले में पूर्व सांसद विनय पांडेय अंतरिम जमानत पर थे। बुधवार को उनकी पूर्णकालिक जमानत के लिए कोर्ट सुनवाई कर रही थी। पूर्व सांसद ने अपनी बीमारी का हवाला देते हुए मुकदमें के फैसले तक जमानत दिए जाने की मांग की थी। सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार तृतीय ने कहा कि चूंकि अपराध गंभीर किस्म का है और आजीवन कारावास से दण्डनीय है, इसलिए आरोपी को जमानत नहीं दी जा सकती। साथ ही उन्होने पूर्व सांसद की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। जमानत खारिज होने के बाद उन्हे जेल भेज दिया गया है।

### कांग्रेस पार्टी से सांसद रह चुके हैं विनय पांडेय

बलरामपुर जिले के घुघुलपुर गांव के रहने वाले विनय कुमार पांडेय उर्फ बिन्नू पांडेय वर्ष 1997 में बलरामपुर सदर सीट से लोकतांत्रिक कांग्रेस पार्टी के विधायक निर्वाचित हुए और फिर भाजपा व लोकतांत्रिक गठबंधन सरकार में होमगार्ड राज्य मंत्री बने। बाद में उन्हे कारागार प्रशासन राज्य मंत्री बनाया गया। 2002 तक कारागार राज्य मंत्री रहे। 2004 में कांग्रेस के टिकट पर गोंडा से लोकसभा का चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने उन्हे श्रावस्ती सीट से प्रत्याशी बनाया वह सांसद बने। 2019 में कांग्रेस ने फिर गोंडा सीट से लोकसभा का टिकट दिया लेकिन करारी हार मिली।

### यह था पूरा मामला

उरई जिले के सिविल लाइन क्षेत्र के रहने वाले डा उमाशंकर सोनी के मुताबिक चिकित्सा पेशे से जुड़े होने के कारण उनकी पूर्व सांसद विनय से जान पहचान थी। वह विनय पांडेय से कई बार उनके आवास विकास स्थित आवास पर मिल चुके थे। डा उमाशंकर का कहना है कि पूर्व सांसद ने उन्हे बताया कि उरई जिले में उनका बालू खनन का ठेका है। उनका आना जाना उरई नहीं हो पाता। पूर्व सांसद ने डाक्टर उमाशंकर को ठेके में 35 प्रतिशत का पार्टनर बनाने का वादा करते हुए उनसे 25 लाख रुपये ले लिए। रुपये लेने के बाद पूर्व सांसद ने सौ रूपये के स्टांप पर महीप ओझा के नाम से एक ओएमयू भी साइन कराया लेकिन जब खनन का काम शुरू हुआ तो उन्हे सूचना नहीं दी गयी। जानकारी होने पर जब उन्होने पूर्व सांसद से संपर्क किया तो उन्होने कहा कि वह उनके पैसे जल्द लौटा देंगे। डाक्टर उमाशंकर का कहना है कि वह चार साल तक अपने पैसे की वापसी के लिए चक्कर काटते रहे लेकिन उन्हे पैसा नहीं मिला। परेशान होकर उन्होने वर्ष 2022 में पूर्व सांसद विनय कुमार पांडेय के खिलाफ नगर कोतवाली में जालसाजी की विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

# मदरसा बोर्ड मूल्यांकन में बढ़ेगा पारिश्रमिक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी मदरसा बोर्ड की बैठक में मूल्यांकन को लेकर कॉपियां जांचने के लिए पारिश्रमिक बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। बोर्ड परीक्षा के आने वाले परिणामों पर भी ऑनलाइन चर्चा होगी।

बोर्ड चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद का कहना है कि गुरुवार को ऑनलाइन बैठक का आयोजन होगा। इसमें बोर्ड सदस्य भी शामिल होंगे। बताते हैं कि बैठक में इस बात पर चर्चा की जाएगी कि जो पारिश्रमिक यूपी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के जांचने वालों को मिल रहा है। वो ही पारिश्रमिक कॉपी जांचने वालों को मिले। कहते हैं कि मदरसों में नया शैक्षिक सत्र आगामी 15 अप्रैल से शुरू होने का अनुमान है।

### बैठक आज

- यूपी मदरसा बोर्ड अध्यक्ष करेंगे ऑनलाइन बैठक
- बैठक के माध्यम से हो सकता है बदलाव : अध्यक्ष

### 16 हजार से अधिक हैं मान्यता प्राप्त मदरसे

मदरसा बोर्ड से करीब 16,460 मदरसे मान्यता प्राप्त हैं। इन मदरसों में मुंशी-मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल की पढ़ाई होती है। होती रही है।

### ये व्यवस्था थीं प्रभावी

परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक को 90 रुपये प्रतिपाली मिलते रहे हैं। कक्ष निरीक्षक को 65 रुपये मिलता है।

लिपिक को इस व्यवस्था में 17 रुपये मिलते रहे हैं। चपरासी को 12 रुपये मिलता है।

## यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक बने रणवीर

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश प्राविधिक कर्मचारी संघ की ओर से उप्र पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन और उप्र राज्य विद्ययुत उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक पद का कार्यभार ग्रहण करने पर रणवीर प्रसाद (आईएएस) से मुलाकात कर बधाई दी। प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के तकनीशियन टीजी टू के कार्मिकों, ऊर्जा निगमों के अंतर्गत कार्यरत, मान्यता प्राप्त कैडर संघ राविप प्राविधिक कर्मचारी संघ उप्र की तरफ से भी शुभकामनाएं दी गईं।

# दो टुकड़ों में बंटी कार, मां व दो बेटियों की मौत

संवाददाता, टड़ियावां (हरदोई)

- हरिहर पुर पेट्रोल पंप के पास स्टेयरिंग बहकने से बेकाबू हुई ऑल्टो कार पेड़ से टकराई

**अमृत विचार।** स्टेयरिंग के अचानक बहक जाने से बेकाबू हुई ऑल्टो कार पेड़ से टकरा कर दो टुकड़ों में बंट गई, बुधवार की शाम टड़ियावां थाने के हरिहरपुर पेट्रोल पंप के पास हुए इस दर्दनाक हादसे में मां और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई। इसके साथ ही चार लोगों के ज़ख्मी होने की खबर है।

बताया गया है कि बुधवार को टड़ियावां थाने के तौकलपुर निवासी 46 वर्षीय यासीन अली अपने रिश्तेदार उसी थाने के जयराज पुर निवासी 35 वर्षीय टूनी, टूनी की पत्नी रोज़ी और उसकी बेटियों 7 वर्षीय अलीना, 5 वर्षीय सेलिना, 3 वर्षीय हिना और 2 वर्षीय गुलनाज़ के साथ अपनी आल्टो कार नंबर यूपी-32/एएक्स/3432 से जा रहा था। उसी बीच रास्ते में हरिहरपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही कार का स्टेयरिंग बहक गया और कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा कर दो टुकड़ों में बंट गई। इस हादसे में रोज़ी और उसकी सबसे छोटी बेटी गुलनाज़ की वहीं पर मौत हो गई। जबकि बड़ी बेटी अलीना ने मेडिकल कालेज पहुंचते ही दम तोड़ दिया। एसएचओ अशोक कुमार सिंह टीम के साथ पर पहुंचे।

### कार काट कर निकाले गए शव

टड़ियावां। हरिहरपुर पेट्रोल पंप के पास हुए हादसे का शिकार हुए लोग उसमे बुरी तरह फंस गए। ज़ख्मी लोगों को तो किसी तरह निकाल लिया गया, लेकिन उसमें फंसे हुए शवों को निकालने के लिए कार को काटना पड़ा।

### पलक झपकते हुए हादसे ने छीन ली सारी खुशियां

जैसा कि बताया गया है कि यासीन और टूनी आपस में रिश्तेदार है। दोनों खुशी-खुशी किसी शादी समारोह में शामिल हो कर लौट रहे थे लेकिन रास्ते मे पलक झपकते हुए हादसे ने सारी की सारी खुशियां छीन कर मौत का मातम बरपा कर दिया।

## 'लोग कर्म व भाग्य को लेकर भ्रम में हैं'

**अयोध्या :** अयोध्या के लक्ष्मण घाट क्षेत्र स्थित सरयू तट पर 1700 वैदिक आचार्यों के बीच संपन्न हो रहे लक्षचंडी और श्रीराम महायज्ञ में बुधवार को प्रमुख विद्वानों के साथ संत सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इसमें माता चिदानंदमयी ने कहा कि वर्तमान समय में लोग कर्म व भाग्य को लेकर भ्रम में हैं, क्योंकि उनको कोई मार्ग दर्शन प्राप्त नहीं हो रहा। डॉ. सज्जन तिवारी ने कहा कि कर्म व भाग्य एक-दूसरे के पूरक हैं। तमिलनाडु से पधारे माधवन वेंकटरमण ने कहा कि यज्ञ, अनुष्ठान जैसे आयोजन सनातन संस्कृतिक को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। काशी से आए डॉ. सुभाष तिवारी ने कहा कि कर्म व भाग्य एक सिक्के के दो पहलू हैं। इसलिए हमें निरंतर कर्म करते रहना चाहिए।

# भाजपा प्रत्याशी का विरोध नारेबाजी कर जताया रोष

संवाददाता, श्रावस्ती

- घोषित प्रत्याशी को बाहरी होने का लगाया आरोप
- पदाधिकारी बोले, विरोध करने वाले भाजपा से नहीं

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर बुधवार को क्षेत्र के कुछ लोगों ने भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा के विरोध में नारेबाजी की। 2024 के लोकसभा चुनाव में श्रावस्ती लोकसभा सीट पर भाजपा ने साकेत मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में श्रावस्ती भाजपा दो धड़े में बंटी नजर आ रही है। सवाल उठता है कि क्या अन्य दावेदारों के समर्थक पार्टी के इस निर्णय को पचा नही पा रहे हैं। असंतुष्ट कथित पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोंगों का तर्क रहा कि साकेत मिश्रा बाहरी प्रत्याशी है। उनकी लोकसभा के अंदर कोई पकड़ नहीं है। समर्थकों ने सवाल किया कि क्या हमारे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के नेता नहीं जो कि बाहरी प्रत्याशी को यहां टिकट दिया गया है? विरोध प्रकट करने वाले कार्यकर्ताओं का दावा है कि अच्छा प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र में मौजूद होने के बाद भी बाहरी व्यक्ति को यहां का प्रत्याशी बना दिया गया जिससे हम लोग विरोध कर रहे हैं। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग लगभग आधे घंटे तक भाजपा कार्यालय पर नारेबाजी करते रहे। उधर, बीजेपी के आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पार्टी के एक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पार्टी पदाधिकारी ने उनकी नाराजगी को उच्च नेतृत्व तक उनकी बात पहुंचाने की बात कही।

धर्म- अध्यात्म

अनुष्ठान में कर्नाटक के पूर्व सांसद व कांग्रेस विधायक रहे यजमान

# 1100 कलश से होगा अभिषेक



अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर परिसर में 48 दिवसीय मंडप उत्सव 10 मार्च को समाप्त हो जाएगा। इस दौरान भव्य उत्सव का आयोजन होगा। जिसमें 1100 तांबे के कलश में सरयू का जल लेकर एक विशेष अनुष्ठान किया जाएगा। रामलला को विशेष फूलों का हार पहनाया जाएगा, जिसके लिए कर्नाटक से मोती, गुलाब, कमल और सुपारी का फूल मंगाया गया है।

इस अनुष्ठान में बुधवार को कर्नाटक के पूर्व सांसद नवीन कुमार और कांग्रेस के विधायक मांजना मंडारकी बुधवार को अनुष्ठान के यजमान रहे। सुबह 11 बजे से शुरू हुए आयोजन में रामलला के रजत प्रतिमा का भव्य आरती पूजन के बाद परिसर भ्रमण कराया गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य उडुपी पीठाधीश्वर विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि रामलला के गर्भगृह में विराजमान होने से पूर्व जिस उत्सव मूर्ति की पूजा हुई थी उस उत्सव मूर्ति को इन दिनों पालकी पर विराजित कर छत्र चंवर और ढोल नगाड़ों की ध्वनि में मंदिर की परिक्रमा करवाई जा रही है। आयोजन को देखने के लिए देश-विदेश से लोग पहुंचेंगे।

### रामलला की भोग पूजा में भी हुआ बदलाव

बदलते मौसम में रामलला की नित्य सेवा में कुछ बदलाव किए गए हैं। राग-भोग में विशेष ध्यान रखा जा रहा है। रामलला के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बुधवार को बताया कि रामलला को सुबह चार बजे नित्य स्नान कराया जाता है। इसके बाद भोग में सीजन के फल व पेड़ा अर्पित किया जाता है। श्रृंगार आरती के बाद रबड़ी, ड्राई फ्रूट्स यानि, किशमिश, छुआरा, बादाम आदि का भोग लगाया जाता है। सुबह नौ बजे रामलला को बाल भोग में केसर, मखाना, मिश्री, किशमिश मिश्रित दूध का भोग लगता है। साथ ही दलिया, पोहा, खीर आदि भी अर्पित किए जाते हैं। दोपहर 12 बजे राजभोग रोटी, सब्जी, चावल, दाल, पापड़, अचार, पूड़ी, कचौड़ी आदि अर्पित की जाती है। रात में भी रामलला को लगभग इसी तरह का भोग लगाया जाता है।

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक:** - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग** - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग** - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग** - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड ★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन। ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध

मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

## एक नजर

### आज औद्योगिक आपदा से बचाव पर विशेषज्ञ करेंगे मंथन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राहत विभाग की ओर से गुरुवार को मॉल एवेन्यू स्थित एक होटल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। इसमें विषय विशेषज्ञ बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण प्रदेश में केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल, न्यूक्लियर (सीबीआरएनआई) तथा औद्योगिक आपदाओं से निपटने के लिए मंथन करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एक दिवसीय औद्योगिक आपदाओं के न्यूनीकरण एवं प्रबंधन पर कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में इण्डस्ट्रियल, केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल तथा न्यूक्लियर आपदाएं घटित होने की संभावनाओं को कम करने एवं आकस्मिक स्थिति में बचाव कार्य पर मंथन किया जाएगा। इसमें विभाग के लोग, कई संस्थाओं के वरिष्ठ प्रतिनिधि, औद्योगिक संगठन तथा अन्य स्टेकहोल्डर्स सहित तमाम विशेषज्ञ शामिल होंगे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता हुए सक्रिय

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ ने बुधवार को बैठक की। बैठक में श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव की तैयारियों में जुट गए है। कार्यकर्ताओं को हर वार्ड में जाकर लोगों की जानकारी एकजुट करने को कहा गया है। चेयरमैन ने कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक वार्ड में जाकर लोगों की समस्यायें सुनेंगे और उन्हें निस्तारित करने का प्रयास करेंगे।

# आगरा मेट्रो की शुरुआत बना अनोखा रिकार्ड

## तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा



मेट्रो में यात्रा करते मुख्यमंत्री योगी, केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुधवार को कोलकाता से आगरा मेट्रो ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाते ही एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। यह देश की पहली मेट्रो बन गई है, जो तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी। मेट्रो ट्रेन में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एक के चुने गए 32 बच्चों संग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सफर किया। गुरुवार से पहले चरण के छह स्टेशनों के बीच आम जनता के लिए यात्री सेवा आरंभ हो जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिवाजी महाराज के गौरव से जुड़े आगरा शहर को होली से पहले मेट्रो ट्रेन की सौगात मिली है। आधुनिक सुविधाओं का केंद्र यह शहर बने इसके लिए मेट्रो आवश्यक थी। पीएम का आभार जताते हुए कहा कि मेट्रो के साथ आगरा में अन्य सुविधाएं जैसे आगरा के पास अपना एयरपोर्ट हो, उसके सिविल टर्मिनल का कार्य भी तेजी

- प्रधानमंत्री ने कोलकाता से वर्चुअली दिखाई हरी झंडी
- योगी ने बच्चों के साथ किया सफर
- होली से पहले मेट्रो ट्रेन की मिली सौगात: योगी

के साथ आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यहां पर जायका प्रोजेक्ट के अंतर्गत गंगाजल की उपलब्धता पेयजल के लिए उपलब्ध हो। आईटी सेक्टर के रूप में भी इस सिटी को डेवलप करने के लिए तेजी के साथ उन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य भी सरकार प्राथमिकता के आधार पर कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाने के बाद ताजमहल स्टेशन से ताज पूर्वी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। उन्होंने विजिटर बुक में अपने अनुभव सांझा करते हुए लिखा कि आगरा मेट्रो का प्रधानमंत्री ने वर्चुअली शुभांरभ किया। प्रोजेक्ट की क्वालिटी के साथ ही समयबद्धता महत्व रखती है। आगरा मेट्रो ने इस मानक को बनाये रखा है।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, स्थानीय सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भाजपा में शामिल हुए सपा-बसपा के पूर्व विधायक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर सपा के पूर्व विधायक संजय गर्ग (सहारनपुर), बसपा के पूर्व विधायक रामकुमार गौतम (गाजीपुर) और पूर्व विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह (बलिया) समेत कई नगर निकाय व पंचायत प्रतिनिधिनियों ने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान भूपेंद्र और ब्रजेश पाठक ने उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि पूरा देश मोदी के साथ है, इसबार चार सौ से अधिक लोकसभा सीटें जीतकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द यादव (जालौन), सपा से नगर पंचायत अध्यक्ष राजकिशोरी (महोबा), नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा गौतम (लखीमपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष प्रिंस कुमार वर्मा (बलरामपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता मलिक (बागपत), ब्लाक प्रमुख मजहरून्निशां (संतकबीर नगर), जिला पंचायत सदस्य लीलाधर दुबे 'कुल्लू' (ललितपुर), प्रेमाबाई अहिरवार (ललितपुर), नरेन्द्र झा (ललितपुर), हिमांशु त्रिपाठी (फतेहपुर), अमरेन्द्र भारद्वाज (लखनऊ), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वंदना पाठक (झांसी), सपा की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नीरू पटेल (बरेली), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु शिवहरे (हमीरपुर), बसपा के पूर्व झांसी कमीश्नरी अध्यक्ष

- प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ग्रहण की सदस्यता

व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे मूलशरण कुशवाहा, कांग्रेस के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डा. चन्द्रेश कुमार उपाध्याय (सिद्धार्थनगर), सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी केशव बाबू शिवहरे (हमीरपुर), सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना लाल रजक (ललितपुर), सपा के पूर्व विधान परिषद प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह पटेल (मीरजापुर), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डा. पीयूष कुमार यादव (आजमगढ़), पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत गिरधारी लाल सोनकर (गोरखपुर) बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

इसके साथ ही आप की प्रदेश सचिव राजकुमारी वर्मा (कानपुर), यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव अभिनव तिवारी (कानपुर), सपा के नेता सोनू त्यागी (सहारनपुर), प्रवीण सैनी(सहारनपुर), नागेन्द्र राणा (सहारनपुर), आजम शाह(सहारनपुर), पवन गुप्ता (मुरादाबाद), महेन्द्र सिंह (बरेली), देवेन्द्र सिंह (बरेली), मुकेश राजपूत (झांसी), प्रवल प्रताप सिंह (जालौन), मनोज शुक्ला (कानपुर), रवि पाण्डेय (कानपुर), आशीष कुमार (कानपुर), तुषार मिश्रा (कानपुर), दीपक कुमार (कानपुर), अमित सिंह (कानपुर), सुधीर यादव (औरैया), आशीष चर्तुवेदी (कन्नौज), भरत बाधवानी (लखनऊ), धनज्ज्य सिंह 'झब्बू' (मऊ) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## चुनाव से पहले 101.25 करोड़ का अस्त्र-शस्त्र खरीदेगी पुलिस

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस विभाग ने भी अत्याधुनिक अस्त्र-शस्त्र के जखीरे से लैस होने की तैयारी शुरू कर दी है। शासन ने पिस्टल, रायफल, मशीनगन समेत गोला-बारुद और आंसू धुआं हथियार खरीदने के लिए 101.25 करोड़ से अधिक धनराशि स्वीकृति की है।

चुनाव की तैयारी में जुटे पुलिस अफसरों और जवानों को हथियारों की खासी जरूरत थी। गृह विभाग की स्वीकृति के बाद अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय की ओर से हथियार, गोला-बारूद और और आंसू धुआं हथियार खरीद का रास्ता साफ हो गया है। 9एमएम की 5600 पिस्टल 83 हजार 700 की दर से 46 करोड़ 87 लाख 20 हजार रुपये का भुगतान स्वीकृत हुआ है, 24 करोड़ 20 लाख 4 हजार रुपये से दो हजार 5.56 एमएम राइफल और 3 करोड़ 96 लाख 27 हजार रुपये से तीन सौ 9एमएम सब मशीनगन खरीदी जाएगी। गोला बारूद के लिए 22 करोड़ 52 लाख 35 हजार की धनराशि स्वीकृति हुई है। आंसू धुआं हथियार के लिए 3 करोड़ 69 लाख 83 हजार 300 रुपये पुलिस विभाग को शासन ने भेजा है। शासन ने कहा है कि खरीद में किसी तरह की अनियमितता या आडिट आपत्ति के लिए उप्र पुलिस मुख्यालय जिम्मेदार होगा।

# जिलों में भेजी गई मुआवजा राशि, बांटने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** बारिश एवं ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति से प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि देने के लिये धनराशि सम्बन्धित जिलों को उपलब्ध करा दी गई। ऐसे में फसल क्षति का आकलन कराकर प्रभावित किसानों को अविलम्ब मुआवजा राशि का वितरण सुनिश्चित कराए जाने की मंशा शासन ने प्रकट की है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को रबी सीजन की ई-खसरा पड़ताल के कार्य को आगामी 7 दिवस में पूरा कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य की दैनिक समीक्षा की जानी चाहिए। साथ ही

- मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

उन्होंने कहा कि इजराइल जाने के लिए चयनित भारतीय श्रमिकों की आवश्यक औपचारिकतायें पूरी होने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिये। नये पंजीकरण के लिये आनलाइन व्यवस्था की जाये। यह प्रक्रिया सरल होनी चाहिये।

लोकभवन में हुई बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार, सचिव नियोजन अनुराग यादव, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

### प्रियंका रायबरेली और राहुल अमेठी से लड़ सकते हैं चुनाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की उत्तर प्रदेश में दो महत्वपूर्ण सीटों अमेठी और रायबरेली पर गांधी परिवार के ही चुनावी मैदान में उतरने का फैसला संभव है। सूत्रों के मुताबिक, प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी जबकि राहुल गांधी अपनी पुरानी सीट अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि इसका आधिकारिक फैसला गुरुवार को होने वाली कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक में होगा। दरअसल, दोनों महत्वपूर्ण सीटों पर गांधी परिवार से चुनाव लड़ने को लेकर उप्र. में कांग्रेस के कार्यकर्ता निरंतर मांग कर रहे हैं। पार्टी से जुड़े नेता मानते हैं कि अगर राहुल और प्रियंका अमेठी और रायबरेली से लड़ते हैं, तो इसका राजनीतिक फायदा पार्टी को अन्य सीटों पर भी होगा।माना जा रहा है कि, सोनिया गांधी के चुनाव न लड़ने से खाली हुई रायबरेली की सीट पर प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की बात तय हुई है। सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी ने रायबरेली के लोगों को जो चिट्ठी लिखी थी, उसमें इशारों में जिसका जिक्र किया था, वो प्रियंका गांधी ही थीं। कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के साथ प्रियंका गांधी की हुई व्यक्तिगत बैठकों में उनको रायबरेली से प्रत्याशी बनाने की बात कही जा चुकी है।

# हेल्थ टूरिज्म सेक्टर में असीम संभावनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप्र. में आयुष पद्धति के जरिए हेल्थ टूरिज्म के सेक्टर में सबसे अधिक संभावनाएं हैं। आयुष से जुड़ी सभी पद्धतियों को प्रोफेशनल तरीके से लागू कर दें तो पूरी दुनिया हमारे पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का अनुसरण करेगी। इससे न केवल संपूर्ण आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने में, बल्कि बड़े स्तर पर नौकरी ओर रोजगार के अवसरों के सृजन में भी मदद मिलेगी। इतना ही नहीं आयुष चिकित्सा पद्धति के जरिए अन्नदाताओं की आमदनी को भी कई गुना तक बढ़ाया जा सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित आयुष विभाग के

- आयुष विभाग की 238 करोड़ की 271 विकास परियोजनाओं का योगी ने किया लोकार्पण

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

इस मौके पर उन्होंने 238 करोड़ रु. से बस्ती, बलिया, जालौन और रायबरेली में 50 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सालय, 226 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रयागराज और झांसी में छात्राओं के लिए छात्रावासों का निर्माण, पांच ई-लाइब्रेरी, प्रदेश के अलग-अलग 19 होम्योपैथिक एवं 14 आयुर्वेदिक विभागों में हुए निर्माण कार्य सहित 271 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया।

इस मौके पर आयुष विभाग के राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र ''दयालु'', मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जोहरी, विधायक नीरज वोहरा, योगेश शुक्ल, जय देवी कौशल, एमएलसी मोहसिन रजा, लाल जी निर्मल, रामचंद्र प्रधान, आयुष विभाग के डायरेक्टर महेन्द्र वर्मा, शिक्षकगण, डॉक्टर आदि मौजूद रहे।

### आयुष निदेशालय बनेगा महानिदेशक होंगे तैनात

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष विभाग की ओर से नई पहल की जा रही है। विभाग जल्द एक निदेशालय के गठन की कार्रवाई को मूर्तरूप देने जा रहा है। इसके तहत आयुष की सभी विधाओं के लिए अबतक अलग अलग निदेशक होते थे, अब इन सब के बीच परस्पर समन्वय बनाने के लिए महानिदेशक भी होंगे।

### किसानों के लिए कृषि मंत्री ने की नई व्यवस्था की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** किसानों को कृषि निवेशों (बीज एवं जिप्सम) की खरीदारी के वक्त तत्काल सब्सिडी प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने एक और नई पहल की है। इसके तहत कृषि विभाग ने बुधवार को कृषि निवेशों को पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन के माध्यम से वितरित कराकर सब्सिडी एट सोर्स की व्यवस्था को लागू कर दिया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बटन दबाकर इस नई व्यवस्था की शुरुआत की। नई सुविधा से अब कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को राजकीय कृषि बीज भंडार से बीज एवं जिप्सम क्रय करते समय ही अनुदान एट सोर्स प्रदान कर दिया जाएगा। इससे किसानों को केवल कृषक अंश का ही भुगतान करना होगा। इस अवसर पर लाभार्थी किसानों को कृषि मंत्री ने पीओएस मशीन के द्वारा सब्सिडी एट सोर्स भी प्रदान की।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना में सीतापुर पीछे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री (ग्रामीण) आवास योजना में सीतापुर पीछे है। मंडलीय समीक्षा में अन्य जिलों की अपेक्षा कम प्रगति पर डी ग्रेड मिला है। जबकि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में बी ग्रेड मिला है। मंडलायुक्त ने सभी जिलों में 15 मार्च तक आवास पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने 23 फरवरी को लखनऊ, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, उन्नाव व हरदोई के विकास कार्यों की समीक्षा की थी। हरदोई में स्वीकृत आवास 2262 के सापेक्ष 2160 पूर्ण (95.49 प्रतिशत), लखीमपुर खीरी में 7862 आवास में 7091 पूर्ण (90.19 प्रतिशत), लखनऊ में 884 में 824 आवास पूर्ण (93.21 प्रतिशत), रायबरेली में 3046 आवास के सापेक्ष 2931 पूर्ण (96.23 प्रतिशत), सीतापुर में 2812 में 1743 आवास पूर्ण (61.98 प्रतिशत) व उन्नाव में 3046 आवास में 2819 (92.55 प्रतिशत) पूर्ण मिले। इस प्रगति पर हरदोई, लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव को ए ग्रेड, जबकि लखीमपुर खीरी को बी व सीतापुर को डी ग्रेड मिला। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना में हरदोई में 93,648 के सापेक्ष 90,106 पूर्ण (96.22 प्रतिशत), लखीमपुर खीरी में 1,60,283 के सापेक्ष 1,55,684 (97.13 प्रतिशत), सीतापुर में 2,40,886 में 2,30,691 आवास (95.77 प्रतिशत) पूर्ण पाए।

# 61 हजार से अधिक विद्यार्थी बने प्रवीण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** छात्र- छात्राओं को पढ़ाई के दौरान ही कौशल विकास से जोड़ने के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट प्रवीण का असर दिखने लगा है। कक्षी 9वीं से 12वीं तक के 61 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों निःशुल्क स्किल ट्रेनिंग और नए जमाने के कोर्स के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रोजेक्ट प्रवीण'' माध्यमिक शिक्षा और उप्र कौशल विकास मिशन के बीच हुए एक एमओयू के तहत संचालित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य राज्य के एजुकेशन सिस्टम और करिकुलम को नया रूप देना

- माध्यमिक शिक्षा और कौशल विकास मिशन के प्रोजेक्ट प्रवीण का दिखा असर

### माध्यमिक स्कूल का विद्यार्थी होना अनिवार्य

प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत ट्रेनिंग करने वाले विद्यार्थियों को प्राइवेट ट्रेनिंग सेंटर द्वारा स्कूल में ही ट्रेनिंग दी जाती है। अगर किसी कारणवश स्टूडेंट्स 10वीं या 12वीं के बाद अपनी पढ़ाई को बीच में छोड़ते हैं तो वह प्रोजेक्ट प्रवीण के प्रशिक्षण से जुड़े सर्टिफिकेट के द्वारा नौकरी या रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से आवेदन करने वालों को सरकारी माध्यमिक स्कूल का विद्यार्थी होना अनिवार्य है। साथ ही छात्र का 10वीं एवं 12वीं कक्षा में अध्यनरत होना आवश्यक है, तभी योजना के अंतर्गत पात्र हो सकते हैं।

है। प्रोजेक्ट प्रवीण की शुरुआत वर्ष 2022-23 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। इस दौरान प्रदेश के 150 राजकीय माध्यमिक बालक एवं बालिका विद्यालयों में 20,582 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भी इस योजना से जोड़े गए हैं, जिनमें 3,450 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी तरह, वर्ष 2023-24 में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत कुल 315 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को शामिल किया गया है। इन संस्थानों के जरिए अब तक 61,400 विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार चुने हुए ट्रेड्स में जैसे आईटी सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटीशियन, हेल्थकेयर, अपैरल, अकाउंटिंग आदि में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया।


## वर्ग पहेली-2

**बाएं से दाएं**

1. 1. बादशाह, महाराज, राजा 2. पाकिस्तान सीमा से सटे क्षेत्र तथा पंजाब के मुसलमानों की एक सम्मानजनक उपाधि, मुसलमानों की एक जाति 3. पंजाब में रहने वाले हिंदुओं की एक जाति 4. एक कुलनाम या सरनेम।
2. 1. उजाड़ने वाला 2. बर्बाद करने वाला।
4. 1. बचाव 2. बख़्तर 3. ढाल 4. रथ का घेरा 5. समूह 6. फ़ौज, सेना।
5. 1. कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला दीपों का त्योहार, दीवाली 2. दीपों की पंक्ति, श्रेणी।
6. मुख, मुंह, मुखड़ा, चेहरा, सूरत, शक्ल।
8. बल्ला, क्रिकेट का बल्ला।
9. सितार की तरह का एक प्रकार का वाद्ययंत्र।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. छोटा मठ 2. एक प्रकार की चूड़ी।
2. किसी काम को जल्द करने की हड़बड़ी, बेचैनी, अधीरता, जल्दबाज़ी।
3. 1. कुआं, कूप 2. पशुओं के जल पीने के लिए कुएं के समीप निर्मित हौज 3. जल एकत्र करने के निमित्त निर्मित गड्ढा 4. दूध दुहने का बरतन 5. आश्रय स्थल 6. इस प्रकार पीना कि कुछ शेष न रहे, निःशेष (अशेष)।
5. 1. जिसे धर्म पर विश्वास हो, धार्मिक, धर्माचारी 2. जिसमें विनम्रता हो 3. नमाज़गुज़ार।
7. 1. दो वस्तुओं का आपस में मिलना, पास आना 2. चिपकना, छूना 3. साथ होना 4. जुड़ना, भिड़ना 5. मारपीट होना।



### वर्ग पहेली - 1 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | प | री | | 2 झु | | |
| | | | 3 वि | रा | ग | |
| | 4 तु | न | क | ना | | |
| | | | ल | | | 5 अ |
| | 6 ह | रि | ता | 7 भ | | व |
| | रा | | | रै | | ले |
| 8 सा | ठा | | 9 मा | या | मो | ह |

### सुडोकू-81

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 4 | | 5 |
| | | 8 | | 7 | | | 6 | |
| | 1 | | 2 | | | 3 | | |
| 3 | 9 | | 1 | | | 6 | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | 6 | | | 5 | | 2 | |
| | 8 | | | | 4 | | 5 | |
| | 5 | | | 6 | | 7 | | |
| 7 | | 9 | | | 3 | | | |

### सुडोकू - 80 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 3 | 1 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 01.19 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 13.03 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष:** आज व्यवसाय में उन्नति काफी अच्छी रहेगी। काफी मजबूती के साथ निर्णय लेंगे। वैवाहिक जीवन मे परेशानियां बढ़ सकती है। गूढ़ विषयों के अध्ययन के प्रति रुचि जागृत होगी। धन से जुड़ी समस्याओं का निवारण होगा।

**वृष:** आज अविवाहित लोगों के विवाह की चर्चा हो सकती है। भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। किसी मित्र के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। पिता की सलाह से लाभ मिल सकता है। दूसरों के सामने अपने मन की बातें शेयर न करें।

**मिथुन:** आज आप अपनी कार्यशैली से संतुष्ट नहीं रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का व्यवहार भी थोड़ा अपमानजनक हो सकता है। आज लोग आपके विरुद्ध कड़वी बात बोल सकते हैं। अनैतिक माध्यम से धन अर्जित करने से बचें।

**कर्क:** आज व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर बेहद सन्जीदा रहेंगे। अपने कार्यों को लेकर काफी आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पुराने गिले-शिकवे भूलने की कोशिश करेंगे। नया काम करने में आपको लाभ होगा।

**सिंह:** आज आपका मनोबल मजबूत रहेगा। धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। घर का माहौल थोड़ा अशान्त हो सकता है। भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान ढूंढने का प्रयास करेंगे। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं।

**कन्या:** आज प्रिय मित्रों से फोन पर बात होगी। बौद्धिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन की समस्याओं का निदान होगा। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। संतान की उन्नति से उत्साहित रहेंगे।

**तुला:** आज परिवार के लोगों का खास ख्याल करना पड़ेगा। कफ संबंधी परेशानियों के कारण स्वास्थ्य कमजोर होगा। मौसम में बदलाव के कारण शरीर में थकान की अनुभूति होगी। गुस्से पर नियंत्रण रखें। सम्पत्ति से जुड़े मामलों में जल्दबाजी करने से बचें।

**वृश्चिक:** आज धर्म-कर्म में अच्छी ख़ासी रुचि लेंगे। लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। आत्मविश्वास और पराक्रम मे वृद्धि होगी। जॉब मे आपका सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। सोशल मीडिया में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**धनु:** आज आप किसी से वायदा करने से बचें। नौकरी पेशा लोगों को अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। महिलाओं से अच्छी तरह से बात करें। धन के कारण परिवार में कलह हो सकती है। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मकर:** आज आर्थिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों के वेतन में बढ़ोत्तरी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहने वाली है। इसके बावजूद आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मनोरञ्जन के कार्यों में रुचि लेंगे। जीवनसाथी का व्यवहार काफी अच्छा रहेगा।

**कुंभ:** आज वैवाहिक संबंधों में परस्पर विश्वास की कमी रहेगी। अनजाने में की हुई पुरानी गलती भारी पड़ सकती है। अनुभवी लोगों से सलाह लेकर कोई फैसले लें। कार्यक्षेत्र में आपको अचानक निर्णय लेने से बचना चाहिए। उधार धन के लेन-देन में सावधानी रखें।

**मीन:** आज सरकारी कार्यों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। भोग-विलास में वृद्धि होगी। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आध्यात्मिक गतिविधियों जैसे योग और ध्यान आदि में रुचि लेंगे। धैर्य और मेहनत दोनों का अच्छा संयोजन रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कर्मा — सुबह : 09.00
रूप की रानी चोरों का राजा — शाम : 06.00

SONY MAX
अफवाह — सुबह : 11.24
यारियां 2 — शाम : 06.59

SONY PIX
अल्फा — सुबह : 11.00
जर्नी 2 — शाम : 05.02

ZEE CINEMA
गुंजन सक्सेना — सुबह : 08.30
बाजीगर — दोपहर : 03.35

colors CINEPLEX
गब्बर इज बैक — सुबह : 09.26
बुड्ढा होगा तेरा बाप — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम 06.59 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी (पति से)- कुछ साल पहले मेरा फिगर पेप्सी की बोतल की तरह था।
पति- वो तो तुम्हारा अब भी है
पत्नी- सच में!
पति- हां पहले बोतल 300ml की थी अब 2 लीटर की है।

पत्नी ने पति से पूछा पत्नी- अच्छा यह बताओ कि तुम मूर्ख हो या मैं?
पति- (शान्त मन से) प्रिये ये बात तो सब लोग जानते हैं कि तुम अत्यन्त तीव्र बुद्धि की स्वामिनी हो इसलिए यह कभी हो ही नहीं सकता कि तुम किसी मूर्ख व्यक्ति से शादी करो पति का नाम राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए भेजा गया है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूंदड़ा | 2525–2550 |
| आरआर 21 | 2700–2750 |
| गेहूंफारम | 2800–2850 |
| जौ | 2000–2100 |
| ज्वार | 2600–4000 |
| बाजरा | 2125–2175 |
| मकाई | 2000–2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5600–5800 |
| अरहर | 7500–8000 |
| मसूर | 5500–5600 |
| मटर | 3900–4000 |
| उड़दहरा | 10000–10200 |
| उड़दकाला | 6000–8000 |
| मूंग | 8500–8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500–14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000–12200 |
| चनादाल | 7150–7250 |
| मटरदाल | 5050–5150 |
| मसूरमलका | 6950–7050 |
| मसूरदाल | 7050–7150 |
| उड़ददाल | 9000– 12000 |
| उड़द धोवा | 10500– 13000 |
| मूँगदाल | 8800–10300 |
| मूँग धोवा | 9800–11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 – 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 – 10000 |
| सेला | 2500 – 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 – 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490–1550 |
| मैदा | 1475–1520 |
| सूजी | 1500–1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430–1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900–4950 |
| अलसी | 4500–4600 रुपये। |

# 6.8% की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी

## अगले वर्ष के लिए रेटिंग एजेंसी ने जताया अनुमान, 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला बनेगा देश

नई दिल्ली, एजेंसी




रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाते हुए बुधवार को कहा कि यह 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला देश बन जाएगा और अर्थव्यवस्था भी दोगुनी होकर सात लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने इंडिया आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को घरेलू संरचनात्मक सुधारों और चक्रीय स्थितियों से समर्थन मिलेगा और यह वर्ष 2031 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपनी वृद्धि संभावनाओं को बरकरार रखने के साथ उसमें सुधार भी कर सकती है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में उम्मीद से बेहतर 7.6 प्रतिशत वृद्धि रहने के बाद भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में थोड़ा मध्यम होकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि अगले सात वित्त वर्षों (2024-25 से 2030-31) में भारतीय अर्थव्यवस्था पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर सात लाख करोड़ डॉलर के करीब पहुंच जाएगी। क्रिसिल ने कहा-इस अवधि में 6.7 प्रतिशत की अनुमानित औसत वृद्धि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना देगी और 2030-31 तक इसकी प्रति व्यक्ति आय भी उच्च-मध्यम आय समूह तक पहुंच जाएगी। भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। क्रिसिल को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2030-31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। उस समय तक देश की प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और भारत उच्च-मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा।


### घरेलू हवाई यात्रियों के आंकड़ों में होगी बढ़ोत्तरी

**मुंबई।** क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को कहा कि घरेलू हवाई यात्री यातायात के चालू वित्त वर्ष में आठ-13 प्रतिशत बढ़कर कोविड-पूर्व स्तर से आगे 15-15.5 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। महामारी से पहले घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 14.12 करोड़ थी। रेटिंग एजेंसी ने अगले दो वित्त वर्षों में विमानन उद्योग के शुद्ध घाटे में खासी गिरावट का अनुमान जताने के साथ ही कहा है कि आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियां और इंजन से जुड़े मसले निकट अवधि में प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में निरंतर सुधार और अपेक्षाकृत स्थिर लागत वातावरण के बीच इक्रा ने घरेलू विमानन उद्योग को लेकर 'स्थिर' दृष्टिकोण कायम रखा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय एयरलाइंस के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात वित्त वर्ष 2022-23 में कोविड-पूर्व स्तर को पार कर गया था लेकिन यह वर्ष 2018-19 में दर्ज 2.59 करोड़ के उच्चतम स्तर से पीछे था। चालू वित्त वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 2.5-2.7 करोड़ रहने की उम्मीद है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना: शाह

मुंबई, एजेंसी

● सहकारिता मंत्री ने मुंबई में एक सम्मेलन को संबोधित किया



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पांच 'नाजुक अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शाह ने यहां 'इंडिया ग्लोबल फोरम' के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत नाजुक थी, मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर थी और राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण से बाहर था। उन्होंने कहा कि आज भारत एक नीति-संचालित देश के रूप में उभरा है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। शाह ने कहा-हमने 2025 तक अंतरिक्ष में स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी और 2040 तक एक व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने की योजना भी है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कहा-हम अपनी सरकार के पिछले 10 वर्षों के प्रदर्शन और अगले 25 साल की रूपरेखा के साथ चुनाव में उतर रहे हैं। शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'दूरदर्शी प्रधानमंत्री' बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 में आजादी के सौ साल पूरा होने तक भारत पूरी तरह से विकसित व आत्मनिर्भर होगा।

### भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश

गृह मंत्री ने कहा कि भारत आत्मविश्वास से भरा और आत्मनिर्भर देश है। इसने खुद को एक निष्क्रिय सरकार से एक गतिशील सरकार में, प्रतिगामी से प्रगतिशील विकास में और एक नाजुक अर्थव्यवस्था से शीर्ष अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति की तुलना संप्रग सरकार के शासनकाल से की जानी चाहिए।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,150–49,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,750 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

### फसल बीमा योजना में 23 करोड़ किसानों के दावों का हुआ भुगतान

**नई दिल्ली।** पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 56 करोड 80 लाख किसानों के आवेदन पंजीकृत किए गए और 23 करोड़ 22 लाख से अधिक किसानों को उनके दावों का भुगतान किया गया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान किसानों ने प्रीमियम के अपने हिस्से के रूप में लगभग 31 हजार 139 करोड़ रुपये चुकता किए, जिसके आधार पर उन्हें 1,55,977 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया। इस प्रकार, किसानों द्वारा भुगतान किए गए प्रत्येक 100 रुपये के प्रीमियम के लिए उन्हें लगभग 500 रुपये दावे के रूप में दिए गए।

# सोना 150 रुपये चढ़कर 65,150 रुपये के नए रिकॉर्ड पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

● चांदी की कीमत में 400 रुपये की आई गिरावट

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की बढ़त के साथ 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

लगातार दूसरे दिन बढ़त हासिल करते हुए सोना 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबार में सोने की कीमत 65,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमत 400 रुपये की गिरावट के साथ 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजार में सोना (24 कैरेट) 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाजिर भाव पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 150 रुपये की तेजी को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोना हाजिर मजबूती के साथ 2,122 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

### बैंक कार्ड जारी करते समय ग्राहक को नेटवर्क चुनने का विकल्प दें

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे पात्र ग्राहकों को क्रेडिट या डेबिट कार्ड जारी करते समय कई कार्ड नेटवर्क में से एक को चुनने का विकल्प मुहैया कराएं। केंद्रीय बैंक ने क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं से यह भी कहा है कि वे कार्ड नेटवर्क के साथ कोई भी ऐसा समझौता या व्यवस्था न करें जो ग्राहकों को दूसरे नेटवर्क की सेवाएं लेने से रोकता हो। आरबीआई ने कहा, समीक्षा करने पर यह पाया गया कि कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ताओं के बीच मौजूद कुछ व्यवस्थाएं ग्राहकों के लिए विकल्प उपलब्ध कराने के लिहाज से अनुकूल नहीं हैं।

# पेटीएम वॉलेट उपयोग करने वाले लोगों को नहीं होगी कोई समस्या: दास

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि पेटीएम वॉलेट का उपयोग करने वाले 80-85 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं को नियामकीय कार्रवाई के कारण किसी भी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

वहीं शेष उपयोगकर्ताओं को अपने ऐप को अन्य बैंकों से जोड़ने की सलाह दी गई है। रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार करने से रोक दिया। दास ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े वॉलेट को अन्य बैंकों के साथ जोड़ने की समयसीमा 15 मार्च तय की गई है। उन्होंने समयसीमा आगे बढ़ाये जाने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि 15 मार्च तक का दिया गया समय पर्याप्त है और इसे आगे बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है।

## राष्ट्रीय

# लालू और उनका परिवार सबसे बड़ा गुनहगार

## प्रधानमंत्री ने बिहार में राजद-कांग्रेस गठबंधन पर जंगल राज कायम करने का लगाया आरोप

बेतिया (बिहार), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनका परिवार बिहार का सबसे बड़ा गुनहगार है और उन पर एक दशक से अधिक के कार्यकाल के दौरान राज्य में जंगल राज कायम करने का आरोप लगाया।

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि राजद-कांग्रेस गठबंधन के कुशासन के परिणामस्वरूप बिहार के युवा बड़ी संख्या में पलायन करने के लिए मजबूर हुए और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सत्ता संभालने के बाद ही राज्य में चीजें बेहतर दिखने लगीं। उन्होंने कहा-जंगल राज के लिए जिम्मेदार परिवार...वे बिहार के सबसे बड़े गुनहगार हैं। उनके कुशासन ने एक पूरी पीढ़ी के भविष्य को खतरे में डाल दिया। युवाओं को देश के अन्य हिस्सों में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि केवल एक परिवार समृद्ध हुआ।

मोदी ने प्रसाद के उनका ''कोई परिवार नहीं होने'' के कटाक्ष पर पलटवार करते हुए कहा-जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया, बाबासाहेब आंबेडकर और कर्पूरी ठाकुर जैसे लोग जीवित होते तो ये लोग अपने स्वयं के परिवारों को बढ़ावा न देने के लिए उन पर भी हमला करते। उन्होंने कहा-मुझसे उनकी शिकायत यह है कि मेरा कोई परिवार नहीं है। मेरे लिए पूरा देश मेरा परिवार है और आज पूरा देश कह रहा है कि वह खुद को मोदी के परिवार के रूप में देखता है। राजद प्रमुख की टिप्पणी पर भाजपा नेताओं और समर्थकों ने प्रधानमंत्री के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए अपने सोशल मीडिया खाते के नाम के साथ ''मोदी का परिवार'' भी जोड़ दिया।

### अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे श्रीनगर का दौरा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म किये जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को अपनी पहली कश्मीर यात्रा के दौरान श्रीनगर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर' कार्यक्रम में शामिल होंगे और केंद्र शासित प्रदेश में कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगभग 5,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा चुनाव नजदीक आने और विपक्षी दलों द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा की मांग के मद्देनजर सबकी नजरें इस बात पर टिकी होंगी कि प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर क्या कहते हैं।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना की कांग्रेस में वापसी

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। यह जेना की पार्टी में वापसी है। उन्हें 2019 में पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था। कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजय कुमार ने पार्टी मुख्यालय में 73 वर्षीय जेना का पार्टी में स्वागत किया। जेना ने कहा-मैं शुरू से ही कांग्रेसी हूं। कुछ गलतफहमियां थीं, वो दूर हो गईं। मैंने कांग्रेस नेतृत्व के साथ बातचीत की और अब वापसी कर रहा हूं। उन्होंने बीजू जनता दल और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा-ओडिशा में एक चुनौती है। बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब खुलकर साथ आ गए हैं। मुझे भरोसा है कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन बीजद-भाजपा का सामना करेगा तथा उन्हें पराजित करेगा।

# भाजपा मुख्यालय में देर रात तक जारी रहा चुनावी मंथन

नई दिल्ली, ब्यूरो

● उत्तर प्रदेश की कानपुर सुल्तानपुर व गोंडा सहित 29 सीटों पर चर्चा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में बुधवार को बिहार एवं उत्तर प्रदेश के टिकट दावेदारों की सर्वाधिक चहलकदमी रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अलग-अलग कई बैठकों में दावेदारों के साथ चुनावी मंथन किया। बैठकों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

सर्वाधिक चर्चा बिहार, उत्तर प्रदेश की शेष 29 सीटों को लेकर हुई। बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर बीजेपी नेताओं के साथ जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति, राष्ट्रीय लोक मोर्चा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के नेताओं में गतिरोध जारी है। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में बिहार के टिकट दावेदारों का जमावड़ा लगा रहा। बीजेपी ने अपने कोटे की 17 सीटों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक बिहार से लौटने के बाद देर रात तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन नाम का अवलोकन करेंगे और गुरुवार को बिहार से भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। लोक जनशक्ति पार्टी को लेकर बीजेपी में चर्चा हुई है जिसमें चिराग पासवान और उनके चाचा के बीच तनाव की बात सामने आई है। बीजेपी ने दोनों गुटों को 6 सीटें देना तय किया है। केंद्रीय मंत्री पशुपतिनाथ एवं चिराग पासवान के बीच 6 सीटों में बंटवारा होना है। जनता दल यूनाइटेड ने 17 सीटों पर दावा किया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा एवं हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा के जीतन राम मांझी ने भी एक-एक सीट पर दावा किया है। बिहार में इस समय बीजेपी के 17, जनता दल यूनाइटेड के 16 एवं लोक जनशक्ति पार्टी के 6 सांसद हैं।

उत्तर प्रदेश की भी कुछ सीटों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से कई नेताओं की मुलाकात हुई है। अभी कानपुर, सुल्तानपुर व गोंडा की सीटों पर फैसला नहीं हुआ है। वहीं अकबरपुर संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद देवेंद्र सिंह भोले का टिकट फाइनल होने के बाद कानपुर संसदीय क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की दावेदारी कमजोर हो गई है। भाजपा हाई कमान कानपुर से किसी ब्राह्मण उम्मीदवार की खोज में है। कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी अपनी बेटी के लिए टिकट मांग रहे हैं। गोंडा से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का भी टिकट विवादों में है। सुल्तानपुर से मेनका गांधी की जगह किसी नए चेहरे पर विचार किया जा रहा है जिसमें प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व संयुक्त निदेशक एवं लखनऊ के विधायक राजेश्वर सिंह के नाम पर भी चर्चा हुई है। उत्तर प्रदेश में 29 उम्मीदवारों की सूची जारी होना है।

## एक नजर

### दिल्ली विधानसभा से सात भाजपा विधायकों का निलंबन रद

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने विधानसभा में बजट सत्र के प्रारंभ में उपराज्यपाल वी के सक्सेना के अभिभाषण में व्यवधान डालने को लेकर सदन से निलंबित कर दिए भाजपा के सात विधायकों के निलंबन को रद कर दिया। सात भाजपा विधायकों- मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओ पी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल बाजपेयी, जितेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता ने अपने निलंबन को चुनौती देते हुए पिछले महीने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

### दक्षिणी दिल्ली में व्यक्ति ने खुद को मारी गोली

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के नेब सराय इलाके में 38 वर्षीय व्यक्ति ने अपने दोस्त के घर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले की हत्या समेत सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान भरत सचदेवा के रूप में हुई है जो पेशे से एक ऑटो-रिक्शा चालक था। हाल ही में उसकी नौकरी छूट गई थी। भरत के पिता ने हालांकि आरोप लगाया है कि उनके बेटे की हत्या की गई है।

### स्पेनिश महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार अन्य पांच आरोपी गिरफ्तार

**दुमका।** झारखंड में दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र में बीते दिन स्पेन की रहने वाली महिला की लज्जा भंग करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को पांच अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खैरवार ने मंगलवार देर शाम को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शर्मसार कर देने वाली इस घटना पर त्वरित कार्रवाई कर पुलिस ने संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीररता को देखते हुए गहन छानबीन कर रही है।

# शरद पवार ने सीबीआई जांच संबंधी याचिका को दी चुनौती

मुंबई, एजेंसी

**निर्माण करने की अवैध अनुमति देने का मामला**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने पुणे के लवासा में एक निजी हिल स्टेशन का निर्माण करने की कथित अवैध अनुमति देने के लिए उनके, उनकी बेटी सुप्रिया सुले और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

राकांपा (शरदचंद्र पवार) अध्यक्ष ने अधिवक्ता जोएल कार्लोस के माध्यम से दायर आवेदन में एक वकील की जनहित याचिका में प्रतिवादी बनाये जाने की मांग की है ताकि वह याचिका के खिलाफ अपनी दलील पेश कर सकें। अधिवक्ता नानासाहेब जाधव ने पिछले साल पीआईएल दायर कर अनुरोध किया था कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को कथित अनियमितताओं के मामले में तीनों के खिलाफ और राज्य सरकार के कुछ अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया जाए।

# निर्वाचन आयोग ने राहुल को दी सतर्क रहने की सलाह

नई दिल्ली, एजेंसी

**प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ टिप्पणी का मामला**

● जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करने का निर्देश

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 'पनौती' और 'जेबकतरा' संबंधी बयानों के मद्देनजर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने सार्वजनिक बयानों में अधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने को कहा है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पिछले साल दिसंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने गांधी से कहा कि वह स्टार प्रचारकों और राजनीतिक नेताओं के लिए जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करें। एक मार्च को जारी परामर्श में आयोग ने चेतावनी दी थी कि दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के लिए सिर्फ 'नैतिक निंदा' के बजाय कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पूर्व में नोटिस मिल चुके हैं, उन्हें बार-बार आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस नेता की ओर से प्रधानमंत्री के लिए 'पनौती' और 'जेबकतरा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर आयोग ने पिछले साल गांधी को नोटिस जारी किया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 21 दिसंबर को आयोग से इन टिप्पणियों के लिए गांधी को जारी किए गए नोटिस पर फैसला करने के लिए भी कहा था, जिसमें कहा गया था कि नवंबर 2023 में दिए गए एक भाषण के दौरान कांग्रेस नेता द्वारा दिया गया बयान 'अरुचिकर' (नॉट इन गुड टेस्ट) था।

### आदिवासियों को वनवासी कहना उनका सबसे बड़ा अपमान



**बदनावर (धार)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज आदिवासियों के बीच बिना किसी का नाम लिए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने आदिवासियों को वनवासी कहना शुरु कर दिया है और ये आदिवासियों का सबसे बड़ा अपमान है। श्री गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मध्यप्रदेश के धार जिले के बदनावर में आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी उपस्थित रहे। सभा में बड़ी संख्या में मौजूद आदिवासियों को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत राज्य के सीधी कांड का संदर्भ देते हुए की। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा ऐसी ही है। भाजपा सिर्फ आदिवासियों के साथ नहीं, दलितों और गरीब पिछड़ों के साथ भी ऐसा ही व्यवहार करती है। भाजपा के लोग सभी जगह कमजोरों का अपमान करते हैं।

### स्टालिन, शेखर बाबू और ए राजा के खिलाफ याचिकाएं खारिज

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्रियों- उदयनिधि स्टालिन और पी के शेखर बाबू एवं सांसद ए राजा के खिलाफ एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों की ओर दायर की गईं याचिकाओं पर 'अधिकार पृच्छा' रिट जारी करने से इनकार कर दिया। एक हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों ने इन नेताओं द्वारा सनातन धर्म के विरुद्ध कथित रूप से टिप्पणी करने के बाद पद पर बने रहने पर सवाल उठाए थे। याचिकाओं में सवाल किया गया था कि किस अधिकार से वे सरकारी पदों पर बने हुए हैं। न्यायमूर्ति अनीता सुमंत ने हिंदू मुन्नानी के दो पदाधिकारियों तथा एक अन्य व्यक्ति की ओर से दायर याचिकाओं का निस्तारण कर दिया।

# मुख्य संदिग्ध के बारे में जानकारी देने पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

● एनआईए ने कैफे विस्फोट के मामले में की घोषणा




राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट के मामले में संदिग्ध बम हमलावर की जानकारी देने पर 10 लाख रुपये के नकद इनाम की बुधवार को घोषणा की। एनआईए ने 'एक्स' पर संदिग्ध बम हमलावर की तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह टोपी, मास्क और चश्मा लगाकर कैफे के अंदर दाखिल होते हुए दिख रहा है।

एनआईए ने फोन नंबर और ईमेल आईडी साझा करते हुए कहा है कि इनके माध्यम से लोग इस अज्ञात व्यक्ति के बारे में सूचना भेज सकते हैं। यह अज्ञात व्यक्ति को हमले को अंजाम देने वाला माना जा रहा है। एनआईए ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। कैफे में विस्फोट की जांच इस सप्ताह के प्रारंभ में एनआईए को सौंपी गयी थी। एक मार्च को पूर्वी बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे के अंदर विस्फोट होने से कम से कम दस लोग घायल हो गये थे। संदेह है कि आईईडी के माध्यम से यह विस्फोट किया गया। धमाके के शीघ्र बाद कर्नाटक पुलिस ने कठोर गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

**गृह मंत्री परमेश्वर बोले- पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले :** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि एक मार्च को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और वह गुत्थी सुलझाने के करीब पहुंच रही है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि पुलिस को पिछले दो दिन में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। परमेश्वर ने कहा कि हमारे अधिकारी (मामले को सुलझाने के लिए) करीब पहुंच रहे हैं। कल और परसों कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिसे हमने बहुत गंभीरता से लिया है।

# फिट और उपलब्ध होने पर घरेलू क्रिकेट खेलना अहम: रोहित

## बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से किया गया था बाहर



धर्मशाला, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बनाने वाले खिलाड़ी खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रखें, बशर्ते 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें 'अनफिट' घोषित न किया हो।

बीसीसीआई ने अनुबंधित क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सलाह दी थी और रणजी खेलने के बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी पर इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंधित पूल से बाहर कर दिया था। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट से पूर्व रोहित ने स्पष्ट किया कि यह कदम सभी पर लागू होता है। रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों को खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध कराना होगा जब तक कि उन्हें चिकित्सा समूह से प्रमाण पत्र नहीं मिल जाए उन्हें आराम की जरूरत है। अगर आप उपलब्ध हैं, आप फिट हैं, अगर आप ठीक हैं, तो यह अहम है कि हम जाएं और खेलें। रोहित धर्मशाला टेस्ट की तैयारी में व्यस्त हैं लेकिन फिर भी उन्हें रणजी के सेमीफाइनल को देखने का समय मिला है, जिसमें उनकी अपनी घरेलू टीम मुंबई ने भाग लिया था। उन्होंने कहा कि आपने इस सप्ताह खेली गई रणजी देखी। मैंने मुंबई और तमिलनाडु का मुकाबला देखा। मुझे लगता है कि विदर्भ ने जीत हासिल की। कप्तान ने कहा कि जब इस तरह के मुकाबले होते हैं तो आप देखते हैं कि गुणवत्ता और हर चीज सबके सामने आ जाती है।

### अश्विन की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम

**धर्मशाला।** कप्तान रोहित शर्मा ने 100वें टेस्ट मैच खेलने की तैयारी में लगे रविचंद्रन अश्विन को दुर्लभ प्रतिभा का खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि इस ऑफ स्पिनर की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम होगी। भारत 5 मैच की श्रृंखला में पहले ही 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर चुका है तथा इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच के परिणाम का श्रृंखला के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन यह मैच अश्विन और इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का 100वां टेस्ट होगा। रोहित ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए 100 टेस्ट खेलना बड़ी उपलब्धि होती है। वह हमारे लिए मैच विजेता खिलाड़ी रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 5-7 वर्षों में उसके प्रदर्शन को देखिए। प्रत्येक श्रृंखला में उसने योगदान दिया है। उस जैसे खिलाड़ी दुर्लभ होते हैं। अश्विन के नाम पर टेस्ट में 507 विकेट दर्ज हैं। भारतीय कप्तान ने रजत पाटीदार का भी समर्थन किया। रोहित ने कहा कि पाटीदार योग्य खिलाड़ी है। मैं उसे पसंद करता हूं। मैं उसे एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में देखता हूं। हमें उसे कुछ और समय देना होगा। रोहित ने कहा कि टीम की मुश्किल परिस्थितियों में वापसी करने की क्षमता असाधारण है।

# मूनी और लॉरा के अर्धशतक, गुजरात ने आरसीबी को 19 रनों से हराया



नई दिल्ली, एजेंसी

सलामी बल्लेबाजों कप्तान बेथ मूनी और लॉरा वोलवार्ट के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से गुजरात जाइंट्स ने महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 19 रन से हराकर पहली जीत दर्ज की।

मूनी (51 गेंद में 12 चौके, 1 छक्के से नाबाद 85 रन) और लॉरा वोलवार्ट (45 गेंद में 76 रन, 13 चौके) की पहले विकेट की 140 रन की साझेदारी से गुजरात ने 5 विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में आरसीबी 8 विकेट पर 180 रन ही बना सकी। आरसीबी की जॉर्जिया वेयरहैम ने 22 गेंद में 6 चौके और 2 छक्के से 48 रन बनाए। रिचा घोष (30), स्मृति मंधाना (24), एलिस पैरी (24) और सोफी डिवाइन (23) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाईं। गुजरात की एशलेग गार्डनर ने 2 विकेट लिए। कप्तान स्मृति मंधाना ने बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर को दो छक्के और 1 चौका मारा लेकिन ऐशलेग ने उन्हें पगबाधा कर दिया। टीम ने पावर प्ले में 1 विकेट पर 39 रन बनाए। एस मेघना (13 गेंद में 4 रन) रन आउट हुईं। डिवाइन ने मन्नत कश्यप की गेंद पर टीम का अर्धशतक पूरा किया और फिर मेघना सिंह की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया।

## खेल डायरी

### विदर्भ रणजी फाइनल में, अब मुकाबला मुंबई से

**नागपुर, एजेंसी।** तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे और यश ठाकुर की गेंदबाजी से विदर्भ ने बुधवार को मध्य प्रदेश को 62 रन से हराकर रणजी के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना 41 बार के चैंपियन मुंबई से होगा। मध्य प्रदेश ने मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 228 रन से आगे बढ़ाई। तब वह लक्ष्य से 93 रन पीछे था लेकिन ठाकरे और ठाकुर (दोनों दो-दो विकेट) की तेज गेंदबाजी के सामने उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए और टीम 258 रन पर आउट हो गई। यह तीसरा अवसर है जबकि विदर्भ ने रणजी फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले दोनों अवसरों पर वह चैंपियन बना था। उसने 2017-18 में दिल्ली और 2018-19 में सौराष्ट्र को हराया था। मध्य प्रदेश 2021-22 का रणजी चैंपियन है। उसके सामने 321 रन का लक्ष्य था तथा 6 विकेट गंवाने के बावजूद उसके पास जीतने का मौका था लेकिन उसके निचले क्रम के बल्लेबाज नहीं चल सके। ठाकरे ने कल के अविजित बल्लेबाज कुमार कार्तिकेय को बोल्ड करके उन्हें खाता भी नहीं खोलना दिया। ठाकरे ने अनुभव अग्रवाल (0) को भी बोल्ड करके मध्य प्रदेश का स्कोर 8 विकेट पर 234 रन कर दिया। सारांश जैन (25) ने कुछ देर तक संघर्ष किया। ठाकुर ने उनको बोल्ड करके विदर्भ की जीत तय की।

### इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट
### अंतिम क्वालीफाइंग राउंड में हारे नागल

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम क्वालीफाइंग दौर में द. कोरिया के सियोंग चान होंग से हार गए। मंगलवार को खेले गए इस मैच में नागल को 6-2, 2-6, 6-7 (4-7) से हार का सामना करना पड़ा। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले अमेरिका के खिलाड़ी स्टीफन डोस्टानिक को सीधे सेटों में हराया था। क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हारने के बावजूद नागल को 10 रैंकिंग अंक और 14400 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। नागल इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे।

### एमबापे के दो गोल की मदद से पीएसजी क्वार्टर फाइनल में

**सैन सेबेस्टियन (स्पेन), एजेंसी।** किलियन एमबापे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने रीयाल सोसिडाड को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पीएसजी की जीत में दोनों गोल एमबापे ने किए जिससे उनकी टीम 4-1 के अंतर से जीत गई। पीएसजी ने पहले दौर का मैच 2-0 से जीता था और उसमें भी एमबापे ने एक गोल किया था। एमबापे पहले ही कह चुके हैं कि पीएसजी के साथ यह उनका अंतिम सत्र होगा। पीएसजी ने अभी तक चैंपियंस लीग का खिताब नहीं जीता है। वह 2020 में उपविजेता रहा था जबकि 2021 में उसने सेमीफाइनल ने जगह बनाई थी। इस बीच म्यूनिख में खेले मैच में बायर्न म्यूनिख ने हैरी केन के दो गोल से लाजियो को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ी होंगे सरकारी नौकरी के पात्र: अनुराग ठाकुर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी मिलेगी। ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया पैरा गेम्स और खेलो इंडिया विंटर गेम्स के सभी खेलों के खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में मौका मिलेगा। खेल मंत्री ने एक्स पर लिखा, हमारे प्रधानमंत्री के अनुरूप एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र के दृष्टिकोण को जमीनी स्तर पर प्रतिभा का पोषण करना और खेल को आकर्षक और व्यवहार्य करियर विकल्प में बदलना। खेलो इंडिया एथलीट अब सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, इंडिया स्पोर्ट्स के परामर्श से यह अभूतपूर्व कदम अब खेलो इंडिया गेम्स- यूथ, यूनिव से पदक विजेताओं की सरकारी नौकरियों के लिए पात्रता बढ़ाता है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न खेलों में समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए खेलों और आयोजनों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। ये संशोधित नियम भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने में हमारे एथलीटों का समर्थन करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक हैं।

# मैच को यादगार बनाने उतरेगा भारत जीत संग स्वदेश जाना चाहेगा इंग्लैंड

## भारतीय ऑफ स्पिनर अश्विन और इंग्लैंड के बेयरस्टो खेलेंगे अपना 100वां टेस्ट मैच

धर्मशाला, एजेंसी



तीन मैच में जीत से श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को अपने स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए यादगार बनाने की कोशिश करेगी जिनका यह 100वां मैच होगा। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां मैच होगा और उनकी टीम भी जीत के साथ अभियान का समापन करने को प्रतिबद्ध है।

भारत ने रांची में चौथा टेस्ट जीत कर घरेलू धरती पर शानदार रिकार्ड बरकरार रखा। अब भारत की निगाह श्रृंखला 4-1 से जीत कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचने की है। वहीं, यहां की पिच और मौसम को देखकर इंग्लैंड को घरेलू धरती पर होने का अहसास हो रहा है। मैच के पहले दो दिन तापमान 10 डिग्री तक रहने की संभावना है। मैच की पूर्व संध्या पर पिच सपाट नजर आ रही है लेकिन नमी से शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, लेकिन स्पिनरों की भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता है।

हाल में यहां खेले गए रणजी मैचों में टीमों ने कई बार 300 रन से अधिक का स्कोर बनाया। बड़ौदा ने एक मैच में 482 रन बनाए जो वर्तमान सत्र में इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर है। हालांकि भारत के दो तेज गेंदबाजों और तीन स्पिनरों के साथ उतरने की संभावना है। जसप्रीत बुमराह की वापसी से भारतीय आक्रमण मजबूत हुआ है। मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी और अश्विन, जडेजा और कुलदीप के कंधों पर स्पिन की जिम्मेदारी होगी। कुलदीप ने 2017 में इसी मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। केएल राहुल ने अभी तक पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं की है और ऐसे में रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। टीम में जगह बनाए रखने के लिए यह उनके पास आखिरी मौका हो सकता है।

भारतीय टीम प्रबंधन के पास मध्यक्रम में देवदत्त पडिक्कल के रूप में एक अन्य विकल्प है। सरफराज खान ने राजकोट में पहले मैच में शानदार बल्लेबाजी की थी लेकिन रांची में उनका बल्ला नहीं चला था और वह उसकी भरपाई यहां करना चाहेंगे। यशस्वी जायसवाल एक और बड़ी पारी खेल कर किसी एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बनने की कोशिश करेंगे। केवल सुनील गावस्कर के नाम यह उपलब्धि हैं।

**मैच : सुबह 9.30 बजे से**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

**इंग्लैंड :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन, शोएब बशीर।

# धर्मशाला की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल: स्टोक्स

धर्मशाला, एजेंसी



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने धर्मशाला की पिच को पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल बताया और यही मुख्य कारण है कि उन्होंने भारत के खिलाफ शुरू होने वाले टेस्ट के लिए एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को टीम में नहीं चुना।

धर्मशाला में सामान्य से अधिक ठंड होने से गेंदबाजों की दिलचस्पी बनी रहती है लेकिन पिच पर कोई घास नहीं छोड़े जाने से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। इंग्लैंड ने अंतिम एकादश में ओली रोबिन्सन की जगह मार्क वुड को लिया है। स्टोक्स ने कहा कि यहां पहुंचने से पहले हम सोच रहे थे कि आक्रमण में 3 तेज गेंदबाज और 1 स्पिनर शामिल होगा लेकिन फिर जब हमने विकेट देखा और आज इसे फिर से देखा तो मुझे लगता है कि दो तेज गेंदबाजों और दो स्पिनरों के साथ जाना शायद सही होगा।

उन्होंने कहा कि हमें लगा कि हम जहां हैं, उसके कारण शायद विकेट पर थोड़ी घास होगी लेकिन विकेट बल्लेबाजी के अनुकूल दिखता है इसलिए दो तेज गेंदबाजों को खेलना और फिर भी बैश (शोएब बशीर) तथा टॉम (हार्टले) के होने से हमें एक अच्छा मिश्रण मिलता है। मैं इस बारे में थोड़ा अनिश्चित हूं कि जैसे-जैसे टेस्ट आगे बढ़ेगा तो क्या होगा। इंग्लैंड ने स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में शुरू हुए 'बैजबॉल' युग में पहली बार टेस्ट श्रृंखला गंवाई है।

### इंग्लैंड ने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों पर लगाया दांव

**धर्मशाला।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजी के साथ स्पिनरों को टीम में तरजीह दी है। इंग्लैंड की टीम और प्रबंधन ने बुधवार को पिच का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद उन्होंने टीम में एक बदलाव करते हुए तेज गेंदबाजों को कल होने वाले मैच में खिलाने के लिए ओली रॉबिन्सन की जगह मार्क वुड प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। इंग्लैंड ने कल के टेस्ट के लिए स्पिनर टॉम हार्टले और शोएब बशीर को टीम में बरकरार रखने का फैसला किया। हालांकि चौथे टेस्ट में 70 ओवर के दौरान बशीर की उंगली में चोटिल हो गई थी।

# केवल 'वास्तविक' पहलवानों को ही ट्रायल्स में भाग लेने देगा महासंघ

नई दिल्ली, एजेंसी

कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने स्पष्ट किया है कि वह 10 मार्च से शुरू होने वाले दो दिवसीय चयन ट्रायल्स में केवल उन्हीं पहलवानों को भाग लेने की अनुमति देगा जो अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। डब्ल्यूएफआई ने पहलवानों को एक से अधिक वजन वर्गों में प्रतिस्पर्धा की अनुमति का भी फैसला किया है। डब्ल्यूएफआई ने लिखा कि जयपुर में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहलवान अपने राज्य की वास्तविकता की पुष्टि करने के लिए डब्ल्यूएफआई की लाइसेंस बुक, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लेकर आएंगे। हरियाणा के कई पहलवानों ने जयपुर में तदर्थ समिति द्वारा कराई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अरुणाचल और सिक्किम का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने कहा कि सिक्किम और अरुणाचल मान्यता प्राप्त इकाइयां नहीं है। हम किसी को प्रतिस्पर्धा से नहीं रोक सकते हैं लेकिन पहलवान को अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करना होगा। अगर अरुणाचल का कोई पहलवान ट्रायल्स में आता है तो हम उसे भाग लेने की अनुमति देंगे।

# शबनीम ने महिला क्रिकेट में सबसे तेज गेंद फेंकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 130 किमी से अधिक की रफ्तार से द. अफ्रीका की तेज गेंदबाज ने डाली गेंद




द. अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंककर नया इतिहास रचा। गेंद की रफ्तार नापने वाली मशीन 'स्पीड गन' आने के बाद यह पहला अवसर है जबकि महिला क्रिकेट में किसी गेंदबाज ने 130 किमी से अधिक की रफ्तार से गेंद की।

डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस से खेलते हुए इस्माइल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान 132.1 किमी (80.08 मील) प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करके नया रिकॉर्ड बनाया। महिला क्रिकेट की यह सबसे तेज गेंद ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग के पैड से टकराई। यह तीसरे ओवर की दूसरी गेंद थी। मुंबई के खिलाड़ियों ने पगबाधा की अपील की लेकिन अंपायर ने ठुकरा दिया। द. अफ्रीका से महिला टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली इस्माइल ने पिछले साल घरेलू धरती पर खेली गई इस प्रतियोगिता के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने 2022 में महिला विश्व कप के दौरान दो बार 127 किमी की रफ्तार से गेंद की थी। इस्माइल ने कहा कि जब मैं गेंदबाजी करती हूं तो वास्तव में बड़ी स्क्रीन की तरफ नहीं देखती हूं। इस्माइल हालांकि इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई तथा उन्होंने 4 ओवर में 46 रन देकर 1 विकेट लिया।

## बॉलीवुड हलचल

# अजय देवगन की फिल्म मैदान का पोस्टर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर मैदान का पोस्टर शेयर किया, जिसमें उन्हें युवाओं को गले लगाते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर में टैगलाइन है 'एक आदमी, एक विश्वास, एक भावना और एक राष्ट्र'। अजय देवगन ने पोस्टर के कैप्शन में लिखा, एक व्यक्ति, एक टीम, एक राष्ट्र और उस अटूट विश्वास का गवाह बनें, जिसने फुटबॉल के इतिहास पर एक अविश्वसनीय छाप छोड़ी। फिल्म में प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद पर रिलीज होने वाली है।

### योद्धा के लिए सिद्धार्थ ने की कड़ी मेहनत



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने फिल्म योद्धा के लिए कड़ी मेहनत की है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। योद्धा में सिद्धार्थ आर्मी जवान हैं। फिल्म में कई एक्शन दृश्य हैं। कोरियोग्राफर क्रेग मैक्रै ने चाकू की तकनीक और हाथ से हाथ का मुकाबला डिजाइन किया है। सिद्धार्थ की छह महीने की तैयारी में फिटनेस आहार भी शामिल था। पुष्कर ओझा ने कहा कि हमने बेहतरीन विवरण के साथ स्टोरीबोर्ड किया। फिर, फाइट कोरियोग्राफर हमारे साथ बैठा और इसमें जोड़ा। जब सिद्धार्थ ने दृश्य में प्रवेश किया, तो उन्होंने सबसे पहले मॉक सेट पर एक्शन किया। निर्देशक सागर आम्ब्रे का कहना है कि उन्होंने सिद्धार्थ के किरदार अरुण को पारिवारिक व्यक्ति के रूप में गढ़ा है। अरुण सच्चे सैनिक हैं।

# देवरा-भाग 1 में जाह्नवी कपूर का नया लुक



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'देवरा' से उनका लुक रिलीज कर दिया गया है। 'देवरा : भाग 1' में मैन ऑफ मास एनटीआर जूनियर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार जाह्नवी कपूर आज अपना जन्मदिन मना रही हैं और उन्हें विश्व स्तर पर शुभचिंतकों और नेटिज़न्स से प्यार मिल रहा है। आज विशेष अवसर को चिह्नित करते हुए, 'देवरा : पार्ट 1' के निर्माताओं ने जाह्नवी कपूर को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और एक नए पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें जाह्नवी 'थंगम' के किरदार में नजर आ रही हैं। निर्माताओं ने लिखा, हमारी प्यारी थंगम, जाह्नवी कपूर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! जाह्नवी ने इसे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया और लिखा, सेट पर वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती, कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है, जिसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। देवरा का पहला भाग 10 अक्टूबर 2024 को देश भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

### रामचरण संग आरसी 16 में होंगी जाह्नवी


**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों के स्टार रामचरण के साथ फिल्म आरसी 16 में नजर आएगी। जाह्नवी कपूर का आज जन्मदिन है। इस खास दिन पर जाह्नवी कपूर की एक फिल्म की अनाउंसमेंट भी हुई है, जिसमें वह राम चरण के साथ नजर आएंगी। वृद्धि सिनेमा प्रोडक्शन कंपनी और मैत्री मूवी मेकर्स ने जाह्नवी की एंट्री आरसी 16 में कन्फर्म की है। यह फिल्म पैन इंडिया लेवल पर रिलीज होगी। इस फिल्म को सुकुमार ने लिखा है और एआर रहमान ने संगीत तैयार किया है।

# जीनत बोलीं- मेरे बिना मेरी बायोपिक बनाना मूर्खता



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जीनत अमान ने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है जीनत सोशल मीडिया पर लगातार फैंस को अपना अपडेट देती रही हैं। जीनत ने इंस्टाग्राम पर अपनी पुरानी फोटो शेयर की और इसी के साथ मैसेज भी लिखा। इसमें उन्होंने अपनी बायोपिक की ख्वाहिश जाहिर की है। जीनत ने कैप्शन में लिखा, हो सकता है कि आप इसे एक बूढ़ी औरत की शिकायत कहकर खारिज कर दें, लेकिन मेरी राय में, मुझे शामिल किए बिना मेरे बारे में बायोपिक बनाना मूर्खता होगी। बिल्कुल स्पष्ट रूप से, कोई भी मुझे उस तरह नहीं जानता जैसे मैं जानती हूं। इसलिए इस संबंध में कोई भी शोध मेरे इनपुट के बिना अधूरी, यहां तक कि त्रुटिपूर्ण भी होगा। मैं शर्त लगाती हूं कि मेरे बारे में सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हर तथ्य के लिए सैकड़ों और तथ्य हैं जो केवल मुझे पता हैं। यहां बहुत सारे मील के पत्थर, उपाख्यान और व्यक्तिगत रहस्योद्घाटन हैं जो मेरी यात्रा को समझने के लिए अभिन्न अंग हैं। यह वास्तव में एक दिलचस्प जीवन रहा है। जीनत ने लिखा, संभावित बायोपिक को लेकर मेरी बात हुई है और मैं खुद धीरे-धीरे इस विचार पर विचार कर रही हूं। क्या ऐसा होगा? कौन जानता है? मेरी बायोपिक के लिए संवेदनशील निर्देशक, बहादुर लेखक, बेदाग कलाकार की जरूरत होगी...!

### बिग गर्ल्स डोंट क्राई का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो की नई सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' एक गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल की कहानी है और इसमें सारे मुख्य किरदार यंग लड़कियां हैं। यह सीरीज नित्या मेहरा द्वारा बनाई गई है और इसका निर्देशन सुधांशु सरिया, करण कपाड़िया और कोपल नैथानी के साथ नित्या ने किया है। बिग गर्ल्स डोंट क्राई ट्रेलर' का ट्रेलर 'वंदना वैली' स्कूल में बोर्डिंग लाइफ की झलक दिखाता है, जहां 7 लड़कियों का एक ग्रुप स्कूल पर शासन करने के इरादे से अपने आखिरी साल की तैयारी कर रहा है। एक लड़की, काव्या यादव दोस्त बनाने और जीवन जीने की उम्मीद में स्कूल में आती है, लेकिन जल्द ही उसे पता चल जाता है कि यहां के माहौल में ढलने के लिए उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' 14 मार्च से अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### रूस में भारतीय नागरिक की मौत भारतीय दूतावास ने दी जानकारी

**मॉस्को।** रूस में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। भारतीय दूतावास ने बताया है कि मृतक की पहचान मोहम्मद असफान के रूप में हुई है। हालांकि दूतावास ने उसकी मौत की परिस्थितियों के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। फिलाहल दूतावास अधिकारी भारत भेजने की तैयारी कर रहें है। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय नागरिक असफान की मृत्यु के बारे में पता चला है। हम परिवार और रूसी अधिकारियों के संपर्क में हैं। मिशन उनके शव को भारत भेजने का प्रयास करेगा। मीडिया में आईं खबरों मुताबिक रूसी सेना में सुरक्षा सहायक के रूप में भर्ती किए गए कई सीमावर्ती क्षेत्रों में लड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

### रूस-चीन चंद्रमा पर परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की बना रहे योजना

मॉस्को। रूस और चीन अगले दशक में चंद्रमा पर परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की परियोजना पर विचार कर रहे हैं। अंतरिक्ष उड़ानों और अनुसंधान के लिए जिम्मेदार रोस्कोस्मोस के सीईओ यूरी बोरिसोव ने कहा कि इस तरह के मिशन को स्वचालित रूप से अंजाम दिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तकनीकी समाधान लगभग तैयार हैं। बोरिसोव ने कहा कि हम 2033 और 2035 के बीच अपने चीनी भागीदार के साथ संयुक्त रूप से चंद्रमा तक पहुंचने और वहां एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की परियोजना पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

### नेपाल के त्रिशूली नदी में गिरी यात्री बस, सात की मौत

काठमांडू। नेपाल के बागमती प्रांत में बुधवार तड़के एक यात्री बस के नदी में गिर गई। घटना में महिला समेत सात लोगों की मौत हुई है, जबकि 30 अन्य घायल हुए हैं। नेपाल की मीडिया के मुताबिक काठमांडू जा रही यात्री बस पर घाटबेसी इलाके में चालक नियंत्रण नहीं रख सका, बस त्रिशूली नदी में गिर गई। धाडिंग जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौतम केसी ने कहा दुर्घटना में सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल सेना के साथ स्थानीय लोगों ने बचाया। घायलों को बचा लिया गया और स्थानीय स्वास्थ्य सुविधा में प्राथमिक उपचार के बाद आगे के इलाज के लिए काठमांडू ले जाया गया।

### छत्तीसगढ़ सरकार एनआईए की तर्ज पर एसआईए का गठन करेगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में कृषक उन्नति योजना शुरू करने,मीसा बन्दियों को दी जाने वाली सम्मान निधि को फिर से बहाल करने तथा एनआईए की तर्ज पर राज्य इनवेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) के गठन का निर्णय लिया हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रि परिषद की बैठक में राज्य के किसानों की आय, फसल उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने और फसल की कास्त लागत में कमी करने के उद्देश्य से कृषक उन्नति योजना को मंजूरी दी गई।

## सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में द. कोरिया के साथ भारत में हो विस्तार: एस जयशंकर

**सियोल, एजेंसी**



दक्षिण कोरिया के सियोल में राष्ट्रीय संग्रहालय में भारत की बौद्ध कला प्रदर्शनी को देखते जयशंकर।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत दक्षिण कोरिया के साथ महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करना चाहता है ताकि द्विपक्षीय संबंधों को और समकालीन बनाया जा सके।

जयशंकर ने अपने समकक्ष चो ताइ युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह अध्यक्षता करने के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2015 में दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। बता दें, जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की अपनी चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में सोल में हैं। मंत्री ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि हम उस पर खरा उतरें। हम बीते वर्षों में मजबूती से आगे बढ़े हैं। हम एक दूसरे के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण भागीदार बन गए हैं। हमारे द्विपक्षीय आदान-प्रदान, व्यापार, निवेश, रक्षा और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग सभी ने सहयोग के पारंपरिक क्षेत्रों में गति बनाए रखते हुए एक स्थिर विकास देखा है।

### हमारे बीच काफी अच्छे रिश्ते

जयशंकर ने कहा, मैंने बहुत उम्मीदों के साथ संयुक्त आयोग से संपर्क किया था। मैं जानता हूं कि हमारे बीच काफी अच्छे रिश्ते हैं। हमारी चुनौती इसे व्यावहारिक परिणामों में बदलना है। उन्होंने कहा, हमारे नेताओं ने पिछले साल हिरोशिमा और नई दिल्ली में दो बार मुलाकात की। मुझे लगता है कि उनकी चर्चा ने हमें आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया है।

## राष्ट्रपति चुनाव: ट्रंप और बाइडन की भिड़ंत तय, दौड़ से बाहर हुईं निक्की हेली


वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला होगा। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी 52 वर्षीय निक्की हेली को चुनावी दौड़ से बाहर कर दिया है, लेकिन वह किसी भी अन्य रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी की तुलना में लंबे समय तक 77 वर्षीय ट्रंप के सामने टिकी रहीं।

### पार्टी के समर्थक एकजुट: ट्रंप



डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात को घोषणा की कि रिपब्लिकन के समर्थक उनके पीछे एकजुट है, लेकिन कुछ ही समय बाद एक बयान में हेली के प्रवक्ता ओलिविया पेरेज-क्यूबास ने कहा, केवल यह दावा करने से एकता हासिल नहीं होती है, हम एकजुट हैं। सुपर ट्यूजडे के चुनाव बाद ट्रंप के पास 893 डेलीगेट हो गए हैं, जबकि हेली को 66 डेलीगेट का समर्थन है। पार्टी उम्मीदवारी के लिए कम से कम 1215 डेलीगेट की जरूरत होती है। परेज क्यूबास ने कहा कि आज एक के बाद एक राज्य में रिपब्लिकन प्राथमिक मतदाताओं का एक बड़ा समूह बना हुआ है, जो डोनाल्ड ट्रंप के बारे में गहरी चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

### डेमोक्रेट प्राइमरी चुनावों में राष्ट्रपति बाइडन की बल्ले-बल्ले



जो बाइडन को प्राइमरी चुनाव में किसी भी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने अभी तक सभी डेमोक्रेट प्राइमरी चुनावों में कामयाबी हासिल की। जिसका मतलब साफ है कि डेमोक्रेटिक नामांकन के लिए बाइडन के सामने अन्य नेता मैदान में नहीं है। ऐसे में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन के सामने ट्रंप एक बार फिर से देखे जा सकेंगे।

### किसने कितना फंड जुटाया

राष्ट्रपति बाइडन ने प्रचार फंड में सितंबर तक 590 करोड़ रुपये जुटाए हैं। उनका औसतन दान 40 डॉलर (3324 रुपये) का था और 97% दानदाताओं ने 200 डॉलर (16621 रुपये) से कम पैसे दिए थे। वहीं, ट्रंप ने पिछले 9 महीनों में 598 करोड़ रुपये जुटाए हैं। दूसरी तरफ निक्की हेली का फंड 340 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

### हेली राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की रेस से पीछे हटी



हेली के करीबी ने बताया है कि, उन्होंने फैसले की पुष्टि की कि राष्ट्रपति पद के लिए अपना नाम वापस ले रहीं है। हेली उदारवादी रिपब्लिकन और स्वतंत्र मतदाताओं के गठबंधन का समर्थन अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। बता दें फरवरी 2023 में रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति बनने की रेस में ट्रंप के खिलाफ वह सामने आई थी। गौरतलब है कि निक्की हेली के पीछे हटने की चर्चाओं के बाद ट्रंप का रिपब्लिकन से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने का रास्ता साफ हो गया है।

## भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वे नवीनीकरण नहीं करेगा मालदीव

### मुइज्जू बोले-जलीय सीमा में खुद ही सर्वेक्षण करेंगे, इसके लिए सरकार बना रही योजना

**माले, एजेंसी**

भारत और मालदीव के बीच राजनयिक तनाव बना हुआ है। ऐसे में माले ने नई दिल्ली को एक और झटका देते हुए मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वे को समाप्त करने का मन बनाया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को रिन्यू नहीं किया जाएगा।

राष्ट्रपति मुइज्जू ने एलान किया कि भारत के साथ मालदीव हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को रिन्यू नहीं किया जाएगा और इस अभ्यास के लिए आवश्यक सुविधाओं और मशीनों को हासिल करने की योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने कहा, पिछले साल चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद से भारत-मालदीव संबंधों को झटका लगा है। नवंबर 2023 में शपथ लेने के कुछ घंटों बाद ही मुइज्जू ने मालदीव की संप्रभुता सुनिश्चित करने की कसम खाई और पहला कदम उठाते हुए भारत से अपने सभी सैनिकों को वापस लेने की मांग करने लगा। मुइज्जू ने यह एलान एक चीनी रिसर्च जहाज 'जियांग यांग होंग 03' माले के आसपास तकरीबन एक सप्ताह का वक्त गुजारने के कुछ दिनों बाद किया। मुइज्जू ने सोमवार को जिन द्वीपों का दौरा किया था उनमें से एक पर एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मालदीव का रक्षा मंत्रालय स्वयं ही हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के लिए जरूरी सुविधाएं हासिल करने की कोशिशों में जुटा हुआ है। गौरतलब है कि मुइज्जू की हालिया घोषणा को चीनी अनुसंधान पोत की गतिविधि से भी जोड़ा जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण मामले में मुइज्जू का बयान चीनी पोत के माले के आसपास लगभग एक सप्ताह और मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के ठीक बाहर एक महीने से अधिक समय बिताने के कुछ दिनों बाद आई है।

### पूर्ववर्ती सरकार ने किया था भारत से समझौता



तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के नेतृत्व में प्रशासन ने मालदीव के पानी के नीचे की विशेषताओं का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण कराने के लिए भारत सरकार के साथ एक समझौत पर दस्तखत किए थे, लेकिन मौजूदा राष्ट्रपति ने इस समझौते को रिन्यू करने से इनकार करते हुए कहा कि हम अपने पानी के भीतर की विशेषताओं के बारे में खुद ही सभी जानकारियां हासिल करेंगे और चार्ट तैयार करेंगे।

### जरूरी मशीन अपने स्तर से हासिल कर रही मालदीव सरकार

खबरों के मुताबिक मालदीव का रक्षा मंत्रालय हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के लिए जरूरी मशीन और सुविधाएं अपने स्तर पर हासिल करने के प्रयास कर रहा है। मालदीव की मीडिया ने राष्ट्रपति के हवाले से बयान जारी किया गया। इसके मुताबिक राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि मालदीव को अपनी जलीय सीमा के भीतर खुद ही सर्वेक्षण की अनुमति मिल जाएगी। इसके बाद सरकार समुद्र के भीतर की विशेषताओं के बारे में सभी जानकारियां हासिल कर सकेगी। जानकारी जुटाने के बाद चार्ट तैयार किया जाएगा।

## फांसी से पहले पूर्व पीएम जुल्फिकार भुट्टो का ट्रायल निष्पक्ष नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया कि पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो, जिन्हें 44 साल पहले हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद फांसी दी गई थी, को निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिली। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संस्थापक भुट्टो, जो अब उनके पोते और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी द्वारा संचालित हैं, को 1979 में दिवंगत जनरल जिया-उल-हक के सैन्य शासन के तहत एक मुकदमे के बाद फांसी दे दी गई थी।

मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने फैसले का सीधा प्रसारण करते हुए कहा, हमने नहीं पाया कि निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया की आवश्यकताएं पूरी की गईं। उन्होंने कहा कि यह उनकी अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय पीठ का सर्वसम्मत निर्णय था। यह फैसला भुट्टो जरदारी के पिता आसिफ अली जरदारी द्वारा 2011 में राष्ट्रपति के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान दायर एक न्यायिक संदर्भ के जवाब में आया था। इसमें पीपीपी संस्थापक को दी गई मौत की सजा पर फिर से विचार करने पर शीर्ष अदालत से राय मांगी गई थी।

## सिंगापुर शीर्ष कोर्ट की जज संविधान पीठ में हुई शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- बतौर मेहमान जूडिथ प्रकाश खनिज-खनन पर रॉयल्टी टैक्स को लेकर करेंगी सुनवाई

सिंगापुर सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जूडिथ प्रकाश को बुधवार को भारतीय सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की संविधान पीठ में शामिल किया गया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में नौ जजों की ये पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है कि क्या केंद्र सरकार द्वारा खनिज-खनन पर ली जाने वाली रॉयल्टी को टैक्स माना जा सकता है या नहीं।

जस्टिस जूडिथ प्रकाश संविधान पीठ में बतौर मेहमान जज शामिल की गई हैं। जूडिथ प्रकाश दिल्ली आर्बिट्रेशन वीकेंड में शामिल होने के लिए भारत आई हुई हैं। बुधवार को जस्टिस जूडिथ प्रकाश का स्वागत करते हुए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कुछ महीने पहले सिंगापुर के मुख्य न्यायाधीश सुंदरेश मेनन हमारे साथ थे और जस्टिस जूडिथ प्रकाश हमारे बीच हैं। वे दिल्ली आर्बिट्रेशन वीक में शामिल होने आई हैं, जहां वे संबोधन देंगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और खनिज-खनन पर रॉयल्टी मामले में दलीलें रख रहे वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने भी जस्टिस जूडिथ प्रकाश का स्वागत किया।

### महिलाओं को बड़े पदों पर बढ़ावा देना अहम कदम

महिलाओं से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश हिमा कोहली ने कहा कि महिलाओं को बड़े पदों पर बढ़ावा देना और सम्मेलनों में मुख्य वक्ताओं के रूप में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना, पैनलों में उनका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना अचेतन पूर्वाग्रह पर काबू पाने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बढ़ावा देने से वास्तविक मूल्य को पहचान मिलेगी। न्यायाधीश हिमा कोहली ने कहा कि युवा महिला वकीलों को इंटर्नशिप देने, कानूनी विभागों और सरकारी क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के दरवाजे खोलने से कानून फर्मों, न्यायाधीशों और न्यायाधिकरणों और आयोगों के सदस्यों के रूप में उनके भविष्य में शामिल होने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। कोहली ने कहा कि निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए मध्यस्थों के बीच लिंग आधारित विविधता अनिवार्य है।

### पीएम के स्वागत के लिए तैयार घाटी...



**श्रीनगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सात मार्च को घाटी दौरे पर हैं। पूरे जम्मू-कश्मीर में असाधारण सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पीएम के दौरे से एक दिन पहले झेलम नदी पर गश्त करते मरीन कमांडो। घाटी प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए तैयार है। पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पीएम मोदी की ये घाटी की पहली यात्रा होगी। ● एजेंसी

## अमेरिकी युद्धक जहाजों पर हूती विद्रोहियों का हमला

**दुबई, एजेंसी**



- लाल सागर में बढ़ा तनाव, हूती संगठन के प्रवक्ता ने दी जानकारी

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के दो युद्धक जहाजों को लाल सागर में निशाना बनाने का दावा किया है। हूती संगठन के प्रवक्ता याहया सरेया ने टेलीविजन पर जारी किए गए बयान में ये बड़ा दावा किया है। हूती विद्रोहियों का कहना है कि उन्होंने लाल सागर में अमेरिका के दो युद्धक जहाजों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया। हालांकि अभी तक अमेरिका की तरफ से इसे लेकर कोई बयान सामने नहीं आया है।

इजराइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से ही हूती विद्रोही फिलिस्तीन के समर्थन में अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग रूट पर लाल सागर, अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इन हमलों के चलते कई व्यापारिक फर्म ने अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट की बजाय अपने जहाजों को दक्षिण अफ्रीका के लंबे रूट से भेजना शुरू कर दिया है। इसके चलते दुनिया में महंगाई बढ़ने की आशंका है। साथ ही हूती विद्रोहियों के हमले से इस्राइल हमास युद्ध के पूरे अरब क्षेत्र में फैलने का खतरा बढ़ गया है। अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग रूट की सुरक्षा के लिए अमेरिका ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर निगरानी बढ़ा दी है।

## प्राकृतिक कारणों से हुई थी एलेक्सी नवलनी की मौत

**मॉस्को, एजेंसी**



- मौत पर उपजे अंतर्राष्ट्रीय आक्रोश पर विदेशी खुफिया के निदेशक ने दिया बयान

रूस की विदेशी खुफिया सेवा के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि नेता एलेक्सी नवलनी की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। उनका यह बयान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर विरोधी की मौत पर उपजे अंतर्राष्ट्रीय आक्रोश को शांत करने के क्रेमलिन के प्रयासों को दर्शाता है।

विदेशी खुफिया सेवा के निदेशक सर्गेई नारीश्किन ने एक साक्षात्कार में यह बयान दिया। उन्होंने जेल में नवलनी की मौत का कारण नहीं बताया। लेकिन उन्होंने कहा कि देर-सबेर जीवन समाप्त हो जाता है और लोग मर जाते हैं। उसी तरह नवलनी की मृत्यु भी प्राकृतिक कारणों से हुई है। उन्होंने कहा, नवलनी की 16 फरवरी को मास्को से लगभग 1,900 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित एक जेल में मौत हो गई थी। वह चरमपंथ के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे।

रूसी अधिकारियों ने अब तक उनकी मौत के कारण की घोषणा नहीं की है और कई पश्चिमी नेताओं ने इसके लिए पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, क्रेमलिन ने आरोप को खारिज कर दिया। नवलनी को शुक्रवार को मास्को में दफनाया गया।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में संदिग्ध नक्सलियों ने भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी है। बता दें, पिछले एक साल में प्रभावित इलाकों में भाजपा नेता की यह आठवीं हत्या है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के जांगला थाना क्षेत्र के अंतर्गत भुर्रीपानी गांव के निकट संदिग्ध नक्सलियों ने कैलाश नाग (40) की हत्या कर दी है। पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। जानकारी मिलने पर पुलिस के दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। नाग भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष थे। पुलिस ने कहा आगे की जांच की जा रही है।

## गुजरात दंगों के 22 साल बाद गुलबर्ग सोसाइटी में लौटी रौनक

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- गोधरा कांड के बाद एक परिवार में हुई शादी, सेरेमनी में शामिल हुए स्थानीय लोग

गुजरात में गोधरा कांड के बाद फैले दंगे के दौरान अहमदाबाद की गुलबर्ग सोसाइटी में हिंसा भड़क गई थी। दंगों में 69 लोगों की मौत हुई थी। हिंसा के बाद अधिकतर लोग गुलबर्ग सोसाइटी छोड़कर चले गए थे और यह इलाका वीरान सा हो गया था। अब गुजरात दंगों के 22 साल बाद गुलबर्ग सोसाइटी में पहली बार जश्न मना।


दरअसल यहां एक परिवार में शादी हुई, जिसका हल्दी का कार्यक्रम गुलबर्ग सोसाइटी में आयोजित किया गया। गुलबर्ग सोसाइटी के रहने वाले रफीक मंसूरी की 19 साल की बेटी मिसबाह की बुधवार को शादी है। शादी से पहले रफीक मंसूरी, उनके दोस्त और परिवार के अन्य लोग गुलबर्ग सोसाइटी में इकट्ठा हुए और मिसबाह की हल्दी सेरेमनी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान फिल्मी गानों पर लोगों ने डांस किया और खाना-पीना खाया। रफीक मंसूरी ने बताया कि बीते 22 वर्षों में पहली बार गुलबर्ग सोसाइटी में जश्न मनाया गया, जो कि 2002 के दंगों के बाद से लगभग वीरान पड़ी हुई थी। शादी का समारोह मध्य प्रदेश के बड़वानी में हो रहा है।

रफीक मंसूरी ने बताया कि दंगों के दौरान उन्होंने अपने परिवार को 19 लोगों को खोया था। दंगों के बाद यहां रहने वाले लोग पलायन कर गए थे, जिसकी वजह से गुलबर्ग सोसाइटी वीरान हो गई थी। मंसूरी ने बताया कि जब 2002 में दंगे हुए तो उस वक्त वे 30 साल के थे।

**विज्ञान** जीवन की तलाश की राह महासागरीय बर्फीले ग्रहों की ओर बढ़ी

## शनि व बृहस्पति के उपग्रहों पर मिल सकता है जीवन

**नैनीताल कार्यालय**



बर्फ से ढके बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा की तस्वीर।

**अमृत विचार :** ऐसा कैसे संभव है कि ब्रह्मांड में इकलौता जीवन पृथ्वी पर ही मौजूद है। खगोल वैज्ञानिक ऐसा सोचते हैं। जिस कारण पिछले कई दशकों से ब्रह्मांड में जीवन की तलाश में वैज्ञानिकों का बड़ा समूह जुटा हुआ है।

तलाश की यह राह अब महासागरीय बर्फीले उपग्रहों की ओर बढ़ चली है। शनि का उपग्रह एन्सेलेडस , बृहस्पति का यूरोपा और गेनीमेड पर वैज्ञानिको को यकीन है कि यह तीन उपग्रह बर्फ से ढके हुए हैं और इनकी सतह में महासागर समाए हुए हैं। इन महासागरों में जीवित जीवों के उद्भव की अनुकूल परिस्थितियाँ हो सकती हैं। इन चंद्रमाओं पर जीवन के संकेत मिले है। जिस कारण खगोलविद इन ग्रहों पर खुदाई कर जीवन तलाशने की योजना बना रहे हैं।

पृथ्वी से करोड़ों किलोमीटर दूर इन ग्रहों पर खुदाई का काम बेहद जटिल तकनीकी चुनौती है। इस खोज का आधार अंटार्कटिका की संरचना को बनाया गया है। अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने हालही में कई किमी में फैली अंटार्कटिका की विशाल बर्फ की सिल्लियों का अध्ययन किया है।

जिससे पता चला कि हमारी पृथ्वी पर मौजूद अंटार्कटिका की बर्फ की संरचना शनि व बृहस्पति के उपग्रहों से कई मायनों में समान हैं। जिस कारण इन ग्रहों पर जीवन की संभावना प्रबल नजर आती है और इस दिशा में कड़ी मेहनत के जरिए सफलता हासिल की जा सकती है। वैज्ञानिक इस खोज में लगें हुए है।

### आधुनिक तकनीक के जरिए संभव है जीवन की खोज

खगोलविदों का मानना है कि पिछले पांच दशकों में दिनपरदिन तकनीक में सुधार आते रहे हैं। जिसके चलते ब्रह्मांड में खोज की दिशा में अद्वितीय सफलता हासिल कर चुके हैं। बृहस्पति व शनिग्रह हमसे बहुत दूर नही हैं। इन ग्रहों तक हमारी पहुच है और आधुनिक तकनीक के जरिए मंजिल तक पहुच सकते हैं और एक मुकाम हासिल कर सकते हैं।

## कम बीमार पड़ रहे लॉकडाउन में जन्में बच्चे, शोध में हुई पुष्टि

**डबलिन, एजेंसी**

- आयरलैंड की विवि के शोधकर्ताओं ने किया अध्ययन, बच्चों के पेट में अलग तरह के जीवाणु मिले



लॉकडाउन में पैदा हुए बच्चों का इम्यून सिस्टम पहले पैदा हुए बच्चों से बेहतर है। आयरलैंड की यूनिवर्सिटी कॉलेज कॉर्क के शोधकर्ताओं द्वारा किए अध्ययन में पाया गया कि जो बच्चे लॉकडाउन में पैदा हुए थे, उनके पेट के माइक्रोबायोम दूसरों से अलग हैं। इससे कोविड में जन्में बच्चों में पहले के बच्चों की तुलना में एलर्जी में कमी आई।

अध्ययन में पाया गया कि कोविड में पैदा हुए बच्चों में सिर्फ 5 फीसदी बच्चों को ही एलर्जी हुई, जबकि पहले ये दर लगभग चार गुना यानी 22.8 फीसदी थी। वहीं सिर्फ 17 फीसदी बच्चों को एक साल के अंदर किसी एंटीबायोटिक्स की जरूरत पड़ी। इससे पहले 1 साल तक 80 फीसदी बच्चों ने एंटीबायोटिक्स ली थी। मां के साथ पर्यावरण ने भी दिए एंटीबायोटिक गुणः गर्भवस्था में माताओं ने बच्चों को एंटीबायोटिक गुण दिए। बच्चों के जन्म के बाद उन्हें वातावरण से अतिरिक्त गुण मिले। लॉकडाउन के दौरान पर्यावरण में प्रदूषण कम होने से बच्चों में संक्रमण कम था क्योंकि वे कीटाणुओं-बैक्टीरिया के संपर्क में नहीं थे।